होली की शुभकामनाएं...
दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्ण तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, बुधवार, 04 मार्च 2026 | कृष्ण पक्ष-प्रतिपदा, | विक्रम संवत -2082 / वर्ष-15 अंक- 26 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

आज जो ये पूरी दुनिया तीसरे विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ी हो गई है उसका जिम्मेदार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ठहराया रहा है। कोई इसके लिए मरहूम खामेनेई को गुनाहगार बता रहा है। कोई फरमा रहा है कि इसके लिए इजराइल के प्रधानमंत्री बैंजामिन नेतन्याहू कसूरवार हैं?। कोई रूसी राष्ट्रपति पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग पर इल्जाम लगा रहा है।दरअसल ये सब निर्दोष हैं। इसका असली गुनाहगार है स्वीडन। जहां की नोबेल पुरस्कार कमेटी यदि डोनाल्ड ट्रंप को चुपचाप शांति का नोबेल पुरस्कार प्रदान कर देती तो कदाचित इतना बड़ा बखेड़ा खड़ा ही नहीं होता।

मिडिल ईस्ट में 'महायुद्ध' का अलर्ट! अमेरिका ने अपने नागरिकों को देश छोड़ने का दिया आदेश

आबूधाबी से रवि मांझी

अमेरिका ने मिडिल ईस्ट के कई देशों में रहने वाले अपने नागरिकों के लिए चेतावनी जारी की है, जो अभी अमेरिका इज़राइल-ईरान विवाद से प्रभावित हैं और उनसे 'गंभीर सुरक्षा जोखिमों' के कारण कमर्शियल तरीकों से तुरंत निकलने की अपील की है। स्टेट डिपार्टमेंट ने अमेरिकियों से बहरीन, कुवैत, मिस्र, लेबनान, ईरान, ओमान, इराक, कतर, इज़राइल, वेस्ट बैंक, और गाजा, सऊदी अरब, सीरिया, जॉर्डन, संयुक्त अरब अमीरात और यमन को छोड़ने की अपील की ।

जिन लोगों को कमर्शियल तरीकों से देश छोड़ने में अथॉरिटी की मदद की ज़रूरत है, उनके लिए स्टेट डिपार्टमेंट ने 24/7 लाइनें खुली रखी हैं, और

अमेरिकियों से +1-202-501-4444 (विदेश से) और +1-888-407-4747 (यूएस और कनाडा से) पर कॉल करने की अपील की है।

आज मंगलवार को, अधिकारियों ने नॉन-इमरजेंसी सरकारी स्टाफ और उनके परिवारों को कतर, कुवैत, बहरीन, इराक और जॉर्डन छोड़ने का आदेश दिया। ईरान के साथ तनाव बढ़ने पर उन्होंने इस इलाके में कई डिप्लोमैटिक मिशन भी बंद कर दिए। सऊदी अरब में यूएस मिशन 3 मार्च को ड्रोन हमले के बाद बंद कर दिया गया था, और जेद्दा, रियाद और धाहरान में अमेरिकियों को वहीं रहने के लिए कहा गया था। कुवैत में यूएस एम्बेसी ने घोषणा की कि वह अगली सूचना तक बंद रहेगी।

सभी रेगुलर और इमरजेंसी कॉन्सुलर अपॉइंटमेंट कैंसिल कर दिए गए हैं। इज़राइल में, यूएस एम्बेसी ने कहा कि वह उन अमेरिकियों को नहीं निकाल सकता या सीधे मदद नहीं कर सकता जो निकलना चाहते हैं। उसने नागरिकों को अपनी सुरक्षा का इंतज़ाम खुद करने की सलाह दी। ये कदम ऐसे समय में उठाए गए हैं जब यूनाइटेड स्टेट्स, इज़राइल और ईरान के बीच संघर्ष पूरे इलाके में फैल रहा है। इससे स डिप्लोमैटिक जगहों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है और मिलिट्री बेस तक गैर-ज़रूरी यात्रा पर रोक लगा दी गई है।

(रवि मांझी नवप्रदेश के स्तंभ लेखक हैं। अभी वे आबूधाबी में हैं। आबूधाबी से यह खबर उन्होंने भेजी है।)

ईरान की चेतावनी: होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों पर करेंगे हमला, इसी रास्ते भारत आता है 50 प्रतिशत तेल

ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट बंद किया

नई दिल्ली (ए.)। इजराइल-अमेरिका और ईरान के बीच जंग का आज चौथा दिन है। इस बीच ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा है कि उसने दुनिया की तेल आपूर्ति के लिए एक महत्वपूर्ण शिपिंग रुट, स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद कर दिया है। आईआरजीसी के एक अधिकारी ने सरकारी टीवी पर कहा कि अगर कोई जहाज इस रास्ते से गुजरने की कोशिश करेगा, तो उसे रोका जाएगा और निशाना बनाया जा सकता है। भारत का करीब 50% तेल स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते से आता है।

अमेरिका-इजरायल संग जंग के बीच ईरान ने घातक कदम उठाया है। ईरान ने अब चेतावनी देते हुए कहा कि होर्मुज स्ट्रेट (स्ट्रेट ऑफ होर्मुज) बंद है और वहां से गुजरने की कोशिश करने वाले किसी भी जहाज को नहीं छोड़ा जाएगा। ईरानी मीडिया के मुताबिक, ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने होर्मुज स्ट्रेट को बंद करने की घोषणा की है. इसने चेतावनी दी है कि अगर कोई जहाज वहां से गुज़रने की कोशिश करेगा तो उस पर हमला किया जाएगा। जहाज को आग के हवाले कर दिया जाएगा। रॉयटर्स की खबर के मुताबिक इस्लामिक रिवोल्यूशनरी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

ईरान की ऐतिहासिक 500 साल पुरानी विरासत 'गोलिस्तान पैलेस' पर इजराइल का हमला

मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष ने अब एक विनाशकारी मोड़ ले लिया है, जहां इजरायल और अमेरिका के साझा हमलों ने न केवल ईरान के सैन्य ठिकानों बल्कि उसकी 500 साल पुरानी सांस्कृतिक पहचान 'गोलिस्तान पैलेस' को भी निशाना बनाया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस युद्ध के अगले 4 से 5 हफ्तों में समाप्त होने का अनुमान लगाते हुए

चेतावनी दी है कि ईरान पर अब तक का सबसे बड़ा हमला होना अभी बाकी है। इजरायल ने तेहरान स्थित 500 साल पुराने ऐतिहासिक गोलिस्तान पैलेस को निशाना बनाया, जो यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल है। 16वीं सदी के इस महल का कुछ हिस्सा हमले में क्षतिग्रस्त हुआ है, हालांकि वहां रखी ऐतिहासिक वस्तुओं को पहले ही सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया था। यह महल सदियों तक ईरानी सत्ता का प्रमुख केंद्र और पर्यटकों का बड़ा आकर्षण रहा है।

खाद्य तेल और उर्वरक होंगे महंगे, शिपिंग कंपनियों ने कंटेनरों पर लगाया, 'युद्ध अधिभार'

पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच गहराते सैन्य संकट का सीधा असर अब भारतीय अर्थव्यवस्था और आम उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ने वाला है। इस अंतरराष्ट्रीय तनाव के कारण भारत के लिए आवश्यक खाद्य तेल और खेती के लिए जरूरी उर्वरकों के आयात में बड़ी रुकावट आने की आशंका पैदा हो गई है। हालात की गंभीरता को भुनाते हुए कई अंतरराष्ट्रीय शिपिंग कंपनियों ने पश्चिम एशिया के रास्ते गुजरने वाले मालवाहक पोतों पर भारी 'युद्ध अधिभार' लगाना शुरू कर दिया है, जिससे माल ढुलाई और बीमा की लागत बेतहाशा बढ़ गई है। उद्योग संगठनों को डर है कि जल्द ही भारत में इन जरूरी चीजों की कीमतों में भारी उछाल आ सकता है।

डोमाल्ड ट्रंप की चार हफ्ते की डेडलाइन, 'विनाशकारी' योजना की बना रहे प्लान

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस से जारी बयान में कहा कि ईरान के खिलाफ अभियान अपने शेड्यूल से आगे चल रहा है और अगले 4 से 5 हफ्तों में यह जंग पूरी हो सकती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह हमेशा से एक छोटी प्रक्रिया थी और जरूरत पड़ने पर इसे और तेज किया जाएगा। ट्रंप ने अमेरिकी नागरिकों को तुरंत मिडिल ईस्ट छोड़ने की सलाह देते हुए कहा कि वहां अभी और बड़े हमले होने शेष हैं।

खामेनेई के बाद अब उनकी पत्नी मंसूरेह की भी मौत

ईरान के लिए यह समय दोहरे झटके वाला साबित हो रहा है। सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत के ठीक दो दिन बाद, उनकी पत्नी मंसूरेह खोज़स्तेह बघेरजादेह का भी सोमवार को निधन हो गया है। ईरान की सरकारी मीडिया ने पुष्टि की है कि दो दिन पहले अमेरिका और इजराइल के जिस भीषण हमले में खामेनेई मारे गए थे, उसी हमले में मंसूरेह भी गंभीर रूप से घायल हुई थीं।

ईरान-इजराइल में फंसे छत्तीसगढ़ के 54 लोग

■ **रायपुर से अबूधाबी और दुबई जाने वाले 250 से ज्यादा लोगों ने टिकट कैंसिल कराई**

रायपुर/नवप्रदेश। ईरान और इजराइल युद्ध की वजह से रायपुर समेत कई शहरों के 250 से 300 लोगों ने त्योहार के समय बाहर घूमने के लिए कराई टिकटें कैंसिल करवा दी है। इनमें से अधिकतर लोग 2 और 3 मार्च को अबूधाबी और दुबई के लिए उड़ान भरते। लेकिन इससे पहले ही फ्लाइट के कैंसिल होने का सिलसिला शुरू हो गया। अब लोग डर की वजह से भी ग्रुप और सिंगल टिकट रद्द करवा रहे हैं।

शहर के टूर एंड ट्रैवल्स वालों के अनुसार अबूधाबी और दुबई में छत्तीसगढ़ के 54 लोग फंसे हैं। इनमें रायपुर से 12 से 14 लोग शामिल हैं। ये एयरपोर्ट के साथ ही इन शहरों के होटलों में रुके हुए हैं। हालांकि अभी तक किसी को भी बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। लेकिन तय फ्लाइट से अभी तक वापस नहीं आने की वजह से उनके परिवार वाले घबराए हुए हैं।

रोज 12 घंटे नेटवर्क बंद, ग्रुप में बाहर निकलना मना: दुबई में फंसे राजधानी के भार्गव व्यास ने बताया कि मुझे दुबई एयरपोर्ट में 48 घंटे से ज्यादा हो गए हैं। यह हर दिन से 10 से 12 घंटे तक इंटरनेट बंद हो जा रहा है। मोबाइल का नेटवर्क भी रह-रहकर भी काम कर रहा है। एयरपोर्ट में अंदर होने के बावजूद कई बार धमाके की आवाज आती है। हम 28 फरवरी को उड़ान भरने वाले थे, लेकिन अचानक फ्लाइट कैंसिल कर दी गई है। बाहर जाने पर दिखता है सारे पर्यटन स्थल सूने हैं। बेहद जरूरी काम होता है तभी लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं। हमारी फ्लाइट कब उड़ान भरेगी कोई भी कुछ नहीं बता पा रहा है। यहां ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अबूधाबी जाने एयरपोर्ट पहुंच गया था, पर बेटे ने रोक दिया

रायपुर के एसएन श्रीवास्तव के बेटे श्रेयान अबूधाबी में एयरपोर्ट के पास रहते हैं। वे अबूधाबी जाने वाले थे। उनकी बेंगलुरु से फ्लाइट से थी। वे वहां परिवार के कुछ काम से गए थे, तभी जंग छिड़ गई। बेटे ने फोन कर बताया कि अबूधाबी एयरपोर्ट के पास से लगातार धुआं निकल रहा है। अभी एयरपोर्ट मत जाना। इसके बाद बेटे ने ही आने से रोक दिया।

न्यूज गैलरी

पिता को मारकर पानी टंकी में डाला शव

सरगुजा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में बेटे ने कुल्हाड़ी से हमला कर पिता की हत्या कर दी। उसके बाद शव को पानी के टंकी में डाल दिया। 2 मार्च की रात मर्डर करने के बाद आरोपी दुकान पर जाकर बिरयानी खाया और घर आकर कंबल ओढ़कर सो गया। पड़ोसियों को भनक लगने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को टंकी से बाहर निकलवाया। आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है।

छत्तीसगढ़ में 6 थानों को विशेष अधिकार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में बड़ा प्रशासनिक निर्णय लेते हुए प्रदेश के 6 पुलिस थानों को विशेष रूप से अधिसूचित किया है। राजपत्र में प्रकाशित आदेश के अनुसार, ये थाने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत दर्ज मामलों की जांच अपने-अपने पूरे जिले में करेंगे।

होली पर्व की शुभकामनाएं

नवप्रदेश परिवार की ओर से समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को होली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। रंगों का यह त्यौहार आपके जीवन में खुशहाली लाए।

संपादक

अवकाश सूचना

होली के पावन पर्व पर 4 मार्च को दैनिक नवप्रदेश के प्रेस एवं कार्यालय में अवकाश रहेगा। देश विदेश की खबरों से अपडेट रहने के लिए नवप्रदेश डाट कॉम देखें।

प्रबंध संपादक

राज्यसभा के लिए लक्ष्मी वर्मा भाजपा उमीदवार

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ से राज्यसभा के लिए पार्टी प्रत्याशी के तौर पर लक्ष्मी वर्मा का चयन किया है। बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र की सक्रिय भाजपा महिला नेत्री लक्ष्मी वर्मा वर्तमान में पार्टी की उपाध्यक्ष होने के साथ-साथ छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य भी हैं। भाजपा ने इस घोषणा के साथ ओबीसी वर्ग को साधने की कोशिश की है।

लक्ष्मी वर्मा की सक्रियता की वजह से वर्ष 2023 में विधानसभा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

लक्ष्मी वर्मा का राजनीतिक सफर

बलौदाबाजार जिले के सिमगा ब्लॉक के ग्राम मुड़पार की निवासी का राजनीतिक सफर बहुत लंबा है। वर्ष 1990 से भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्य हैं। दशकभर तक कार्यकर्ता के तौर पर उनकी सेवा को देखते हुए 2000 में उन्हें रायपुर सांसद रहे रमेश बैस का सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया गया। अगले ही साल 2001 में उन्हें भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा कार्य समिति की सदस्य चुना गया। 2010 में उन्हें भारतीय जनता पार्टी पंचायती राज प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय कार्य समिति (2010 से 2014 तक) के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा कार्य समिति का सदस्य (2010 से 2022 तक) नियुक्ति किया गया। उनके कार्यों को ध्यान में रखते हुए उन्हें पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश उपाध्यक्ष (2021 से 2025 तक) नियुक्त किया।

रायपुर जिला पंचायत की अध्यक्ष रह चुकी

लक्ष्मी वर्मा 1994 में रायपुर नगर पालिका निगम में वार्ड नं. 07 से पार्षद निर्वाचित हुईं। 2010 में रायपुर जिला पंचायत की अध्यक्ष निर्वाचित हुईं। 2019 में एफएसएनएल स्टील मिनिस्ट्री गवर्नमेंट ऑफ इंडिया में स्वतंत्र निदेशक के तौर पर काम किया। वहीं 7 अक्टूबर 2024 से छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य संवैधानिक पद संभाल रही हैं।

31 मार्च से पहले नक्सलियों पर निर्णायक प्रहार की रणनीति तय

■ **डीजीपी अरुण देव गौतम की बस्तर में हाई-लेवल बैठक**

जगदलपुर/नवप्रदेश। देश में नक्सलवाद के खात्मे की तय समयसीमा 31 मार्च नजदीक आते ही छत्तीसगढ़ पुलिस ने रणनीतिक दबाव बढ़ा दिया है। इसी कड़ी में दंतेवाड़ा के कारली पुलिस लाइन में बस्तर संभाग स्तर की हाई-लेवल बैठक आयोजित की गई, जहां जमीनी हालात के

आधार पर ऑपरेशनों की री-डिज़ाइन पर फोकस रहा।

बैठक की अध्यक्षता डीजीपी अरुण देव गौतम ने की। चार घंटे चली समीक्षा में नक्सल विरोधी अभियानों की वर्तमान स्थिति, इंटेलिजेंस इनपुट, संवेदनशील इलाकों की पहचान और टार्गेटेड एक्शन प्लान पर निर्णय लिया गया। सूत्रों के मुताबिक, अब प्राथमिकता फील्ड-आधारित कार्रवाई, त्वरित समन्वय और शेष प्रभाव वाले क्षेत्रों में कंसन्ट्रेटेड ऑपरेशन पर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

ग्राम पंचायत टेहका ऐसा गांव जहां कई वर्षों से नहीं जली होली

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर से 5 किलोमीटर दूरी पर स्थित ग्राम टेहका गांव जहां पिछले कई सालों से होलिका दहन नहीं होता है। यहां के सियान, बुजुर्ग, पूर्वजों, का कहना है कि जब-जब यहां होली जलाई गई थी तब तब गांव में अनहोनी घटना हो जाती थी एवं देवी शक्ति का प्रकोप,प्रभाव के कारण कई प्रकार की महामारी बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है। कई वर्षों पहले यहा होली में महामारी बीमारी फैल गई थी, बाद में इस बीमारी को रोकने के लिए बैगा -बैगिन को बुलाकर पूजा अर्चना की ,एवं उसकी प्रतिमा स्थापित किया गया जिसकी आज भी पूजा होती है . तब से इस गांव में आज तक महा मारी नहीं आई।और उस दिन से यहां लोगों ने होली जलाने से इनकार कर दिया। यहां केवल रंग गुलाल, पिचकारी से ही,बच्चे ,जवान बुजुर्ग होली खेलते हैं। वही गांव के 70 वर्षीय बुजुर्ग लखन साहू , शाखाराम साहू एवं एवं साहू समाज के उपाध्यक्ष समाजसेवी नंद कुमार साहू ने बताया देवी शक्ति प्रभाव के कारण इस गांव में ना ही होली जलती है ,आर ना ही किसी भी प्रकार का गांव में कोई, बाजार लगता है।

सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला: भुगतने होंगे गंभीर नतीजे, 'निर्णय की गलती' या मानवीय भूल नहीं माना जाएगा

एआई से बने फर्जी फैसलों का इस्तेमाल माना जाएगा 'गंभीर न्यायिक दुराचार'

नई दिल्ली (ए.)। भारतीय न्यायपालिका में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते दुरुपयोग पर सुप्रीम कोर्ट ने बेहद सख्त रुख अपनाया है। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि अदालत में एआई द्वारा तैयार किए गए फर्जी या काल्पनिक फैसलों का इस्तेमाल अब केवल 'निर्णय की गलती' या मानवीय भूल नहीं माना जाएगा, बल्कि इसे सीधे तौर पर गंभीर 'न्यायिक दुराचार' की श्रेणी में रखा जाएगा। न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और आलोक आराधे की पीठ ने इस गंभीर मामले का संज्ञान लेते हुए अटॉर्नी जनरल, सॉलिसिटर जनरल और बार ■ शेष पृष्ठ 8 पर

वकीलों की मनमानी पर भी कोर्ट सख्त: एआई का यह सिरदर्द सिर्फ निचली अदालतों के जजों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि कई वकील भी याचिकाएं ड्राफ्ट करने के लिए इसका अंधाधुंध इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे शीर्ष अदालत बेहद नाराज है। हाल ही में 17 फरवरी को मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने एक अलग मामले की सुनवाई के दौरान वकीलों द्वारा 'मर्सी बनाम मैनकाइंड' जैसे पूरी तरह से फर्जी केसों का हवाला देने पर गहरी चिंता जताई थी।

न्याय प्रणाली की साख पर सवाल

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान को अदालत की सहायता के लिए नियुक्त किया है। पीठ ने स्पष्ट किया कि यह मुद्दा केवल किसी एक केस के फैसले तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरी न्याय वितरण प्रणाली की साख पर सीधा प्रहार करता है। अदालत ने चिंता जताई है कि जहां एआई का उपयोग आधिकारिक तौर पर स्वीकृत नहीं है, वहां भी इसका चलन तेजी से बढ़ रहा है, जो कानूनी प्रक्रिया की गरिमा को भारी नुकसान पहुंचा रहा है। शीर्ष अदालत अब यह तय करेगी कि एआई निर्मित गैर-मौजूद फैसलों के उपयोग के क्या परिणाम होंगे और इसके लिए किसकी जवाबदेही तय की जाएगी। मामले की अगली सुनवाई 10 मार्च के लिए तय की गई है।

होली त्योहार मनाने जा रहे पति-पत्नी समेत 6 की मौत

■ **यमुना एक्सप्रेस-वे पर बस-कार की टक्कर, उछलकर 10 फीट दूर गिरी गाड़ी**

हाथरस (ए.)। उत्तर प्रदेश के हाथरस में यमुना एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार तड़के डबल डेकर बस ने चलती ईको वैन को पीछे टक्कर मार दी। हादसे में पति-पत्नी समेत 6 लोगों की मौत हो गई, 7 लोग घायल हो गए। मृतकों में 3 आगरा और 3 राजस्थान के धौलपुर के रहने वाले थे। होली के लिए घर जा रहे थे।

बस दिल्ली से गोरखपुर, जबकि वैन दिल्ली से धौलपुर जा रही थी। ओवरटेक करने की कोशिश करते वक्त टक्कर हुई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन उछलकर 10 फीट दूर गिरी। उसका पिछला हिस्सा चकनाचूर हो गया। गनीमत रही कि बस सवार यात्रियों को चोट नहीं आई। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। सड़क पर लाशें बिछ गईं। एक्सप्रेस-वे पर जाम लग गया। सूचना मिलते ही पुलिस अफसर पहुंचे। घायलों को तत्काल खंदौली सीएचसी भिजवाया। जहां से तीन को आगरा रेफर कर दिया।

न्यूज गैलरी

आदित्य सेठी सीए बने सिख समाज में हर्ष

भाटापारा/नवप्रदेश। सिख समाज के होनहार युवा आदित्य सेठी, पिता सुशील सेठी ने सी ए (चार्टर्ड अकाउंटेंट) की परीक्षा उत्तीर्ण कर समाज का नाम रोशन किया है। जो समाज के लिए गौरवशाली क्षण है, जब भाटापारा सिख समाज के युवा ने इ परीक्षा में सफलता प्राप्त कर समाज के लिए नया इतिहास रचा है। आदित्य सेठी की इस उपलब्धि से पूरे सेठी परिवार में भी हर्ष और उत्साह का वातावरण है। यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प एवं परिवार के मार्गदर्शन का प्रतिफल है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में आदित्य सेठी विश्व की प्रतिष्ठित बड़ी 4 कंपनियों में से एक पी डब्ल्यू सी में कार्यरत हैं। सिख समाज के पदाधिकारियों एवं प्रमुख जनों हरिश सेठी, प्रेम सेठी, कमल सेठी, अशोक सेठी, गुरु सेठी, दीपक सेठी, विवेक सेठी, आयुष सेठी, संदीप सेठी, गुरु सिंह सभा अध्यक्ष सरदार मनमहेंद्र चावला, गुलशन सचदेव, सरदार भाग सिंह सलूजा, संरक्षक बलवंत सिंह सलूजा, अमरजीत सलूजा (प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ सिख संगठन), सचिव राजा गुंबर, हर भगवान गुंबर, विजय आनंद, जोंटी गुंबर, कुलवंत गुंबर, बंटी अरुण छाबड़ा, सतीश राजपाल, गुरमीत गुंबर, मनेन्द्र सिंह गुंबर, मनजीत सिंह सप्पल, बेअंत सिंह खालसा, सहज गुंबर सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिकों ने उसे बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

पशुधन विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी खेवेन्द्र कुमार निषाद को अंतिम नोटिस

बालोद/नवप्रदेश। जिले के पशुधन विकास विभाग अंतर्गत पशु औषधालय आमाडुला में पदस्थ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी खेवेन्द्र कुमार निषाद (परिचारक) को लंबे समय से अनाधिकृत रूप से ड्यूटी में अनुपस्थित होने के कारण अंतिम कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाये ने बताया कि संबंधित कर्मचारी 03 नवंबर 2025 से आज दिनाँक तक बिना किसी पूर्व सूचना के शासकीय सेवा से अनुपस्थित हैं। इससे पूर्व भी वे 04 नवंबर 2024 से 17 सितंबर 2025 तक अनुपस्थित थे, जिस पर विभाग द्वारा समय-समय पर नोटिस जारी किए गए थे। उन्होंने बताया कि 14 जनवरी 2026 को आयोजित विभागीय समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार समाचार पत्रों के माध्यम से अंतिम सूचना प्रकाशित की गई है। संबंधित कर्मचारी को निर्देशित किया गया है कि वे 01 माह के भीतर अनुपस्थिति का ठोस कारण बताते हुए कार्य पर उपस्थित हों। समयावधि में उपस्थित नहीं होने पर छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के प्रावधानों के तहत उनके विरुद्ध एकतरफा कार्रवाई की जाएगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी कर्मचारी की होगी।

जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल ने परीक्षा केंद्रों का किया गया औचक निरीक्षण

बालोद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं के मुख्य परीक्षा 2026 अंतर्गत आज जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक सरस्वती शिशु मंदिर दल्ली राजहरा, सेजेस नया बाजार दल्ली राजहरा, सेजेस खलारी एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुजरा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। आज कक्षा 12वीं का गणित विषय का प्रश्नपत्र आयोजित किया गया था। निरीक्षण के दौरान किसी भी परीक्षा केंद्र में नकल का कोई प्रकरण नहीं पाया गया। सभी केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संचालित होती पाई गई। जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल में जिला शिक्षा अधिकारी मती मधुलिका तिवारी, सहायक परियोजना समन्वयक जिला परियोजना कार्यालय लेख राम साहू, जिला खेल समन्वयक सपन जेना, व्यायाम शिक्षक सुरेश शांडिल्य एवं आदिला खान शामिल रहे।

अधिवक्ता संघ भाटापारा का चुनाव 13 मार्च को

भाटापारा/नवप्रदेश। अधिवक्ता संघ का द्विवार्षिक चुनाव 13 मार्च को होगा,उक्ताशय का निर्णय सामान्य सभा की बैठक में लिया गया,वही इस चुनाव को सम्पन्न कराने अधिवक्ता मोहन केसरवानी को मुख्य चुनाव अधिकारी एवं कैलाश यादव व हेमंत साहू को सहायक चुनाव अधिकारी सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया है। अधिवक्ता संघ भाटापारा के अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन दिनांक 28 फरवरी 2026 को प्रकाशित किया जा चुका है। उक्त निर्वाचन में अधिवक्ता संघ भाटापारा के कुल 159 सदस्य अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए विभिन्न पदाधिकारी का चयन करेंगे, जिसमे अध्यक्ष,सचिव,उपाध्यक्ष,महिला उपाध्यक्ष, सह सचिव, महिला सह सचिव, कोषाध्यक्ष,मीडिया प्रभारी, पुस्तकालय प्रभारी, क्रीड़ा प्रभारी एवं सांस्कृतिक प्रभारी के पद हेतु निर्वाचन कार्य संपन्न कराया जाएगा। उक्त निर्वाचन प्रक्रिया में दिनांक 02 मार्च 2026 को नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि तथा दिनांक 03 मार्च 2026 को दावा आपत्ति तथा नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। नाम वापसी के बाद दिनांक 03 मार्च को ही उपरोक्त पदों के प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। सभी अधिवक्ता प्रत्याशी आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए अपना अपना प्रचार प्रसार कर सकेंगे। सभी अधिवक्ताओं में उक्त मतदान को लेकर भारी उत्साह का माहौल है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मोहनलाल केसरवानी ने सभी अधिवक्ताओं से अपील की है कि सभी अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए मतदान प्रक्रिया में आवश्यक रूप से सम्मिलित होवे।

नशे की होलिका दहन कर दिया गया जागरुकता का संदेश

मोहला/नवप्रदेश। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति के मार्गदर्शन में नशामुक्ति केंद्र मोहला द्वारा होलिका दहन के पावन अवसर पर नशे की होलिका दहन कार्यक्रम आयोजित कर एक नई सामाजिक पहल की शुरुआत की गई। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित इस अभिनव कार्यक्रम में पारंपरिक होलिका दहन को सामाजिक चेतना से जोड़ते हुए गुटखा, शराब, सिगरेट, तंबाकू सहित विभिन्न नशे की सामग्रियों का प्रतीकात्मक दहन किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य केवल प्रतीकात्मक आयोजन तक सीमित न रहकर समाज, विशेषकर युवाओं में व्यसन त्याग की दृढ़ प्रेरणा उत्पन्न करना था। आयोजन में विभागीय अधिकारी-कर्मचारी, नशामुक्ति केंद्र मोहला के हितग्राही एवं कर्मचारी सक्रिय रूप से सहभागी बने। इस अवसर पर सहायक संचालक समाज कल्याण विभाग द्वारा उपस्थित जनसमूह को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

संवाद और समन्वय से जिले में विकास कार्य को और मिलेगी गति: कलेक्टर

■ योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचायी जाएगी :कलेक्टर कुलदीप शर्मा

भाटापारा/नवप्रदेश। जिले के नये कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सोमवार को संयुक्त जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता ली। उन्होंने जिले में कलेक्टर के रूप में पदस्थ होने पर गर्व होने की बात कही तथा संवाद और समन्वय से जिले में विकास को गति देने व योजनाओं का लाभ हर पात्र हितग्राही तक पहुंचाने पर जोर दिया।

कलेक्टर शर्मा ने कहा कि बलौदाबाजार -भाटापारा जिला धार्मिक,सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहर से परिपूर्ण होने के साथ ही कृषि एवं औद्योगिक क्षेत्र में भी अग्रणी है। पर्यटन की भी बहुत अच्छी संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि जिले में कानून-व्यवस्था के साथ ही शांति और सौहार्द बनाए रखने में सबका सहयोग जरुरी है। अधोसंरचना विकास के साथ ही विभिन्न योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है।कृषि एवं उद्योगों में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की पहल की जाएगी।

उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के इण्डिकेटर में बेहतर कार्य से राज्य में अग्रणी जिला बनाने का प्रयास होगा।कलेक्टर ने कहा कि लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण के लिये पूर्व की भांति जनदर्शन कार्यक्रम में लोगों की समस्या सुनी जाएगी। इसके साथ ही समय -समय पर कार्यालय में भी मुलाकात कर सकते हैं।इस दौरान पत्रकारों द्वारा उठाए गए समस्याओं एवं सुझाओं को गंभीरता से लेते हुए जांच उपरांत कार्यवाही करने का आश्वासन दिये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर दीप्ति गौते एसडीएम प्रकाश कोरी सहित बड़ी संख्या में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बजट से प्रदेश के आर्थिक विकास को मिलेगी नई गति: सांसद संतोष

■ सांसद संतोष पाण्डेय व भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने ली प्रेस वार्ता

भाटापारा/नवप्रदेश। भाजपा कार्यालय भाटापारा में वित्त वर्ष प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को लेकर प्रेसवार्ता आयोजित की गई। छत्तीसगढ़ विधानसभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने डबल इंजन भाजपा सरकार के तीसरे कार्यकाल का बजट रखा। इस वर्ष बजट का मूल उद्देश्य संकल्प यानी स - समावेशी विकास,-अधोसंरचना, ह-निवेश, च-कुशल मानव संसाधन, -अंत्योदय, व लाइवलीहुड और क्लस्टरि से परिणाम तक रहा। उक्त बाते प्रेसवार्ता को सम्बोधित कर राजनांदगाव सांसद संतोष पाण्डेय ने कही। संतोष पाण्डेय ने कहा की अपने उद्देश्य के अनुरूप इस बजट में महिला, युवा, किसान, मध्यमवर्ग के हितों के साथ ही प्रदेश की आर्थिक प्रगति, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि जैसे क्षेत्रों के भी विकास की झलक देखने को मिली। खासकर बस्तर एवं सरगुजा और आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों निवासरत परिवारों और वहां पर्यटन के विस्तार से लेकर स्थानीय निवासियों के सशक्तिकरण के लिए भी बजट में विशेष प्रावधान किये गए।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने भी प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास और जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के साथ ही विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के संकल्प को गति देने हेतु यह बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास, जनकल्याण और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने वाला दूरदर्शी एवं जनहितैषी बजट है। यह बजट प्रदेश की 3 करोड़ जनता की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब है। इस बजट में कृषि एवं ग्रामीण विकास के लिए विशेष प्रावधान कर अन्नदाता को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य किया गया है। साथ ही अधोसंरचना, सड़कों, सिंचाई, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक निवेश कर विकास की गति को और तेज करने का संकल्प लिया गया है।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आनंद यादव,अनु.जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सनम जाँगड़े, भाजपा नेता राकेश तिवारी, महामंत्री कृष्णा अवस्थी , नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सुनील यदु, प्रदेश मंत्री पि.मोर्चा आशीष जायसवाल, जिला अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा महावल बघेल, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष योगेश अनंत, महामंत्री उमाशंकर वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, पार्षद सतीश साहू सहित प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मिडिया के पत्रकारगण उपस्थित रहे।

बिना किसी अवरोध के शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित हो त्योहार : सीईओ चंद्रवंशी

■ समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी ने प्रेम, भाईचारा, आपसी सद्भावना एवं रंगों का पर्व होली त्योहार का बालोद जिले में निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण ढंग से आयोजन सुनिश्चित करने हेतु पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

चंद्रवंशी आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिले में होली त्योहार बिना किसी अवरोध के सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। इसके लिए उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को पूरे समय मुस्तैद रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा। जिससे कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार के अप्रिय स्थिति निर्मित होने के पूर्व उसकी रोकथाम सुनिश्चित की जा सके।

बैठक में चंद्रवंशी ने समय-सीमा के प्रकरणों की निराकरण की स्थिति की विभागवार समीक्षा भी की। बैठक में अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, अजय किशोर लकरा, नूतन कंवर एवं संयुक्त कलेक्टर मती मधुर्रा सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

फूलझर गांव में पृथ्वीम फाउंडेशन द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

■ सामाजिक उत्थान के कार्यों में पृथ्वीम फाउंडेशन की अहम भूमिका: योगिता सिन्हा

राजिम/नवप्रदेश। छुरा विकासखंड के ग्राम फूलझर में पृथ्वीम फाउंडेशन द्वारा अध्यक्ष योगिता सिन्हा के नेतृत्व में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में आसपास गांव के ग्रामीणों में आंख जांच, दांत जांच, महिला रोग एवं होम्योपैथी जांच करवाया। विशाल मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर में 100 से अधिक ग्रामवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। बता दे कि पृथ्वीम फाउंडेशन समाजसेवी संस्थान द्वारा एक वर्ष से गरियाबंद एवं रायपुर जिले में स्वास्थ्य शिविर, होली के अवसर में स्लम बस्तियों में रंग-गुलाल-पिचकारी वितरण, दिवाली में पटाखे वितरण एवं शिक्षा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। सामाजिक चेतना एवं महिला उत्थान के लिए पृथ्वीम फाउंडेशन ने कई रचनात्मक एवं प्रशंसनीय कार्य किए है। जिसका प्रत्यक्ष लाभ अंचल के वंचित एवं जरूरतमंद लोगों को मिल रहा है। कार्यक्रम में फूलझर, धूरसा, मुरमुरा एवं झझरा के सरपंच, पंच एवं ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा। स्वास्थ्य शिविर का आयोजन पृथ्वीम फाउंडेशन व रोटरी क्लब के चिकित्सकों के सहयोग से आयोजित की। शिविर के आयोजन में रुचि सेठ, सविता गोस्वामी, सोनल महाडिक, अनुराधा सारडा की विशेष सहभागिता रही।

13 दिव्यांगों को मिली बैटरी चलित ट्राय सायकल

■ ट्राय सायकल पाकर प्रसन्नचित हुए दिव्यांगजन

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर मती दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने आज कलेक्टर जनदर्शन में चलने-फिरने में हो रही असुविधा के कारण ट्राय सायकल की मांग लेकर पहुँचे 13 दिव्यांगजनों को बैटरी चलित ट्राय सायकल प्रदान किया।

इस दौरान ग्राम रेंगई के दिव्यांग जीवनलाल, ग्राम कुम्हली के दिलीप कुमार, ग्राम कलेवाड़ी के गजानंद साहू, दल्लीराजहरा के संजू विश्वकर्मा, खेमिन, सावित्री साहू, लीला साहू, ग्राम बघमरा के झमित पटेल, ग्राम सोहपुर की लता साहू, ग्राम परसाडीह के मुकेश कुमार, ग्राम सिवनी के हिरमोतिन निषाद, ग्राम सिकोसा के पीला साहू एवं ग्राम खुंदेरी के पुसऊराम साहू को बैटरी चलित ट्राय सायकल प्रदान किया। इस दौरान सीईओ चंद्रवंशी ने दिव्यांगजनों से उनका कुशलक्षेम पूछा और नया ट्राय सायकल मिलने पर उन्हें शुभकामनाएं दी। दिव्यांगजनजनों ने कलेक्टर मती दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु जनदर्शन में पहुँचने वाले लोगों के समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु जिला प्रशासन की बेहतर व्यवस्था की भूरि-भूरि सराहना की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक एवं अजय किशोर लकरा, संयुक्त कलेक्टर मती मधुर्रा, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक अजय गेडाम सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

कबीरधाम जिले के 184 पंचायतों को बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत घोषित करने की प्रक्रिया शुरू

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले में बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय घोषित करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। 09 मार्च 2025 के तहत जारी दिशा निर्देशों के अनुसार ऐसी ग्राम पंचायते एवं नगरीय निकाय जहा विगत दो वर्षों में किसी भी प्रकार का बाल विवाह का प्रकरण दर्ज नहीं हुआ है उन्हें बाल विवाह मुक्त पंचायत, नगरीय निकाय घोषित किया जाएगा। जिले के कुल 468 ग्राम पंचायतों में से 184 ग्राम पंचायतों से बाल विवाह मुक्त पंचायत घोषित करने के लिए अनुशंसा प्राप्त हुए है, जिनमें यह प्रमाणित किया गया है कि विगत दो वर्षों में किसी भी बाल विवाह का मामला संज्ञान में नही आया है। इन ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत घोषित किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। बाल विवाह मुक्त घोषित किये जाने वाले ग्राम पंचायतों की सूची कार्यालय कलेक्टर कार्यालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना कवर्धा, दशरंगपुर, स.लोहारा, पंडरिया, कुण्डा, कुकदूर, बोड़ला, चिल्फी, तरेगांव जंगल में प्रदर्शित की गई है,

शहर के विभिन्न वार्डों में फाग महोत्सव: महापौर मधुसूदन हुए शामिल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगाँव महापौर मधुसूदन यादव ने शहर के विभिन्न वार्ड में आयोजित फग महोत्सव में शामिल होकर जनता एवं वार्डवासियों का उत्साहवर्धन किया एवं उनकी खुशियों बाँटी। अपनी व्यस्त दिनचर्या में से समय निकालकर महापौर मोतीपुर, नया ढाबा, बजरंगपुर नवागाँव, शंकरनगर के फग महोत्सव के आयोजन में उपस्थित रहे। इस दौरान महापौर ने लोगों को होली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएँ दी और जनता ने भी महापौर मधुसूदन को रंग गुलाल लगाकर एवं फूलमाला पहनाकर अपने वार्डों में आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान महापौर मधुसूदन ने शहर में विभिन्न वार्डों में विकास एवं निर्माण कार्यों की घोषणा करते हुए शहर के विकास के लिये मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, छ.ग. विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगाँव विधायक डॉ० रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव, शिक्षा मंत्री एवं प्रभारी मंत्री राजनांदगाँव गजेन्द्र यादव सहित राजनांदगाँव

सांसद संतोष पाण्डेय का आभार व्यक्त किया। इस दौरान महापौर ने जनता से शहर में, अपने वार्ड, पारा-मोहल्ला एवं मार्गो पर स्वच्छता बनाये रखने, सार्वजनिक स्थान पर कचरा फेंकने से बचने एवं सूखा तथा गीला कचरा के समुचित निष्पादन हेतु अलग-अलग डस्टबीन का उपयोग करने का भी अनुरोध किया। महापौर सबसे पहले प्रयागराज धाम, आजादचौक मोतीपुर में आयोजित दो दिवसीय फग महोत्सव में शामिल हुए जहाँ आयोजन समिति रोहित यादव, आकाश यादव, प्रवीण यादव, अजय यादव, सूरज साहू, राकेश देवांगन, विनय वर्मा, गोपाल साहू, रिंकू जंघेल, सुदेश नामदेवे, लल्ला वैध एवं साथियों ने महापौर का जोरदार स्वागत किया।

सौगात: विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने दिलाई 10 करोड़ 38 लाख रुपए की स्वीकृति

विकास कार्यों से बदलेगी गांवों की तस्वीर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विधानसभा अध्यक्ष व क्षेत्रीय विधायक डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव जिले के विकास कार्यों के लिये सतत प्रयत्नशील है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि के लिये राशि में से प्रावधानित राशि 10 करोड़ 38 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई। इस हेतु माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं मान. मंत्री टंकराम वर्मा अधोसंरचना एवं पर्यावरण उपकर निधि द्वारा क्षेत्रीय आवश्यकताओं एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए डॉ. रमन सिंह द्वारा भेजे गये प्रस्ताव पर अमल करते हुए स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसके अनुसार राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र में निर्माण/विकास कार्य निम्नानुसार है-

ग्राम बांकल में सी.सी.रोड रोड निर्माण हेतु 7.80 लाख रूपये, सी.सी.रोड निर्माण ग्राम बरगा हेतु 5.20 लाख, ग्राम रीवागहन में सी.सी.रोड निर्माण हेतु 7.80 लाख, सी.सी.रोड निर्माण ग्राम बांकल हेतु 10 लाख रुपये, ग्राम खेली में सी.सी.रोड निर्माण हेतु 5 लाख, सी.सी.रोड निर्माण ग्राम तोरणकट्टा हेतु 7.20 लाख, ग्राम मनकी में सी.सी.रोड निर्माण हेतु 10 लाख, सी.सी.रोड निर्माण ग्राम गठुला हेतु 10 लाख, ग्राम डिलापहरी में सी.सी.रोड निर्माण

हेतु 7.80 लाख, सी.सी.रोड निर्माण ग्राम बरगाही हेतु 10 लाख, ग्राम धामनसरा में सी.सी.रोड निर्माण हेतु 7.80 लाख, सी.सी.रोड निर्माण ग्राम सिंघोला हेतु 10.40 लाख, ग्राम कोपेडीह में सी.सी.रोड निर्माण हेतु 5.20 लाख, सी.सी.रोड निर्माण ग्राम ठेकवा हेतु 5.20 लाख, ग्राम मौहाभाठा में सी.सी.रोड निर्माण हेतु 5.20 लाख, सी.सी.रोड निर्माण ग्राम सांकरा हेतु 5.20 लाख, ग्राम मगरलोटा में सी.सी. रोड निर्माण हेतु 7.80 लाख, सी.सी.रोड निर्माण ग्राम कोटरा हेतु 5.20 लाख, ग्राम मलपुरी में सी.सी.रोड निर्माण हेतु 5.20 लाख, सी.सी.रोड निर्माण ग्राम मुड़पार हेतु 10.40 लाख, ग्राम सांकरा में सी.सी.रोड निर्माण हेतु 5.20 लाख, सी.सी.रोड निर्माण ग्राम सुरगी हेतु 5.20 लाख, ग्राम कोटराभांठा में सी.सी.रोड निर्माण हेतु 5.20 लाख, सी.सी.रोड निर्माण ग्राम बेलटिकरी हेतु 5.20 लाख, ग्राम कुम्हालोरी में सी.सी.रोड निर्माण हेतु 5.20 लाख, भोथीपार खुर्द में सर्वसामुदायिक भवन निर्माण हेतु 20 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण ग्राम जंगलेसर हेतु 5 लाख, ग्राम भानपुरी में सर्व सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 10 लाख, सर्व सामुदायिक भवन निर्माण ग्राम खैरा हेतु 4 लाख, ग्राम अचानकपुर भांठापारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 10 लाख, सर्व सामुदायिक भवन निर्माण ग्राम पारीकला हेतु 10 लाख, ग्राम आलीखूंटा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 10 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण ग्राम डीलापहरी हेतु 10 लाख, ग्राम बागतराई में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 10 लाख, स्वीकृत की गई।

तेंदूपत्ता बूटाकटाई कार्यशाला मानपुर में आयोजित

मोहला/नवप्रदेश। मानपुर में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तथा जिला लघु वनोपज संघ द्वारा तेंदूपत्ता संग्रहण सीजन 2026 की तैयारियों के तहत वृहद तेंदूपत्ता शाख कर्तन बूटाकटाई प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इससे पूर्व प्रथम कार्यशाला 26 फरवरी 2026 को मोहला तहसील में सफलतापूर्वक संपन्न हुई थी। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने बताया कि बसंत ऋतु में तेंदूपत्ता संग्रहण से पूर्व वैज्ञानिक पद्धति से शाख कर्तन करना अनिवार्य है। सही ऊंचाई और तकनीक से कटाई करने पर उच्च गुणवत्ता के पत्ते प्राप्त होते हैं, जिससे संग्राहकों को बेहतर पारिश्रमिक मिलता है।

न्यूज गैलरी

सरईकेरचा और बरकेला जलाशय योजना के लिए 7.94 करोड़ स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा सरगुजा जिले के विकासखण्ड-मैनपाट की सरईकेरचा व्यपवर्तन योजना के नहर की जीर्णोद्धार एवं लाईनिंग कार्य के लिए 2 करोड़ 95 लाख 91 हजार रुपये स्वीकृत किये गये हैं। योजना के प्रस्तावित कार्यों के पूर्ण हो जाने पर रूपांकित सिंचाई क्षमता 414 हेक्टेयर के विरूद्ध 253 हेक्टेयर की हो रही कमी की पूर्ति सहित पूर्ण रूपांकित क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो जायेगी। इसी तरह से विकासखण्ड-अंबिकापुर की बरकेला जलाशय योजना के बांध एवं नहर के नवीनीकरण कार्य के लिए 4 करोड़ 98 लाख 67 हजार रुपये स्वीकृत किये गये हैं। योजना के प्रस्तावित कार्य के पूर्ण होने पर रूपांकित सिंचाई क्षमता 251 हेक्टेयर के विरूद्ध 102 हेक्टेयर की हो रही कमी की पूर्ति सहित पूर्ण रूपांकित क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो जायेगी।

उद्योग मंत्री देवांगन ने शोकाकुल परिवार से मिलकर व्यक्त की गहरी संवेदना

रायपुर/नवप्रदेश। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन कल देर शाम कोरबा के संजय नगर स्थित लक्ष्मणबन बस्ती पहुंचकर शोकाकुल परिवार से मिलकर गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त की। 2 दिन पूर्व बस्ती में बाउंड्रीवाल गिरने से धनेश कर्ष पिता मुकेश कर्ष उम्र 4 वर्ष की दबने से दुःखद मृत्यु हो गई थी, वहीं सोनू कर्ष 20 वर्ष, विशाल यादव 18 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों एवं स्थानीय जनों से मुलाकात कर घटना के संबंध में जानकारी ली। पीड़ित परिवार के घर पर शोकाकुल परिजनों से मिलकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। घायलों की जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की। मंत्री श्री देवांगन ने जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों से फोन पर बात कर घटना की सूक्ष्मता से जांच कर कार्रवाही के निर्देश दिए। इस दौरान महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, श्री भोलू यादव, पार्षद श्री नरेंद्र देवांगन, मंडल अध्यक्ष श्री योगेश मिश्रा, श्री राकेश नागरमल अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

दो जिलों से 10 दोपहिया वाहन चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। वाहन चोरी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एण्टी क्राईम एण्ड साइबर यूनिट की विशेष टीम ने रायपुर और दुर्ग जिले से दोपहिया वाहन चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 10 चोरी की बाइकें बरामद की हैं। जब्त वाहनों की कुल कीमत लगभग 5 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस उपायुक्त (क्राइम एवं साइबर) स्मृतिक राजनाला के निर्देशन में वाहन चोरों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई थी। टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज खंगालने, मुखबिर तंत्र सक्रिय करने और नियमित पेट्रोलिंग के जरिए संदिग्धों की तलाश की जा रही थी। इसी दौरान पंडरी क्षेत्र में पेट्रोलिंग के समय एक्टिवा सवार दो संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया। दोनों भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम राज सोनी (24) निवासी खमतराई और सुभाष कुम्हार (19) निवासी दोंदेखुर्द बताया। आरोपियों ने पंडरी बाजार से वाहन चोरी करना स्वीकार किया। आगे पूछताछ में रायपुर के विभिन्न थाना क्षेत्रों तथा दुर्ग जिले के छावनी क्षेत्र से कुल 10 दोपहिया वाहन चोरी करना कबूल किया। बरामद 4 वाहनों के संबंध में थाना पंडरी, खम्हारडीह, खरोरा और दुर्ग जिले के छावनी थाने में पहले से अपराध दर्ज थे। शेष 6 वाहनों के मामले में थाना पंडरी में पृथक प्रकरण दर्ज किया गया है। दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।पुलिस के अनुसार आरोपी सुभाष कुम्हार पूर्व में भी दोपहिया वाहन चोरी के मामलों में थाना खमतराई से जेल जा चुका है। पुलिस द्वारा आगे की जांच जारी है।

होली पर श्री सनातन सेवा संस्थान ने किया नि:शुल्क सामग्री वितरण

रायपुर/भिलाइ/नवप्रदेश। रंगों के उत्सव वाले त्योहार होली के पावन पर्व पर श्री सनातन सेवा संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा निःशुल्क पिचकारी, रंग, गुलाल, मुखौटा, बिगुल और होली के गुब्बारे वितरण 01 मार्च 2026 को ग्राम भोथली अमलेश्वर में संपन्न हुआ। संस्था का उद्देश्य भारतीय संस्कृति और परंपरा को त्यौहार के माध्यम से जीवित और सुदृढ़ करना है।इस कार्यक्रम में वीरेन्द्र कश्यप, कौशल यादव, ठाकुर राम साहू, हेम लाल साहू, टीकम निषाद, मुकेश साहू, टाप लाल निर्मलकर, पवन यदु, गगन सिंह और मास्टर सूर्या जायसवाल शामिल रहे।

हीट वेव से निपटने जिला प्रशासन सतर्क

रायपुर/नवप्रदेश। शहर में संभावित हीट वेव की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने हीट स्ट्रोक ने निपटने की तैयारियां तेज कर दी हैं। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में ज़िला चिकित्सालय, पंडरी में विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि आपात स्थिति में मरीजों को तुरंत और प्रभावी उपचार मिल सके।अस्पताल परिसर में विशेष रूप से ÷हीट स्ट्रोक रूम÷ स्थापित किया गया है, जहां अतिरिक्त बेड की व्यवस्था की गई है। मरीजों के शरीर का तापमान तेजी से कम करने के लिए दो विशेष बाथटब लगाए गए हैं, जिनमें ठंडे पानी और बर्फ की सहायता से इमर्शन कूलिंग की जा सकेगी। इसके साथ ही बर्फ की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आइस मेकिंग मशीन भी स्थापित की गई है, ताकि गंभीर स्थिति में मरीजों को तत्काल ठंडा उपचार दिया जा सके। चिकित्सा स्टाफ को भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए समय-समय पर पानी पीते रहें, ढीले और हल्के रंग के कपड़े पहनें तथा तेज और सीधी धूप से बचें। विशेष रूप से दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे के बीच अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से परहेज करने की सलाह दी गई है। बंद कार में किसी व्यक्ति या जीव को न छोड़ें और नंगे पैर गर्म सतह पर चलने से बचें।चिकित्सकों के अनुसार हीट स्ट्रोक के लक्षणों में त्वचा का गर्म, लाल और सूखा हो जाना, जी मचलना और उल्टी होना, शरीर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंच जाना, सांस का फूलना और तेज धड़कन, घबराहट, सिर चकराना तथा बेहोशी शामिल हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करना चाहिए। आपात स्थिति में कंट्रोल रूम नंबर 0771-3519250 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

रोज 2 हजार गाड़ियों की आवाजाही, इसी से लग रहा जाम

■ फाफाडीह चौक तेलघानी नाका के आसपास शाम 5 से रात 9 बजे तक मालवाहक की नो एंट्री

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस कमिश्नर ने तेलघानी नाका के आसपास मालवाहक व हल्के वाहनों के आवागमन पर 5 घंटे तक रोक लगा दी है। नो-एंट्री शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक रहेगी। ऐसा इसलिए क्योंकि इस दौरान सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव ज्यादा रहता है। लोगों को रेलवे स्टेशन आने-जाने में भी दिक्कत होती है। यदि पुलिस का यह प्रयोग सफल रहा तो इसे आगे भी जारी रखा जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि तेलघानी नाका के आसपास 300 से ज्यादा दुकानें व गोदाम हैं, जहां 24 घंटे माल की लोडिंग और अनलोडिंग का काम चलता है।

इस वजह से रेलवे स्टेशन के गेट नंबर 1 व 2, तेलघानी नाका चौक और अग्रसेन चौक पर लंबा जाम लगता है। लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है। मालवाहकों की नो-एंट्री से लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। केलकरपारा, तेलघानी नाका, गंज, मंडी, भैंसथान, नहरपारा और अग्रसेन चौक के आसपास 300 से ज्यादा दुकानें व गोदाम हैं। इसके अलावा 270 ट्रांसपोर्ट कंपनियां संचालित हैं, जहां दूसरे राज्यों से भी माल आता है। यहां 24 घंटे लोडिंग-अनलोडिंग चलती रहती है। रोजाना सुबह और शाम करीब 2 हजार मालवाहक लोडिंग-अनलोडिंग के लिए आते हैं। ज्यादातर माल शाम के समय पहुंचता है। इसी वजह से अचानक ट्रैफिक का दबाव बढ़ जाता है और जाम की स्थिति बनती है।

यहां के ट्रांसपोर्टर सरकार से शहर के आउटर में जमीन की मांग कर रहे हैं, ताकि अपने गोदाम शिफ्ट कर सकें।

नाकेबंदी में जांच के बाद अफसरों ने की कार्रवाई, नियम तोड़ने वाले वाहन चालक पैदल गए घर

होली में 130 शराबी वाहन चालकों की गाड़ियां जब्त

अफसरों के आगे हाथ-पैर जोड़ते रहे शराबी

कार्रवाई में 39 कार, 73 मोटरसाइकिल, 3 ट्रक और 15 टाटा एस पिकअप व ई-रिक्शा शामिल हैं। सभी के खिलाफ मोटरयान अधिनियम की धारा 185 के तहत कार्रवाई करते हुए वाहनों को जब्त किया गया। जब्त वाहन यातायात मुख्यालय और संबंधित थानों में सुरक्षित रखे गए हैं।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, इन प्रकरणों को होली के बाद न्यायालय में पेश किया जाएगा। शराब पीकर वाहन चलाने पर प्रत्येक मामले में 10 हजार से 15 हजार रुपए तक जुर्माना लगाया जा सकता है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि होली तक विशेषकर रात के समय नियमित चेकिंग जारी रहेगी और नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

रायपुर/नवप्रदेश। होली से पहले शहर में नशे में वाहन चलाने वालों पर पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। विशेष अभियान के तहत 130 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई कर उनकी गाड़ियां जब्त कर ली गईं। कई चालक कार्रवाई के बाद पैदल ही घर लौटते नजर आए।

होली पर्व को देखते हुए सुरक्षा के मद्देनजर यह अभियान चलाया गया। शराब के नशे में तेज रफ्तार वाहन चलाने से सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला के निर्देश पर पुलिस उपायुक्त यातायात एवं प्रोटोकॉल विकास कुमार के मार्गदर्शन में शहरभर में 42 चेकिंग पॉइंट लगाए गए।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त विवेक शुक्ला और दौलत राम पोर्ते के निर्देशन में सहायक पुलिस आयुक्तों की टीम ने शाम से देर रात तक सघन जांच अभियान चलाया। सभी चेकिंग पॉइंट पर ब्रीथ एनालाइजर मशीन से वाहन चालकों की जांच की गई। जांच के दौरान 130 वाहन चालक शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए।

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स का भव्य शपथ ग्रहण समारोह

■ नवीन पदाधिकारियों ने ली शपथ

रायपुर/नवप्रदेश। 28 फरवरी 2026 को छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की जिला इकाई, कांकेर के नवीन पदाधिकारियों (कार्यकाल 2025-2028) का भव्य शपथ ग्रहण समारोह ÷सिटी सेंटर÷ कांकेर में गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश भर से जुटे व्यापारिक दिग्गजों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया ।समारोह के मुख्य अतिथि एवं चेम्बर के प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी ने कांकेर इकाई के नवीन अध्यक्ष श्री रूपेंद्र सिंह बैस सहित कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। श्री थौरानी ने नई टीम को बधाई देते हुए कहा कि कांकेर की यह नई ऊर्जावान टीम व्यापारिक समाज की सेवा और समर्पण के नए कीर्तिमान स्थापित करेगी।

इस अवसर पर क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधियों ने समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में कांकेर विधायक श्री आशाराम नेताम उपस्थित रहे। साथ ही प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री निकेश बरड़िया और कार्यकारी अध्यक्ष-राधाकिशन सुन्दरानी, राजेश वासवानी एवं जसप्रीत सिंह सलूजा ने भी अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

जनरेशन कंपनी और बैंक ऑफ बड़ौदा के बीच एमओयू

■ 2700 विद्युत कर्मचारियों को मिलेंगी 3 करोड़ का कवरेज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी एवं बैंक आफ बड़ौदा के बीच आज अनुबंध करार किया गया। यह अनुबंध नियमित कर्मचारियों के लिए सैलरी पैकेज के साथ उन्नत बैंकिंग सुविधाए और ज्यादा कवरेज के लिए किया गया है। इस अवसर पर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एस के कटियार और बैंक आफ बड़ौदा के श्री देवाकर के बीच ज्ञापन हस्ताक्षर कर सौंपा गया। श्री कटियार ने इस अनुबंध को कंपनी एवं कर्मचारी हित में बड़ा कदम बताया है। जनरेशन कंपनी के मुख्यालय , हेसदेव ताप विद्युत गृह, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह एवं अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत में कुल 2700 अधिकारी कर्मचारी कार्यरत है,जिन्हें इस अनुबंध से सीधा लाभ मिलेगा। कंपनी ने विद्युत कर्मियों के लिए बैंक से विशेष पैकेज बनाने का अनुरोध किया था,जिससे कर्मियों को एक ही बैंक में किफायती एवं आधुनिक सुविधाएं प्राप्त हो सके। बैंक द्वारा बताया गया कि केंद्र सरकार के साथ अनुबंध होने के साथ साथ राज्य के अलग अलग सरकारी विभागों में वो ऐसी सुविधाएं दे रहें है।जनरेशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक श्री संदीप मोदी ने बताया कि इस अनुबंध मे 12 लाख तक का बीमा कवर है साथ ही दुर्घटना एवं प्लेन दुर्घटना के लिए 1 से 2 करोड़ का कवरेज है।

चाणक्य एकेडमी में एआई वर्कशॉप का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। 1 मार्च को अपने कैंपस में एक दिलचस्प और असरदार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वर्कशॉप सफलतापूर्वक आयोजित की। वर्कशॉप में स्कूल के स्टूडेंट्स, कॉलेज के स्टूडेंट्स, काम करने वाले प्रोफेशनल्स और बिज़नेस मालिकों समेत अलग-अलग तरह के लोगों ने जोश के साथ हिस्सा लिया। यह इवेंट पार्टिसिपेंट्स को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तेज़ी से बदलती दुनिया और इंडस्ट्रीज़ में इसकी बढ़ती अहमियत से परिचित कराने के लिए एक डायनैमिक प्लेटफॉर्म के तौर पर काम आया।

इस सेशन में गहरी बातचीत, एआई के मुख्य कॉन्सेप्ट्स का प्रैक्टिकल एक्सपोज़र, असल दुनिया के एप्लीकेशन्स और इंटरैक्टिव लर्निंग एक्सपीरियंस शामिल थे। पार्टिसिपेंट्स ने नई टेक्नोलॉजी, एआई में करियर के मौकों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कैसे शिक्षा, बिज़नेस और रोज़मर्रा की ज़िंदगी को बदल रहा है, इस बारे में चर्चा में एक्टिव रूप से हिस्सा लिया। वर्कशॉप का मकसद मुश्किल‌ढ्ढ टॉपिक्स को आसान बनाकर और उन्हें आसान और प्रैक्टिकल तरीके से पेश करके जिज्ञासा और क्लैरिटी के बीच के गैप को कम करना था। ज़बरदस्त रिस्पॉन्स और जोशीले पार्टिसिपेशन ने इवेंट को बहुत सफल बनाया। इस मौके पर बोलते हुए, चाणक्य एकेडमी के चेयरमैन ङ्क विंग कमांडर सुभाष सिंधवानी ने इस बात पर ज़ोर दिया कि उनका मकसद स्टूडेंट्स को भविष्य के लिए तैयार स्किल्स देना और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में करियर की अपार संभावनाओं के बारे में जागरूकता पैदा करना है। आने वाली‌ढ्ढ वर्कशॉप और प्रोग्राम चाणक्य एकेडमी ने घोषणा की है कि आने वाले महीनों में और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वर्कशॉप आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा, एकेडमी खास तौर पर इन लोगों के लिए डिज़ाइन किए गए स्ट्रक्चर्ड‌ढ्ढ कोर्स और प्रोग्राम लॉन्च कर रही है। ,स्कूल स्टूडेंट्स, ग्रेजुएट्स,पोस्ट-ग्रेजुएट्स वर्किंग प्रोफेशनल्स इन प्रोग्राम का मकसद स्टूडेंट्स को डिजिटल युग में कॉम्पिटिटिव बने रहने में मदद करने के लिए गहरी जानकारी, प्रैक्टिकल ट्रेनिंग और इंडस्ट्री-ओरिएंटेड एक्सपोजर देना है।

स्मृति पुस्तकालय योजना को मिल रहा जनसमर्थन

■ अब तक 8000 से अधिक पुस्तकें की गई दान

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार जिले में संचालित स्मृति पुस्तकालय योजना के तहत ज्ञान दान की दिशा में जनसहभागिता लगातार बढ़ रही है। इसी क्रम में पीएससी एकेडमी रायपुर के संचालक श्री राकेश साव ने प्रचीन छत्तीसगढ़ का इतिहास, मध्यकालीन छत्तीसगढ़ का इतिहास, भारत का संविधान, सीजीपीएससी प्रैक्टिस पेपर से संबंधित 50 पुस्तकें जिला प्रशासन को दान की। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने उनके इस सराहनीय योगदान की प्रशंसा करते हुए प्रमाण पत्र एवं प्रेरक पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयास से जरूरतमंद एवं प्रतिभावान अभ्यर्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि इस योजना के अंतर्गत अब तक 8000 से अधिक पुस्तकें एवं इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स दान की जा चुकी हैं।

अंगदान से मानवता को नई दिशा, प्रोजेक्ट दधीचि से जुड़कर पशु चिकित्सा कर्मचारी बने प्रेरणा स्त्रोत

मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन की पहल, कलेक्टर ने अंगदान संकल्प लेने वाले कर्मचारी को किया सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा संचालित प्रोजेक्ट दधीचि के तहत मानवता और जनसेवा की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल करते हुए बैरन बाजार स्थित जिला वेटनरी हॉस्पिटल में पदस्थ पशु चिकित्सक डॉ. किरण चौधरी ने अंगदान का संकल्प लेकर समाज के समक्ष अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। जिले में संचालित प्रोजेक्ट दधीचि के अंतर्गत उन्होंने अंगदान के लिए पंजीयन कर जन जागरूकता का संदेश दिया।इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने सम्मान पत्र प्रदान कर उनके इस पुनीत कार्य की सराहना की तथा कहा कि अंगदान मानवता की सर्वोच्च सेवा है, जिससे कई लोगों को नया जीवन मिल सकता है।

श्रीमती चौधरी ने अपने संकल्प के बारे में कहा कि ÷मुझे बड़ी खुशी है कि मैं इस पुनीत कार्य का हिस्सा बनी, मेरे जाने के बाद किसी और को स्वस्थ जीवन मिल सकेगा।÷ उन्होंने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री श्री साय एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

चंद्र ग्रहण के कारण बदली तिथि, राधा-कृष्ण संग भव्य रंगोत्सव आज

■ सुबह 9:20 बजे कामठी लाइन से निकलेगी भव्य शोभायात्रा

वृंदावन की तर्ज पर भक्त और भगवान साथ

लगभग चार दशक पूर्व विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष एवं मंदिर समिति के ट्रस्टी स्व. नथमल जी अग्रवाल की प्रेरणा से प्रारंभ यह परंपरा आज भी उसी श्रद्धा एवं भक्ति के साथ निभाई जा रही है। वृंदावन की तर्ज पर यहां भक्त और भगवान एक साथ रंग खेलते हैं। मंदिर समिति द्वारा प्राकृतिक टेसू (पलाश) के फूलों, गुलाब जल एवं इत्र से विशेष सुगंधित केसरिया रंग तैयार किया जाता है। लगभग 3000 लीटर रंग की व्यवस्था की जाती है, जो रथ से भक्तों पर फुहार के रूप में डाला जाता है।

राजनांदगांव/नवप्रदेश। संस्कारधानी नगर में होली के अवसर पर आयोजित होने वाला पारंपरिक रंगोत्सव इस वर्ष भी भव्यता और अनुशासन के साथ मनाया जाएगा। कामठी लाइन स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा 04 मार्च को भगवान राधाकृष्ण की शोभायात्रा निकाली जाएगी। सुबह 9:20 बजे मंदिर परिसर से विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात भगवान को रथ पर विराजमान कर आरती पश्चात यात्रा प्रारंभ होगी।

मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में होगी रवानगी-कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर मधुसूदन यादव, विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, पर्यटन मंडल के अध्यक्ष (केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) नीलू शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत तथा पूर्व महापौर श्रीमती हेमा देशमुख शामिल होंगे। सभी अतिथि भगवान की पूजा-आरती कर शोभायात्रा को विधिवत रवानगी देंगे।

चंद्रग्रहण के कारण बदली तिथि - समिति ने जानकारी दी कि 02 मार्च को होलिका दहन होगा। 03 मार्च को चंद्रग्रहण होने के कारण इस वर्ष धुलेंडी (रंगोत्सव) 04 मार्च को मनाई जाएगी। शोभायात्रा कामठी लाइन मंदिर से प्रारंभ होकर भारत माता चौक, हलवाई लाइन, आजाद चौक, सिनेमा लाइन, महाकाल चौक, जगन्नाथ मंदिर मार्ग, गौशाला पारा, तेली पारा, जैन दादा बाड़ी मंदिर, जैन मंदिर, रामदेव बाबा मंदिर, गंज बालाजी मंदिर, गंज लाइन, तिरंगा चौक, रामाधीन मार्ग, दासी श्याम गली होते हुए पुनः सत्यनारायण मंदिर पहुंचेगी। दोपहर लगभग 12:30 बजे समापन होगा।

चलित झांकी बनेगी आकर्षण का केंद्र-गणेश विसर्जन झांकी की तर्ज पर भव्य चलित झांकी तैयार की गई है। स्थानीय कलाकारों द्वारा झांकी प्रभारी लक्ष्मण लोहिया के निर्देशन में इसका निर्माण किया गया है। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को एकरूपता के लिए साफा, पगड़ी या आकर्षक टोपी पहनाई जाएगी।

भजनों की गूंज और स्वागत की परंपरा-फागुन के सुमधुर भजनों के साथ युवक, बच्चे एवं बुजुर्ग नृत्य करते हुए यात्रा में शामिल होंगे। नगर के सभी भजन गायक इस दौरान अपनी सुमधुर प्रस्तुति देंगे । पूरे मार्ग में नागरिकों द्वारा ठंडाई, मिठाई, फल एवं जलपान की व्यवस्था की जाएगी।

सुविचार

खुशी का मतलब वह सब कुछ पाना नहीं जो आप प्राप्त करना चाहते हैं। खुशी का अर्थ है जो आपके पास है उसका भरपूर आनंद उठाना

विश्व युद्ध के मुहाने पर दुनिया

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जो खुद को संघर्ष विराम का विशेषज्ञ और शांति दूत बताते रहे हैं और इस नाते शांति का नोवेल पुरस्कार का खुद को अधिकारी बताते नहीं थक रहे हैं उन्होंने आखिरकार दुनिया को अपना असली चेहरा दिखा ही दिया। पहले वेनेजुएला के निर्वाचित राष्ट्रपति का अपहरण करा दिया और अब उन्होंने ईरान के खिलाफ भी जंग छेड़कर तथा वहां के सुप्रीम का लीडर खामेनेई सहित कई सैन्य अधिकारियों और उनके परिजनों की हत्या करा कर मीडिल ईस्ट कों जंग की आग के हवाले कर दिया। डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल के साथ मिलकर ईरान पर जो सैन्य कार्यवाही की है उससे ईरान ने भी अमेरिका के पिट्ठू कहे जाने वाले मुस्लिम देशों पर आक्रमण कर दिया है। पवित्र रमजान के महीने में मीडिल ईस्ट के अनेक देशों में खून की होली खेली जा रही है इससे दुनिया एक बार फिर तीसरे विश्व युद्ध के मुहाने पर आ खड़ी हुइ है। तीन दिनों के युद्ध में ही शेयर बाजार धाराशाही हो गया है। यदि यह युद्ध लंबा चला और कहीं विश्व युद्ध के रूप में तब्दिल हुआ तो पूरी दुनिया में हाहाकार मच जाएगा। गौरतलब है कि ईरान के अलावा खाड़ी के जितने भी देशों से पूरी दुनिया को तेल की आपूर्ति होती है वे सब युद्ध की आग में झुलस रहे हैं। अमेरिका और इजराइल तेल और कैश रिफाइनरी को ही चुन चुन कर निशाना बना रहे हैं। जिससे आने वाले समय में पूरी दुनिया में पेट्रोल, डिजल और गैस के दामों में भारी वृद्धि होगी और दुनिया के लगभग सभी देशों की अर्थव्यवस्था चरमरा जाएगी तथा आम लोगों को मंहगाई की भीषण मार पड़ेगी। यह विश्व के हित में है कि यह जंग फौरन से पेश्तर रूके लेकिन लाख टके का सवाल यह है कि बिल्ली के गले घंटी कौन बांधे। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद पता नहीं किस दडबे में मुंह छुपाये बैठा है कायदे से तो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अब तक आपातकालीन बैठक हो जानी चाहिए और अमेरिका तथा इजराइल की नाक में नकेल कसने की कोशिश करनी चाहिए। किन्तु ऐसा लगता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आगे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद बेबस होकर रह गया है। यदि वैश्विक संगठन इसी तरह खामोशी की चादर ओढ़कर सोय रहेंगे तो डोनाल्ड ट्रंप जिसकी लाठी उसकी भैंस वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए दुनिया को तीसरे विश्वयुद्ध की आग में झोंक कर ही दम लेंगे। आज स्थिति यह है कि अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किये गये हमले के बाद ईरान ने भी बदले की कार्यवाही शुरू कर दी है जिसके चलते मीडिल ईस्ट में तबाही मच रही है। इसे रोकने के लिए संयुक्त राष्ट्र सभा को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए अन्यथा पूरी दुनिया को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

टीम इंडिया का सेमीफाइनल में प्रवेश

टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर 8 के आखिरी मुकाबले में टीम इंडिया के सामने करो या मरो की स्थिति थी। भारत का मुकाबला वेस्टइंडिज के साथ था जिसने इस विश्व कप में बेहतरीन प्रदर्शन किया था। इस मैच में भी वेस्टइंडिज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट खोकर 195 रन बनाए जो ईडन गार्डन में सर्वोच्च स्कोर रहा है। इसके पहले इतने बड़े स्कोर को पार करने में कोई भी टीम सफल नहीं हुई थी। टीम इंडिया के शुरूआती तीन विकेट भी जब जल्दी गिर गये तो लगा की टीम इंडिया यह मैच हार जाएगी लेकिन संजू सैमसन ने अकेले ही किला लड़ाया एक छोर से भारत के विकेट गिरते रहे लेकिन संजू सैमसन का बल्ला रन उगलता रहा। उन्होंने नाबाद 97 रन बनाकर टीम इंडिया को ना सिर्फ शानदार जीत दिलाई बल्कि सेमीफाइल में भी पहुंचा दिया। संजू सैमसन अपनी इस आतिशी पारी के कारण टी-20 विश्व कप में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज भी बन गये हैं। उन्होंने विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा है बहरहाल अब भारत का मुकाबला सेमीफाइनल में इंग्लैंड के साथ होगा वह भी इस विश्व कप में अब तक बेहतरीन खेल दिखाती रही है और अपने ग्रुप में पहले स्थान पर है। जाहिर है सेमीफाइनल में भारत को अपनी बल्लेबाजी को और मजबूती देकर उतरना पड़ेगा क्योंकि इंग्लैंड निश्चित रूप से कड़ी चैनौती पेश करेगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि टीम इंडिया सेमीफाइनल और फाइनल में भी बेहतरीन प्रदर्शन करेगी और एक बार फिर विश्व विजेता बनेगी।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू ऋतेश्वर

◆ सबके लिए बस प्रेम रखो हृदय में। प्रेम अनंत है, प्रेम असीम है। जब प्रेम हो तो हर रिश्ता पवित्र हो जाता है, आनंदमय हो जाता है।

◆ गुरु ही हैं जिनका हृदय काम, क्रोध, मद, मोह, लोभ और बाकी किसी चीजों से नहीं जलता, केवल कृष्ण विरह में जलता है, राधा विरह में जलता है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली वार्ता। 1921 - असहयोग आंदोलन में इस दिन ननकाना के एक गुरुद्वारे, जहाँ पर शान्तिपूर्ण ढंग से सभा का संचालन किया जा रहा था, पर सैनिकों के द्वारा गोली चलाने के कारण 70 लोगों की जानें गई। 1931 - ब्रिटिश वायसराय, गवरनोर-जनरल एडवर्ड फ्रेंड्रेरिक्क लिन्द्ले वुड और मोहनदास करमचंद गाँधी जी (महात्मा गाँधी) में भेंट राजनीतिक कैदियों की रिहाई और नमक के सर्वजन उपयोग की छूट को लेकर मंत्रणा और इकरारनामे की घोषणा। 1998 भारत के प्रकाश शाह सं.रा. महासचिव द्वारा बगदाद में विशेष प्रतिनिधि नियुक्त। 1999 - संयुक्त राष्ट्र के कर्मचारियों को अपनी परित्यक्ता पतनी एवं बच्चों को जीवन निर्वाह भत्ता देने की घोषणा। 2001 तालिबान ने मूर्तियों को ख़रीदने की ईरान की पेशकश ठुकराई। 2002 राष्ट्रमंडल में जिम्बाब्वे के ख़िलाफ़ प्रस्ताव नामंजूर, अफ़ग़ानिस्तान में भूस्खलन से 150 मरे। 2003 - नाइजीरिया के कब्बी राज्य में एक नौका के नाइजर नदी में डूब जाने से 80 व्यक्ति मारे गये। 2008 - तेलंगाना राज्य के गठन में हो रही देरी से नाराज़ तेलंगाना राष्ट्र समिति (टी.आर.एस) के विधायकों ने आन्ध्र प्रदेश विधानमण्डल की सदस्यता से इस्तीफा दिया।

रवि कुमार माँझी
आबू धाबी (संयुक्त अरब अमीरात)

ईरान और अमेरिका युद्ध के बीच तेल सप्लाई पक्का करने के लिए भारत को चाहिए इमरजेंसी प्लान

ईरान पर अमेरिका और इज़राइल युद्ध के बढ़ने के बाद तेल की कीमतें तेज़ी से बढ़ीं। ऐसे में भारत को एनर्जी सप्लाई पक्का करने के लिए इमरजेंसी प्लान बनाने होंगे। केप्लर वेसल ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, भारत लगभग 90 प्रतिशत कच्चा तेल और 60 प्रतिशत लिक्विफाइड नेचुरल गैस (स्हत्र) इंपोर्ट करता है, और इसका आधा हिस्सा होर्मुज स्ट्रेट से होकर गुज़रता है जो इस समय अस्थिर है।

एक सरकारी अधिकारी ने सोमवार को मीडिया को बताया कि भारतीय रिफाइनरियों के पास टैंकों में और ट्रांज़िट में लगभग दो हफ़्ते का क्रूड स्टॉक है। उन्होंने कहा कि सभी फ्यूल टैंक भरे हुए हैं, जो देश की लगभग 10 दिनों की ज़रूरतों को पूरा करते हैं। उन्होंने आगे कहा, ÷अभी के लिए, हमें लगता है कि होर्मुज स्ट्रेट का बंद होना ज़्यादा लंबा नहीं होगा।÷

भारत को रूस के अलावा वेनेजुएला, ब्राजील, वेस्ट अफ्रीका और र से भी क्रूड ऑयल मिल सकता है। हालांकि, बड़ा नुकसान यह है कि दूर के देशों से क्रूड ऑयल आने में समय लगता है। जहां गल्फसे सप्लाई आने में सिर्फ पांच दिन लगते हैं, वहीं रूस से सप्लाई आने में लगभग एक महीना लगता है।

केप्लर के एक एनालिस्ट ने कहा कि अगर भारत दुनिया के दूसरे हिस्सों से क्रूड ऑयल इंपोर्ट करता है, तो कीमतों, माल ढुलाई और इंश्योरेंस की लागत में तेजी आएगी। ईरान संकट के बाद क्रूड ऑयल की कीमतें .12 प्रति बैरल से ज़्यादा बढ़ गई हैं, जो 30 जुलाई, 2025 के बाद सबसे ज़्यादा है। र-ईरान झगड़े के बाद, भारत के मल्टी-कमोडिटी एक्सचेंज पर क्रूड ऑयल की कीमतें 10 परसेंट से ज़्यादा बढ़ गईं।

केप्लर के एनालिस्ट सुमित रिटोलिया ने मीडिया को बताया कि क्रूड ऑयल पर निर्भरता शुरुआत है और शायद इससे निपटना सबसे आसान है। ÷दूसरा नैचुरल गैस से जुड़ा है, जिसका आधा हिस्सा विदेशों से लिक्विफाइड नैचुरल गैस के रूप में आता है, ज़्यादातर खाड़ी से। तीसरा, या बीच का हिस्सा स्क्ल है, जो लगभग सारा वेस्ट एशिया से आता है, जिसका इस्तेमाल शहरी इलाकों में ज़्यादातर भारतीय घरों में खाना पकाने के लिए किया जाता है। रेटिंग एजेंसी इक्रा के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत वशिष्ठ ने कहा कि चूंकि ईरान और वेस्ट एशियाई एनर्जी प्रोड्यूसर होर्मुज स्ट्रेट पर फैले हुए हैं, इसलिए कई ऑयल और गैस प्रोड्यूसर के बीच लंबे समय तक चलने वाला और/या बढ़ता झगड़ा ग्लोबल क्रूड ऑयल और स्हत्र सप्लाई पर बुरा असर डाल सकता है। हालांकि, कुछ एनालिस्ट का मानना ??है कि भारत कच्चे तेल के संकट से उबर जाएगा। भारत पेट्रोलियम के पूर्व चेयरमैन कृष्णकुमार ने बिजनेस स्टैंडर्ड को बताया, ÷हम तैयार हैं और लगातार सही सोर्स की तलाश में हैं, लेकिन शॉर्ट टर्म में सप्लाई और कीमत की चुनौतियों के लिए तैयार रहना होगा।÷

प्रिया देवांगन

निर्भय होली: जानवरों की चतुर जीत

किम्बू वन के जीव-जंतु बहुत ही शांति से अपना जीवन यापन करते थे। वन की चर्चा दूर-दूर तक फैली हुई थी। फैलेगी भी क्यों नहीं...... उस जंगल में एक भी शेर जो नहीं था। उन्हें किसी भी प्रकार से शिकारी का भय नहीं था। हर बार की तरह सभी इस बार भी होली उत्सव मनाने की सोच रहे थे। किम्बू वन के सभी जीव-जंतु एक जगह एकत्रित हुए। रब्बू भालू बोला- फ्रइस बार ढोलक मुनाकू बंदर बजाएगा, लोमड़ी मेहमानों का स्वागत करेगी, जुबली गिलहरी और मोरनी नृत्य करेंगे।फ्र ऐसे थोड़े-थोड़े कार्य सभी को सौंपे गये। हिनू हिरणी बोली- फ्ररब्बू दादा! होली त्यौहार तो मनाएंगे ही और हर बार की तरह अन्य दूसरे जंगल के जानवरों को आमंत्रित भी करेंगे; लेकिन....!! इतना बोल कर शांत हो गई।

किम्बू वन के जीव-जंतु बहुत ही शांति से अपना जीवन यापन करते थे। वन की चर्चा दूर-दूर तक फैली हुई थी। फैलेगी भी क्यों नहीं...... उस जंगल में एक भी शेर जो नहीं था। उन्हें किसी भी प्रकार से शिकारी का भय नहीं था। हर बार की तरह सभी इस बार भी होली उत्सव मनाने की सोच रहे थे। किम्बू वन के सभी जीव-जंतु एक जगह एकत्रित हुए। रब्बू भालू बोला- "इस बार ढोलक मुनाकू बंदर बजाएगा, लोमड़ी मेहमानों का स्वागत करेगी, जुबली गिलहरी और मोरनी नृत्य करेंगे।" ऐसे थोड़े-थोड़े कार्य सभी को सौंपे गये। हिनू हिरणी बोली- "रब्बू दादा! होली त्यौहार तो मनाएंगे ही और हर बार की तरह अन्य दूसरे जंगल के जानवरों को आमंत्रित भी करेंगे; लेकिन....!!" इतना बोल कर शांत हो गई।

क्या....लेकिन? हिनू, आगे बोलो। जुबली बोली। देखो दादा हम सब गाना बजाना, नृत्य करना, मौजङ्कमस्ती में व्यस्त रहते हैं; उसी बीच खतरा मंडराने लगता है और हम साथी में से हर साल एक साथी अचानक अदृश्य हो जाता है। सिर्फ हम ही नहीं आसपास के सारे जीवङ्कजंतु परेशान रहते हैं। शायद बिंद्रा वन का शेर जो होली मनाने यहाँ आता है, आ के शिकार करता है। इसके लिए भी कुछ सोचा है आप लोगों ने? हिनू बोली। हम्म....! सभी के मुँह से एक साथ आवाज आई। उस शेर के लिए कितना भी बंदोबस्त कर दो खाने के लिए फिर भी पीछे नहीं हटता है। "फोकट में पाओ मरत ले खाओ।" मुस्कुराते हुए सभी सिर हिलाए। दूसरे दिन होली थी। रब्बू भालू, होली है......होली है.....! बोलता हुआ गज्जू हाथी को रंग लगाया। मुनाकु और जुबली गज्जू के पीठ पर बैठ जंगल के हर दोस्त को रंग लगाते घूम रहे थे। मोरनी नृत्य कर रही थी। सभी एक जगह इकट्ठे हो कर खेलने लगे। चुन्नू चूहा इस बार जंगल-जंगल जा कर सभी को अपनी तरकीब बता दिया था, इसलिए सब वैसा ही कर रहे थे। तभी.....दबे पाँव शेर पीछे के रास्ते से आया। देखा....वाह! क्या नज़ारा है। जीव-जंतु देख खुश तो हुआ ही लेकिन...चिंतित था क्योंकि आज सभी जंगल का पानी रंगा हुआ था। शेर बहुत प्यासा था फिर भी लालची शेर नील गाय को दबोचने ही वाला था; उसी समय लब्बू लोमड़ी बोली- "होली है शेर राजा, बुरा न मानो होली है....!" शेर थोड़ा मुस्कुराया और बोलाङ्क तुम्हें भी मुबारक हो लब्बू! शेर का दिमाग आग के गोले की तरह गर्म होता जा रहा था; भूख और प्यास ने व्याकुल कर दिया था। जोर से दहाड़ लगाई। सारे के सारे जानवर दुबक गए। सन्नाटा छा गया। ÷काटो तो खून नहीं"।

सब को खा जाऊँगा, कोई नहीं बचेगा। प्यास और भूख ने मेरी हालत खराब कर दी है, कोई तो पानी दो.....। बड़बड़ाता हुआ शेर इधरङ्कउधर घूमने लगा। किसी की हिम्मत नहीं हो रही थी सामने जा कर पानी पिलाने की। अब तो कोई नहीं बचेगा! हिनू हिरणी बोली। गज्जू बोला- "मैं जाता हूँ शेर को पानी पिलाने।" सभी के हाथ-पैर इतने काँप रहे थे जितना तो ठंड में नहीं काँपा होगा।

हाथी अपने तरकीब के अनुसार शेर के पास गया और पानी का एक पतीला रखा। लीजिए राजा जी पहले आप पानी पीजिए, इससे पहले कि ये रंग जाए आप प्यास बुझाइए। रब्बू भी पीछे-पीछे गया, बोला- "उसके बाद आपका मन पसंद भोजन तैयार है।" शेर खुश हुआ। प्यासा होने के कारण कुछ पूछे बिना ही गटागट पानी पीने लगा। जोर से डकार मारी। हाय....! ठंडक मिली देह को। धीरेङ्कधीरे शेर का सिर घूमने लगा। गज्जू और रब्बू चार-चार दिखाई दे रहे थे। सब समझ गए शेर को भांग वाले पानी का असर हो रहा है। बाकी जानवर शेर की हरकत देख पीछे से खुसुर-फुसुर करने लगे, असर हो रहा....असर हो रहा! भूखा होने के कारण भांग जल्दी असर कर गया और शेर वहीं बेहोश हो गया। शेर के बेहोश होने के बाद सब के सब बाहर आए और फिर पहले की तरह होली मनाने लगे। एक-दूसरे के जान में जान आई। शेर को होश आए इससे पहले ही गज्जू ने सूंड में उठा कर दूर घने जंगल में छोड़ आया। सब एक-दूसरे को बधाई दे कर होली मनाने लगे। इस प्रकार सबने सूझबूझ से एक-दूसरे की जान बचाई और इस बार कोई भी शेर का शिकार नहीं बना।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

सच बोलता ये बत्तमिज कौन झूठ का काम ही तो इमान है दिल में कालिख क्यों देखे कौन मुहब्बत हुस्न पर दारोमदार है मोम सा दिल रखता यहा कौन बहुत गर्म मिजाज ये कायनात है चांद और चांदनी निहारे कौन बंद कमरों में मुहब्बत आबाद है दिल पर क्या गुजरी है पूछे कौन सबाब है तो ये मुहब्बत रहमत है विरह बेचैनी मे आज तड़पे कौन उस शहर में एक महबूब और है रूह की बात करता है अब कौन बिगड़े गर रूप तो मुर्दा इश्क है।

- प्रीति श्रीवास्तव

कैसा नेता है मिला,जो दिमाग से साफ। भारत के सम्मान का,घटा रहा जो ग्राफ।। खून विदेशी दौड़ता, रग-रग सुबहो शाम। भारत की आलोचना,करना जिसका काम।। बिन कपड़ो के आ गये,जिस सम्मिट में आप। था आयोजन देश का,गलत छोड़ दी छाप।। सत्ता पाने के लिए, भाये इन्हें विदेश। दुश्मन को खैरात में, पेश करेंगे देश।।

- शालिनी शर्मा

होली क्यों बदरंग हुई है रंग में - नव उत्साह नहीं। शिकवे गिले मिटा देती थी-यारों ऐसा प्यार नहीं। किसलय की कलियाँ भी बोलें मेरे राधे श्याम कहाँ इंद्र धनुष की छटा निराली बरसाने की आररर होली।

- राजकिशोर मिश्र 'राज' प्रतापगढ़ी

लिखने से पहले बहुत कुछ पढ़ना जरूरी है। वक्ताओं को श्रोताओं से जुड़ना जरूरी है।। फिर से न छाप दें मित्रो मेरे मरने की खबर। पेपर व चैनल वालों से मिलना जरूरी है।।

- राजकुमार शर्मा

रंगों की धूप मन के कोने जगें मिटे अँधेरा होलिका जले अहंकार राख हो प्यार ही फूले फागुन बहे चेतन रंग छाए भीगे अंतर गुलाल उड़े मन से मन मिलें राग पिघले लाल अबीर प्रेम का हो विस्तार शिव सा नीर नीला आकाश कृष्ण रंग बरसे मिटे विराग शिव जटा से रंग झरे चुपके भीगे है प्राण शक्ति मुस्काए चेतन रंग जागे जगे कुंडल फागुन राग शक्ति में शिव लीन पूर्ण मिलन भक्ति का रंग अंतर शिवालय जगे समाधि।

- अनिता कपूर

चीनी त्नवायरस की रोकथाम हेतु दो वैक्सीन, कोवैक्सीन और कोविशील्ड प्रचलित थे, वायरस, लाकडाउन, इन्फेक्शन, क्वारंटाइन, सेनेटाइजर, मास्क, सोशल डिस्टेसिंग, आक्सीजन सिलेंडर, इम्यूनिटी बुस्टर, रेमसिडिवार, क्विनोलिन आदि मेडिसीन भी चर्चित रहे। स्वच्छता ,एलोपैथी और आयुर्वेद के उपयोग से लाभ हुआ।

- पोखराज शर्मा

प्रभु जीवन में रंग भरदे रखे खुशहाल होली में ! रंगे हो प्रेम रंगो से सभी के गाल होली में !! भले घर गाँव पीपल औ नदी से दूर हूँ लेकिन, दुआएँ माँ की मिलती है हमें हर साल होली में !!

- कवि आशीष तिवारी जुगनू

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष राशिः आज आपका दिन नयी उमंगें लेकर आया है। काफी समय से किसी बात से परेशान लोग आज उसका समाधान ढूंढ लेंगे।

वृष राशिः आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। कारोबार में अपनी मेहनत से आगे बढ़ेंगे। आज अच्छी खबर आपको मिलेगी। आज बच्चों के साथ समय बिताएंगे उनके मन की बातों को समझेंगे।

मिथुन : आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज व्यक्तिगत जीवन की जिम्मेदारियों का निर्वाह करेंगे। इस राशि के राजनीतिज्ञों को लोगों का समर्थन मिलेगा।

कर्क : आज आपका दिन खुशी से भरा रहेगा। आपके कामों की गति धीमी रहेगी, लेकिन मित्रों के साथ आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे।

सिंहः आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। इलेक्ट्रॉनिक्स के कारोबारियों को लाभ के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन में अपनापन बढ़ेगा। आज शाम का डिनर बाहर करेंगे।

कन्या : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपकी वाणी में कठोरता आ सकती है दूसरों के प्रति स्नेह भाव बनाएं रखें। पेट की समस्या से परेशान लोगों को ऑयली खाने से बचना चाहिए।

तुला : आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपको किसी महत्वपूर्ण चर्चा में शामिल होने का मौका मिलेगा, जिसमें आपकी सहभागिता अच्छी खासी रहेगी।

वृश्चिकः आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। आज दोस्त आपका मनोबल बढ़ाएंगे। आज आपके स्वास्थ्य में बेहतरी बनी रहेगी। आज सोची हुई कार्य योजनाओं को पूर्ण करने में सफलता मिलेगी। जमीन जायदाद से जुड़े कार्य तेजी से आगे बढ़ेंगे।

धनुः आज आपका दिन सुख शांति से भरा रहेगा। पुत्र पक्ष से सहयोग मिलेगा। आपसी रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। इस राशि के लोगों का निर्माण कार्य जल्द पूरा हो जायेगा।

मकर : आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज जिस भी क्षेत्र में आप मेहनत करेंगे उसमें उन्नति हासिल करेंगे। आज आपकी सभी परेशानियों का अंत होगा।

कुम्भः आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपके सोचे हुए कार्य एक-एक करके पूरे होते जायेंगे, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज आपके कारोबार में सुखद बदलाव आयेगा, आय में बढ़ोतरी होगी। इस राशि के प्रतियोगी परीक्षा के छात्रों को समझदारी से तैयारी करनी चाहिए।

मीनः आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज परिवार में विशेष लोगों का आवागमन हो सकता है। आज आप इसकी तैयारी में व्यस्त रहेंगे। कविता लिखने के शौक़ीन लोगों को आगे बढ़ने का प्लेटफार्म किसी दोस्त की मदद से मिलेगा।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) कौन सा संस्थान कोलेस्ट्रॉल का पता लगाने के लिए नया ऑप्टिकल सेंसर प्लेटफॉर्म विकसित किया है?

2) 2025 प्रित्जकर आर्किटेक्चर पुरस्कार का विजेता किस देश का वास्तुकार लियू जियाकुन है?

3) किस खगोलशास्त्री की रचना का नाम 'पंचसिद्धांतिका' था?

4) गोलान हाइट्स, जो खबरों में देखा गया था, एक सीरियाई क्षेत्र है जिस पर किस देश का कब्जा है?

5) दुर्लभ पक्षी स्कारलेट टेनजर हाल ही में किस देश में देखा गया?

उत्तरमाला- (1) इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडी इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी, गुवाहाटी (2) चीन (3) वराहमिहिर (4) इज़राइल (5) यूनाइटेड किंगडम

पहेली

शब्द सामर्थ्य -332

बाएं से दाएं

ऊपर से नीचे

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 331 का हल

एसडीएम प्रफुल्ल रजक की सख्ती से मचा हड़कंप, रेत परिवहन करते 5 हाईवा जब्त

कलेक्टर के निर्देश पर ताबड़तोड़ कार्रवाई, अवैध रेत परिवहन पर कसा शिकंजा!

सारंगढ़-बिलाईगढ़/नवप्रदेश। जिले में अवैध रेत एवं गौण खनिज परिवहन के विरुद्ध प्रशासन ने एक बार फिर अपनी सख्त एवं प्रभावशाली कार्यशैली का परिचय दिया है। माननीय कलेक्टर संजय कन्नौजे के स्पष्ट निर्देशों के अनुरूप अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बिलाईगढ़ प्रफुल्ल रजक ने देर रात सरसींवा एवं भटगांव तहसील क्षेत्रों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम के साथ योजनाबद्ध तरीके से सघन छापामार कार्रवाई की।

इस सशक्त अभियान के दौरान 20 टन क्षमता के 5 हाईवा वाहन अवैध रूप से रेत परिवहन करते पाए गए जिन्हें तत्काल जप्त कर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही प्रारंभ की गई। इनमें 3 वाहन सरसींवा क्षेत्र से तथा 2 वाहन भटगांव क्षेत्र से पकड़े गए। प्रशासन की इस त्वरित और निर्णायक कार्रवाई से अवैध कारोबार से जुड़े तत्वों में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई है।

उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध रेत परिवहन को लेकर शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। आमजन में राजस्व हानि एवं पर्यावरणीय प्रभाव को लेकर असंतोष व्याप्त था। ऐसे समय में एसडीएम प्रफुल्ल रजक ने अपनी सजगता, निष्पक्षता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए न केवल कार्रवाई को अंजाम दिया, बल्कि यह भी स्पष्ट कर दिया कि शासन के निर्देशों के पालन में किसी प्रकार की ढिलाई स्वीकार्य नहीं होगी। उनकी सक्रिय कार्यप्रणाली से प्रशासन की सख्त छवि और अधिक सुदृढ़ हुई है।

> कलेक्टर के निर्देशानुसार बीती रात 5 हाईवा वाहन जप्त किए गए, जिनमें 3 वाहन सरसींवा क्षेत्र से तथा 2 वाहन भटगांव क्षेत्र से अवैध रेत परिवहन करते पाए गए। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी अवैध खनिज परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा चुकी है और आगे भी इसी प्रकार सख्त एवं निरंतर अभियान जारी रहेगा। प्रशासन की प्राथमिकता अवैध गतिविधियों पर पूर्ण अंकुश लगाते हुए शासन को राजस्व हानि से बचाना है। एसडीएम की दृढ़ नेतृत्व क्षमता और प्रतिबद्धता ने यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि बिलाईगढ़ क्षेत्र में अवैध खनिज परिवहन के लिए अब कोई स्थान नहीं है।
> -**प्रफुल्ल रजक**, बिलाईगढ़ एसडीएम

न्यूज गैलरी

होलिका दहन की रात लोहे की रॉड से सिर पर वार, युवक की हत्या, गिरफ्तार

भिलाई/नवप्रदेश। होलिका दहन की रात जामुल में एक युवक की लोहे की रॉड से सिर पर वार कर हत्या कर दी गई। घटना की सूचना मिलने पर जामुल थाना प्रभारी रामेन्द्र सिंह ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। रावणभाटा संगम चौक पर उसके परिचित ने हमला किया था। 10 घंटे के भीतर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। हेमंत साहू की हत्या उसके चाचा आशीष साहू ने की थी। शराब सेवन को लेकर विवाद इतना बढ़ा कि चाचा ने हेमंत की हत्या कर दी। राड के वार से हेमंत गिर पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

गांवों में सड़क पर बच्चे डोर लगाकर राहगीरों से ले रहे सहयोग राशि

नगरी/नवप्रदेश। नगर क्षेत्र में होली का दहन के दिन सुबह कुछ छोटे-छोटे बच्चे सड़क किनारे नगाड़े बजाते दिखाई दिए साथ रोड पर डोर (रस्सी) बांधकर राहगीरों को रोकते हुए नजर आ रहे हैं। बच्चे राहगीरों से सहयोग के रूप में राशि प्रदान करते हुए हैं उन्हें पैसे देकर आगे बढ़ जाते हैं। सहयोग राशि मिलने पर बच्चों के चेहरे पर खुशी साफ झलकती है। हालांकि यह दृश्य मासूमियत से भरा प्रतीत होता है, लेकिन व्यस्त सड़क पर इस प्रकार डोर बांधकर वाहनों और राहगीरों को रोकना किसी भी समय दुर्घटना का कारण बन सकता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अभिभावकों और प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए। बच्चों को इस प्रकार सड़क पर खड़ा करने के बजाय सुरक्षित वातावरण में त्योहारी या सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

फ्लैग मार्च निकाला, तीन सवारी और शराब पीकर वाहन चालकों पर सख्ती

खैरागढ़/नवप्रदेश। होली पर्व पर जिले मे शांति व्यवस्था बनाने, दुर्घटना रोकने, नियमों का पालन कराने जिला पुलिस टीम द्वारा जिले के थाना क्षेत्रो में फ्लैग मार्च निकाला गया । इस दौरान यातायात नियमों का उलंघन करने,शराब पीकर वाहन चलाने, दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की गई । होली पर्व पर लोगो से यातायात नियमों का पूर्ण पालन करने, दोपहिया वाहन चलाते हेलमेट पहनने चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट प्रयोग ,नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने देने, तेज गति एवं स्टंटबाजी से बचने की अपील करते पुलिस ने शांति एवं अनुशासन के साथ होली पर्व मनाए जाने कहा। है। कानून व्यवस्था के लिए गांवों एवं कस्बों में पेट्रोलिंग , शहर के चौक चौराहों पर बल तैनाती ,वाद विवाद की स्थिति रोकने, नशीली पदार्थों का सेवन प्रतिबंधित करने के निर्देश भी इस दौरान दिए गए। लोगो से होली पर्व के दौरान किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर पुलिस हेल्प लाइन नंबर, डायल 112 को सूचना देने कहा गया ।

कर्मचारियों की हड़ताल पर अमर्यादित टिप्पणी भारी पड़ी, लिपिक निलंबित

खैरागढ़ /नवप्रदेश। इंदिराकला संगीत विवि मे हड़ताली कर्मचारियो के खिलाफ अनर्गल टिप्पणी एक लिपिक को भारी पड़ गई । कारण बताओ नोटिस का संतोषप्रद जवाब नही मिलने के बाद प्रभारी कुलसचिव वेंकट रमन गुढ़े ने सहायक ग्रेड तीन मुकेश भटट को निलंबित करने के आदेश जारी किए है । जारी आदेश मे विवि गैर शिक्षक कर्मचारी संघ और संगीत विवि कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा इसकी शिकायत कुलपति को करने का हवाला देते बताया गया कि 3 फरवरी को दोनो संघ द्वारा जारी हड़ताल के दौरान संबंधित लिपिक भटट द्वारा कर्मचारियो की ओर ऊंगली दिखाते अमर्यादित नारेबाजी की गई थी । मामले मे कर्मचारी संघ की शिकायत पर विवि प्रबंधन ने भटट को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा था । भटट द्वारा दिए गए जवाब को असंतोषप्रद मानते हुए मुकेश भटट को निलंबित करने के आदेश जारी किए गए । निलंबन अवधि मे भटट को विवि ग्रंथालय मे संबंद्ध किया गया है ।

निगम कार्यालय में महापौर और पाषर्दों ने खेली फूलों की होली

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम कार्यालय में होलिका दहन और फूलों की होली खेलकर रंगोत्सव मनाया गया। महापौर अलका बाघमार समेत जनप्रतिनिधि और निगम के अधिकारी/कर्मचारियों ने फूलों की होली खेलकर आपसी सौहार्द का संदेश दिया। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। आज भेदभाव को भूलकर आपसी भाईचारा बनाए रखने का संकल्प लेने का दिन है। महापौर ने कहा कि होली का पर्व सद्भाव और स्नेह का संदेश देता है। उन्होंने शहरवासियों को होली की शुभकामनाएं दी। महापौर अलका बाघमार, संस्कृति व मनोरंजन प्रभारी हर्षिका संभव जैन, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने एक-दूसरे पर फूल बरसाकर होली की बधाई व शुभकामनाएं दी। इस दौरान होली गीतों पर उपस्थित जनप्रतिनिधि झूमते रहे। होली पर्व को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई। सांस्कृतिक प्रभारी हर्षिका संभव जैन ने शहरवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए पर्व को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की।

बोनस का असर: बैंकों में पैसा निकालने उमड़ी भीड़, एटीएम भी हो गए खाली

आज उत्साह और उमंग के बीच मनेगी होली

खैरागढ़/नवप्रदेश। होली पर्व के एन पहले किसानो को धान अंतर की राशि भुगतान के बाद शहर के बैंको मे सोमवार मंगलवार को खातेदारो की जमकर भीड़ उमड़ी । हालात ऐसे बन गए कि बैंको मे दिनभर लाइन लगाकर खाते से राशि निकालनी पड़ी । शाम होते तक बैंक से भीड़ हटी तो दूसरी ओर शहर के आधा दर्जन से अधिक एटीएम राशि के नकद आहरण के चलते खाली हो गए। आज होली पर्व पूरे जिले मे उल्लास और उत्साह के साथ मनाए जाने की तैयारी है। उल्लेखनीय है कि शनिवार को सरकार ने धान खरीदी मे अंतर की राशि का खातो मे भुगतान किया था दूसरे दिन रविवार होने के चलते सोमवार को बैंको मे पैसा निकालने जमकर भीड़ उमड़ गई। मंगलवार को भी हालात ऐसे ही रहे।

होलिका दहन के बाद बना माहौल, आज उत्साह की होली

सोमवार को शुभमुहुर्त मे शहर सहित जिले भर मे होलिका दहन किया गया । देररात तक मुहुर्त के चलते कई जगह अलग अलग समय पर विधिविधान से होलिका दहन संपन्न हूआ । आधी रात के बाद भी होलिका दहन चलता रहा । इस दौरान चप्पे चप्पे पर पुलिस जवानो को तैनात किया गया था । मंगलवार को स्कलो, शिक्षण संस्थानो मे होली का माहौल बनने लगा । जमकर रंगगुलाल उडने लगे और दोपहर बाद पूरा माहौल होली का हो गया । बाजारो मे भी जमकर भीड़ रही । आज उत्साह और उमंग के बीच रंगो के त्योहार होली की खुशियां बिखरेगी । शहर सहित पूरे इलाके मे होली पर्व शांति और सदभाव से मनाए जाने व्यापक सुरक्षा इंतजाम भी किए गए है। जगह जगह पुलिस जवानो को तैनात किए गए है । किसी भी अप्रिय दुर्घटना रोकने पुलिस पेट्रोलिंग सहित अन्य सुरक्षा संसाधनो को एलर्ट पर रखा गया है । दुर्घटना रोकने के इंतजाम के बाद सिविल अस्पताल, दमकल, नगरपालिका के अधिकारियो कर्मचारियो को भी एलर्ट रहने के निर्देश और नियमित रूप से ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए है।

बिजली सप्लाई की शिकायतों का तत्काल होगा समाधान

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा होली के पर्व को दृष्टिगत रखते हुये मैदानी अधिकारियों / कर्मचारियों सहित आम नागरिकों को विशेष जागरूकता और सतर्कता बरतने की अपील की गई है। पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की आकस्मिक विद्युत दुर्घटना को नियंत्रित करने समुचित अमले के साथ शिकायत केन्द्रों में सम्पूर्ण तैयारी रखने के निर्देश दिये गये हैं। विद्युत दुर्घटना से बचने विद्युत उपकेन्द्रों, खम्बों, लाइनों और ट्रांसफार्मर के निकट रंगों की बौछार ना करने की अपील की गई है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने कहा कि उपभोक्ताओं की जागरूकता और शालीनतापूर्वक रंगोत्सव विद्युत कंपनी सहित सभी के लिये हितकारी होगा।मुख्य अभियंता ने बताया कि होली के पर्व पर अवकाश होने के बावजूद बिजली संबंधी शिकायतों के शीघ्र अतिशीघ्र निराकरण करने के लिए वितरण कंपनी के कॉल सेंटर और फ्यूज आफ कॉल सेंटर सामान्य दिनों की तरह क्रियाशील रहेंगे। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए केन्द्रीकृत कॉल सेंटर 1912 दिन-रात क्रियाशील रहता है। इस नंबर पर उपभोक्तागण किसी भी समय हिन्दी, अंग्रेजी और छत्तीसगढ़ी में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। पॉवर कंपनी के बिजली मितान बॉट वाट्सऐप नंबर 9425551912 पर भी बिजली आपूर्ति, ट्रांसफॉर्मर खराबी और बिजली संबंधित शिकायत आसानी से दर्ज करा सकते हैं।

डिमांड और आदेश के बाद भी शिक्षा विभाग ने नहीं बढ़ाई आरटीई की राशि

निजी स्कूल शिक्षा विभाग के खिलाफ करेंगे असहयोग आंदोलन

खैरागढ़/नवप्रदेश। शिक्षा के अधिकार कानून के तहत दी जाने वाली प्रतिपूर्ति राशि में बढ़ोत्तरी नही होने के चलते छग प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने असहयोग आंदोलन किए जाने का एलान किया है ।

जिला मुख्यालय मे आयोजित प्रेस वार्ता मे एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह चंदेल सहित पदाधिकारियो ने कहा कि प्रदेश मे पिछले 13 वर्षो से शिक्षा का अधिकार कानून के तहत स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा निजी स्कूलो को दी जाने वाली प्रतिपूर्ति राशि मे बढ़ोत्तरी नही की गई है।

इसको लेकर उच्च न्यायालय मे दायर याचिका मे उच्च न्यायालय मे अपने अंतिम आदेश मे छह माह के भीतर मांगो पर निर्णय लेने कहा था । शिक्षा के अधिकार कानून के तहत प्रदाय की जाने वाली प्रतिपूर्ति राशि मे प्रति छात्र प्रतिवर्ष प्राथमिक कक्षाओ मे 7 हजार से बढ़ाकर 18 हजार किए जाने, माध्यमिक स्कूल मे 11 हजार 5 सौ से बढ़ाकर 22 हजार हाईस्कूल की राशि 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार करने तथा बढ़ी हुई राशि का विगत तीन वर्षो के आधार प्रदान किए जाने की मांग संगठन द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग से कई बार किया गया । जिलाध्यक्ष चंदेल ने कहा कि गरीब विद्यार्थियों की शिक्षा पर होने वाले व्यय पर स्कूल शिक्षा विभाग संवेदनहीन है और उच्च न्यायालय के आदेश की भी अनदेखी कर रहा है । छग प्रायवेट स्कूल एसोसिएशन की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक मे सर्वसम्मति से लिए गए फैसले के बाद संगठन द्वारा सकूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रतिपूर्ति राशि के बढ़ाए जाने तक जिले के समस्त निजी विद्यालयो द्वारा शिक्षा विभाग के कार्यो मे असहयोग आंदोलन किए जाने का फैसला किया है। असहयोग आंदोलन के दौरान जिले के कोई भी निजी स्कूल शिक्षा विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, नोडल प्राचार्य के कार्यो मे सहयोग नही करेगें न ही उनके पत्र आदेश नोटिस का जवाब देंगे । प्रेस वार्ता मे संघ के जिला सचिव कृष्णकुमार सोनी, अशोक वर्मा, मनोहर सोनवानी, गोपाल चंदेल, रविन्द्र सोनी, पार्वती सोनी सहित अन्य मौजूद रहे।

जिला संगठन को मिला ऊर्जावान नेतृत्व डॉ. दिलीप अनंत बने जिला महामंत्री

कर्मठ नेतृत्व का सम्मान, विश्वास की जीत और जनसेवा की प्रतिबद्धता को मिला पुरस्कार!

सरसींवा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी सारंगढ़-बिलाईगढ़ के संगठनात्मक विस्तार की घोषणा के साथ ही जिले की राजनीति में उत्साह और ऊर्जा का नया संचार हुआ है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की सहमति के बाद 1 मार्च को जारी अधिकृत सूची में जिन नामों ने विशेष रूप से ध्यान आकर्षित किया, उनमें डॉ. दिलीप अनंत का नाम प्रमुख है, जिन्हें जिला कांग्रेस कमेटी का जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है।

डॉ. दिलीप अनंत लंबे समय से संगठन के एक समर्पित, कर्मठ और जमीनी कार्यकर्ता के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं। अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष के रूप में उन्होंने न केवल संगठन का विस्तार किया, बल्कि समाज के वंचित वर्गों की आवाज को मजबूती से उठाते हुए कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाया। उनकी सक्रियता, विनम्र व्यवहार, समन्वय क्षमता और संगठन के प्रति अटूट निष्ठा ने उन्हें कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं के बीच विशेष स्थान दिलाया है। पार्टी नेतृत्व ने उनके अनुभव, संगठनात्मक कौशल और जनसंपर्क क्षमता को देखते हुए यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि डॉ. अनंत की नियुक्ति से जिला संगठन को नई दिशा, नई गति और नई मजबूती मिलेगी। नियुक्ति के पश्चात डॉ. दिलीप अनंत ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, जिला कांग्रेस अध्यक्ष ताराचंद देवांगन, समस्त वरिष्ठ पदाधिकारियों तथा क्षेत्र के जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी द्वारा प्रदत्त इस विश्वास को अपनी मेहनत, ईमानदारी और समर्पण से और भी मजबूत करेंगे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कांग्रेस के सिद्धांतों और जनसेवा की भावना को सर्वोपरि रखते हुए वे आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए सतत प्रयासरत रहेंगे।

जिला कांग्रेस कमेटी के इस निर्णय से कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। नेताओं और कार्यकर्ताओं का मानना है कि डॉ. दिलीप अनंत जैसे ऊर्जावान और प्रतिबद्ध नेतृत्व के हाथों में संगठन का भविष्य सुरक्षित और सशक्त रहेगा।

धमधा में 35.40 लाख के विकास कार्य स्वीकृत

दुर्ग/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजनांतर्गत वर्ष 2025-26 में शासन द्वारा अनुमोदित निर्धारित लागत दर अनुसार विकासखण्ड धमधा अंतर्गत अधोसंरचना निर्माण कार्य के लिए 35.40 लाख रुपए की अनुशंसा प्राप्त हुई है। अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग धमधा द्वारा प्रेषित तकनीकी स्वीकृति के आधार पर अनुशंसित कार्य को संपादित कराए जाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

शिव पुराण कथा सुनने उमड़ी भक्तों की भीड़

धरसीवां / कूंरा। आस्था की केंद्र धर्म नगरी सुभाष चौक कुंवरगढ़ कूरा में आयोजित शिव पुराण कथा के छठे दिवस को भगवान गणेश की विवाह में सम्मिलित होने क्षेत्र की जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला दिलेंद्र सेन , पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष ढालेन्द्र वर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता भावेस बघेल , दुर्गेश वर्मा , सांकरा के युवा नेता योगेश कुमार साहू एवं कूंरा के पार्षदगण सहित आसपास के गांव से शिव पुराण कथा श्रवण करने के लिए भक्तों का भीड़ काफी संख्या में रहा , छत्तीसगढ़ अंचल के सुप्रसिद्ध कथा वाचक पं अशोक कृष्ण शर्मा सगुनी वाले महराज द्वारा शिव कथा के माध्यम से एक लोटा जल सारी समस्या का हल कैसे हो , इसके लिए सुधन वैश्य की भावपूर्ण कथा श्रवण कराए, मंगल कथा और आरती में लोग भाव विभोर हो गया । नगर के उत्साही कमलेश गोयल के द्वारा बहुत ही सुन्दर मधुर श्याम भजन प्रस्तुत किया। दाऊ प्रहलाद अग्रवाल के प्रेरणा स्त्रोत पाकर पार्षद प्रतिनिधि योगेश कुमार साहू , पार्षद श्रीमति गायत्री साहू महिला समिति, जय हिन्द गणेश दुर्गोत्सव समिति एवं समस्त सम्माननीय शिव भक्तों द्वारा बहुत ही सुन्दर ढंग से इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया।

सोमवार को दोपहर तीन बजे से भंडारा का भव्य का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया। कथा में महराज जी शिव की कृपा कैसे पाएं इस पर सहज ही व्याख्या करते हुए बताया भगवान को पाना है तो भगवान से प्रेम करिए, फाग महोत्सव पर माताओं द्वारा बहुत आनंद मंन से नृत्य कर शिव को रिझाने का और भगति में डुबकी लगाने का सुख प्राप्त कीया।

होली के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह के आदेशानुसार 4 मार्च को होली के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर ने जिले में स्थित समस्त देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, रेस्टॉरेन्ट, बार, होटल-बार, क्लब आदि जैसे एफएल.-1 (घघ), एफएल.-1(घघ-कम्पोजिट), सी.एस.-2(घघ), सी.एस.-2 (घघ-कम्पोजिट), सी.एस.-2(ग-अहाता), सी.एस.-2 (ग-कम्पोजिट अहाता) एवं भण्डारण भाण्डागार भिलाई को 4 मार्च को पूर्णतः बंद रखने के आदेश दिए हैं।

कोसरिया धोबी समाज छत्तीसगढ़-ओडिशा राज का वार्षिक महाधिवेशन संपन्न

नगरी/नवप्रदेश। उड़ीसा प्रांत के उमरकोट में 1 मार्च 2026 को कोसरिया धोबी समाज छ ग़ उड़ीसा राज का वार्षिक महाधिवेशन संपन्न हुआ*। *महासभा के 9 परिक्षेत्र सिहावा, नवागढ़, कांकेर, पलना, केशकाल, कोंडागांव, नारायणपुर, जगदलपुर और उमरकोट परिक्षेत्र के सामाजिक जनों माताओं बहनों और युवा प्रकोष्ठ की उपस्थिति में महाधिवेशन का आयोजन संपन्न हुआ।

महाधिवेशन के *अध्यक्ष शारदा प्रसाद ग्वाले, संरक्षक राम लाल नाग, सचिव लोचन निर्मलकर, सह सचिव निरंजन नाग, कोषाध्यक्ष कैलाश नायक, संगठन सचिव धुनीलाल ग्वाले तथा महामंत्री उमाशंकर कौशिक के साथ साथ सभी परिक्षेत्र के पदाधिकारीगण महिला प्रकोष्ठ की मातृ शक्तियों के अलावा युवा प्रकोष्ठ के नौजवान साथियों ने तन मन और धन से इस आयोजन को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग दिया*। इस अवसर पर उड़ीसा प्रांत के कैबिनेट मंत्री नित्यानंद गोंड तथा पूर्व सांसद माननीय रमेश मांझी भी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और उन्होंने इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए समाज के विकास हेतु सहयोग प्रदान करने की बात कही*कार्यक्रम का शुभारंभ धोबी समाज के पूज्य संत शिरोमणि गाडगे बाबा, नातिन धोबिन दाई, भगवान शिव और जगन्नाथ स्वामी के चित्र की पूजा अर्चना एवं आरती से की गई ।

महाधिवेशन में आय व्यय का लेखा जोखा, अतिथियों और पदाधिकारियों का सम्मान, सामाजिक समस्याओं का निराकरण, प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि का वितरण, महासभा राशि का वितरण, आकस्मिक रूप से दिवंगत दो मृतात्माओं को श्रद्धांजलि देते हुए शाम को महाधिवेशन का समापन किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु उमरकोट परिक्षेत्र के अध्यक्ष चूड़ामणि नायक, संरक्षक कैलाश नायक, उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत नाग,सचिव जोशी नायक एवं कोषाध्यक्ष मुन्ना नायक के साथ युवा प्रकोष्ठ तथा महिला वर्ग का बहुत बड़ा योगदान रहा।

महाधिवेशन में कुल 9 समस्याओं का निराकरण किया गया। जगदलपुर परिक्षेत्र से आए अध्यक्ष बलदेव नागे ने अपने परिक्षेत्र के कार्यों, उपलब्धियों और आने वाले समय में समाज के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया गया। सभी ने उनके प्रयासों और कार्यों को प्रशंसा की और उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी।

महासभा अध्यक्ष शारदा प्रसाद ग्वाले ने अतिथियों और सामाजिक जनों को धोबी समाज के विकास हेतु रोडमैप, समाज की बहुत पुरानी परंपराओं और मान्यताओं जो कि आज की स्थिति में बदलने की स्थिति में हैं उन्हें बदलने और नशामुक्ति दुर्व्यसन से छुटकारा दिलाने जैसी पहल करने की आवश्यकता पर बल दिया । समाज के सभी बच्चों को शिक्षा से जोड़ने, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, विवाह योग्य युवक युवतियों का परिचय सम्मेलन आयोजित करने, समाज के गरीब और निर्धन वर्ग को आर्थिक सहयोग प्रदान करने संबंधी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई और उन्हें पालन करने हेतु जोर दिया गया । महाधिवेशन का संचालन रामलाल नाग, शारदा प्रसाद ग्वाले एवं लक्ष्मीकांत नाग ने किया तथा आभार प्रदर्शन चूड़ामणि नायक ने किया। उक्त जानकारी महासभा अध्यक्ष शारदा प्रसाद ग्वाले ने दी।

कलेक्टर ने बीजादूतीर स्वयंसेवकों की सराहना की, शिक्षा-स्वास्थ्य व मलेरिया जागरूकता पर दिया जोर

बीजापुर/नवप्रदेश। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में बीजादूतीर स्वयंसेवकों की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्टर कार्यालय परिसर में किया गया। बैठक की अध्यक्षता श्री संबित मिश्रा कलेक्टर बीजापुर एवं श्रीमती नम्रता चौबे मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत द्वारा की गई। बैठक का उद्देश्य पिछले दो माह में स्वयंसेवकों द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा करना तथा आगामी कार्ययोजना पर चर्चा करना रहा।

बैठक में विकासखंड भैरमगढ़ एवं भोपालपटनम के सक्रिय बीजादूतीर लीडर्स ने अपने-अपने क्षेत्र में किए गए सामुदायिक कार्यों, जागरूकता गतिविधियों एवं फील्ड अनुभव साझा किए। स्वयंसेवकों ने बताया कि वे समुदाय स्तर पर मलेरिया जागरूकता, व्यवहार परिवर्तन, शिक्षा, स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य एवं बाल संरक्षण से संबंधित गतिविधियों का निरंतर संचालन कर रहे हैं, जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है।

इस अवसर पर जिला समन्वयक अशोक पाण्डेय ने दो माह की विस्तृत गतिविधि रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने युवोदय ऐप के माध्यम से नियमित रिपोर्टिंग, मलेरिया जागरूकता अभियान, बाल संरक्षण कार्यक्रम, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियाँ तथा स्कूल प्रबंधन समिति छ्ब्द्बद्धश्चद्बु4 बैठकों के संचालन की जानकारी दी। साथ ही बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु किए जा रहे प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए कहा कि बीजादूतीर टीम जिला प्रशासन और समुदाय के बीच एक मजबूत कड़ी के रूप में कार्य कर रही है। उन्होंने स्वयंसेवकों को शासन की आवास योजना के हितग्राहियों को जागरूक एवं प्रेरित कर योजनाओं को समयबद्ध पूर्ण कराने में सहयोग करने का आह्वान किया। साथ ही मलेरिया जागरूकता अभियान को और अधिक व्यापक एवं प्रभावी बनाने पर जोर दिया।

उन्होंने शिक्षा से वंचित एवं शाला त्यागी बच्चों को पुनः स्कूल से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने तथा समुदाय में शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने के निर्देश भी दिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती नम्रता चौबे ने स्वयंसेवकों को शासन की योजनाओं विशेषकर आवास योजना एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने, नियमित रिपोर्टिंग बनाए रखने एवं प्रशासन से समन्वय मजबूत करने हेतु प्रेरित किया।बैठक के अंत में कलेक्टर द्वारा बीजादूतीर स्वयंसेवकों के लिए शीघ्र एक्सपोजर विजिट आयोजित करने पर सहमति प्रदान की गई, ताकि वे अन्य क्षेत्रों के सफल मॉडलों का अध्ययन कर अपने कार्यों को और प्रभावी बना सकें। यह समीक्षा बैठक स्वयंसेवकों के उत्साहवर्धन, कार्यों की प्रभावी समीक्षा तथा भविष्य की रणनीति तय करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। जिला प्रशासन ने स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना करते हुए समुदाय के समग्र विकास हेतु उनके निरंतर सक्रिय योगदान की अपेक्षा व्यक्त की गई।

न्यूज गैलरी

समावेशी शिक्षा अंतर्गत तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। समग्र शिक्षा, जिला दंतेवाड़ा द्वारा राज्य परियोजना कार्यालय रायपुर के निर्देशानुसार वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट 2025-26 में प्राप्त स्वीकृति के आधार पर तथा कलेक्टर दंतेवाड़ा के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन जिला अधिकारी के मार्गदर्शन में समावेशी शिक्षा अंतर्गत दिव्यांग बच्चों से संबंधित तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन गीदम स्थित सक्षम बालक आवासीय विद्यालय, जावंगा में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय स्तर पर दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए समावेशी, सहयोगात्मक एवं अनुकूल शिक्षण वातावरण विकसित करना था, ताकि प्रत्येक बच्चा अपनी क्षमता के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सके। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस जिले की चिन्हांकित 55 शालाओं के प्रधानाध्यापकों ने सहभागिता की। इस दौरान समावेशी शिक्षा की नीतियों, विद्यालय स्तर पर संसाधन प्रबंधन, व्यक्तिगत शैक्षणिक योजना निर्माण तथा शाला विकास योजना में दिव्यांग बच्चों के समावेश पर विस्तृत चर्चा की गई।द्वितीय दिवस 55 शालाओं के शिक्षकों को विशेष शिक्षण पद्धतियों, सहायक शिक्षण सामग्री के प्रभावी उपयोग, कक्षा में व्यवहार प्रबंधन, लर्निंग आउटकम आधारित शिक्षण तथा विभिन्न प्रकार की दिव्यांगताओं की पहचान एवं सहयोगात्मक रणनीतियों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। तृतीय दिवस अभिभावकों एवं पालकों के लिए आयोजित सत्र में दिव्यांग बच्चों के अधिकार, घर-विद्यालय समन्वय, नियमित उपस्थिति, पुनर्वास सेवाओं तथा सहायक उपकरणों के उपयोग के महत्व पर मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद सिंह ठाकुर का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। समावेशी शिक्षा शाखा के सहायक परियोजना समन्वयक सुरजीत सिंह एवं सहायक परियोजना समन्वयक (वित्त) राजेन्द्र पांडेय की सक्रिय सहभागिता रही। विषय विशेषज्ञ के रूप में बीआरपी विजय रजक, श्रीमती पूनम सिंह, श्रीमती अनुमेहा तिवारी, नारायण साहू, रामचंद्र साहू, रजत मनहर एवं अनिल मनहर द्वारा व्यवहारिक एवं विषय आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जिले में समावेशी शिक्षा को सशक्त बनाने तथा दिव्यांग बच्चों के शैक्षणिक, सामाजिक एवं भावनात्मक विकास को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा।

कुपोषण से मुक्ति की ओर कदम- मास्टर प्रशिक्षकों का दो दिवसीय संभागीय प्रशिक्षण

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिले में कुपोषण से मुक्ति के लक्ष्य को लेकर संचालित ÷सुपोषित छत्तीसगढ़ अभियान÷ अंतर्गत दो दिवसीय संभागीय स्तरीय मास्टर प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ दंतेवाड़ा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दंतेवाड़ा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता द्वारा मां दंतेश्वरी के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना कर किया गया। छत्तीसगढ़ शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 10 फरवरी 2026 को माननीय मुख्यमंत्री के करकमलों से ÷सुपोषित छत्तीसगढ़ अभियान÷ का शुभारंभ किया गया है। इस महत्वाकांक्षी अभियान के अंतर्गत राज्य के 08 जिलों का चयन किया गया है। इनमें सरगुजा संभाग के सरगुजा, कोरिया, बलरामपुर एवं कोरबा जिले तथा बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा एवं नारायणपुर जिले शामिल हैं। अभियान का उद्देश्य अति गंभीर एवं मध्यम श्रेणी के कुपोषित बच्चों को सुपोषित बनाना है। इसके लिए समुदाय के जनप्रतिनिधियों, समाज प्रमुखों, संगठनों तथा अधिकारियों-कर्मचारियों के सहयोग से बच्चों को गोद लेकर उनके पोषण स्तर में सुधार किया जाएगा। आगामी छह माह की कार्ययोजना तैयार कर ÷सुपोषण दूत÷, महिला स्व-सहायता समूहों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से कार्यक्रम का संचालन किया जाएगा। इसी क्रम में विगत दिवस को आयोजित दो दिवसीय मास्टर प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में बस्तर संभाग के चार जिलों के बाल विकास परियोजना अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों को मास्टर प्रशिक्षक के रूप में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण राज्य स्तरीय तकनीकी सहायक श्री शुभाशीष दास (यूनिसेफ), विषय विशेषज्ञ श्री शरवत हुसैन नकवी (यूनिसेफ) तथा कुपोषण प्रबंधन सलाहकार डॉ. अंकुर जैन द्वारा प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री वरुण सिंह नागेश, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुश्री तनुजा बेलसरिया, प्रभारी डीपीओ बीजापुर श्री कांता मेश्राम सहित अन्य जिलों के परियोजना अधिकारी उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण के माध्यम से जिले एवं संभाग स्तर पर कुपोषण मुक्ति अभियान को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है।

नक्सल हिंसा में आम नागरिकों की मृत्यु पर परिजनों को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

बीजापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ नक्सलवाद पुनर्वास नीति के तहत नक्सली पीड़ित व्यक्तियों, परिवारों तथा आत्मसमर्पित नक्सलियों को पर्याप्त सुरक्षा एवं पुर्नवास के तहत नक्सली हिंसा में आम नागरिको के मृत्यु के 6 प्रकरणों में मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रूपए कुल 30 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के प्रकरणों में परिजनों को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

बीजापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रावधानों के तहत् राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदाओं से मृतकों के परिजनों को 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अंतर्गत नदी-नाले के पानी में डुबने से मृत्यु के पश्चात मृतिका श्रीमती पोदिये वेको के निकटतम वारिस उनके पति श्री छन्नू वेको, मृतिका सुनिता कोवासी के निकटतम वारिस उनकी माता श्रीमती पाण्डो कोवासी, मृतक राकेश वेको के निकटतम वारिस उनके पिता श्री छन्नू वेको, मृतक श्री भादू वेको के निकटतम वारिस उनकी पत्नि श्रीमती इडमें वेको एवं मृतक अविनाश हपका के निकटतम वारिस उनके पिता श्री बीरेन्द्र हपका सहित प्रत्येक मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रूपये कुल 20 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

केवई नदी का सीना छलनी, बिछियाटोला में मैनुअल लाइसेंस की आड़ में मशीनों से हो रहा अवैध खनन

मनेन्द्रगढ़/केल्हारी/नवप्रदेश। एमसीबी जिले के केल्हारी तहसील अंतर्गत ग्राम बिछियाटोला में रेत माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश की सीमा पर स्थित केवई नदी में एनजीटी के नियमों को ताक पर रखकर दिन-रात पोकलेन और जेसीबी मशीनों से रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। खनिज विभाग की अनदेखी के चलते ठेकेदार न केवल नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं, बल्कि बेशकीमती खनिज संपदा को अवैध रूप से पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश में खपाया जा रहा है।

नॉन-मैकेनिकल लाइसेंस का खुला उल्लंघन: विभागीय जानकारी के अनुसार, बिछियाटोला रेत खदान के लिए केवल 'मैनुअल (नॉन-मैकेनिकल)' लाइसेंस जारी किया गया है। इस नियम के तहत रेत निकालने के लिए केवल फावड़ा और तगाड़ी जैसे सामान्य औजारों का उपयोग मजदूरों द्वारा किया जाना चाहिए। साथ ही, एनजीटी की गाइडलाइन के मुताबिक शाम ढलने के बाद खनन पर पूर्णतः प्रतिबंध है। इसके बावजूद, ठेकेदार द्वारा भारी मशीनों के जरिए रात भर उत्खनन कराया जा रहा है, जिससे प्रतिदिन 15 से 20 भारी वाहन रेत लोड कर मध्यप्रदेश जा रहे हैं।

स्थानीय आवास निर्माण पर संकट: अवैध परिवहन का सीधा असर स्थानीय विकास पर पड़ रहा है। ग्राम पंचायत सहित आसपास के क्षेत्रों में चल रहे प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिए स्थानीय लोगों को रेत उपलब्ध नहीं हो पा रही है। जरूरतमंदों को ऊंचे दामों पर रेत खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है, जबकि माफिया जिले की खनिज संपदा को बाहरी राज्यों में भेजकर चांदी काट रहे हैं।

विभागीय कार्रवाई का दावा: मामले में एम सी बी के जिला खनिज अधिकारी दयानंद तिग्गा ने बताया कि शिकायत मिलने पर विभाग की टीम ग्राम बिछियाटोला पहुंची थी। मौके पर कार्रवाई करते हुए मशीनों को जब्त किया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि भविष्य में भी ऐसी सूचना मिलने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

चारगांव माइनिंग रोड पर तेज रफ्तार ट्रक ने एक गौवंश को रौंदा, आक्रोश

बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार

अन्तागढ़/नवप्रदेश। अन्तागढ़ कुहचे मार्ग पर माइनिंग ट्रक की टक्कर से एक गौवंश की मौके पर मौत हो गई। यह घटना सोमवार सुबह हुई घटना की सूचना मिलते ही बजरंग दल के सदस्यों की सहायता से सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार किया गया। आये दिन तेज रफ्तार ट्रकों से राहगीरों के साथ-साथ गौवंश भी चपेट में आ जाते हैं ,लेकिन पुलिस प्रशासन तेज रफ्तार ट्रकों पर कोई कार्यवाही ठोस कदम उठा नहीं रहीं है।

इस दौरान बजरंग दल अन्तागढ़ के गौ रक्षा प्रमुख नारायण सिंह चंदेल ,विजेंद्र पटेल ,गिरवर सिंह राजपूत ,नवल किशोर सेन (राजू), रोशन देहारी , गौरव बेलशरिया, गजेंद्र कुलदीप, कान्हा पाण्डे , किशोर कुलदीप और युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष हुपेंद्र साहू उपस्थित रहे।

शासकीय महेंद्र कर्मा कन्या महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन संपन्न

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। शासकीय महेंद्र कर्मा कन्या महाविद्यालय में विगत दिवस वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ, जिससे पूरा वातावरण ज्ञान और उत्साह से ओत-प्रोत हो उठा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्रीमती सरिता उईके उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री गुप्त कैलाश मिश्रा एवं श्री प्रशांत अग्रवाल ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. विवेक शर्मा द्वारा की गई।

दंतेवाड़ा से रायपुर पहुंचा महिला समूह का हर्बल

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा होली पर्व को सुरक्षित, स्वास्थ्यप्रद और पर्यावरण-अनुकूल बनाने की दिशा में दंतेवाड़ा की माँ दंतेश्वरी महिला स्व-सहायता समूह ने प्राकृतिक रंगों से तैयार हर्बल गुलाल बाजार में उतारा है। इस अभिनव पहल को कृषि विज्ञान केंद्र, दंतेवाड़ा का तकनीकी सहयोग प्राप्त हुआ है, जिसके मार्गदर्शन में समूह की महिलाओं ने वैज्ञानिक तरीके से गुलाल तैयार किया।

समूह द्वारा तैयार यह हर्बल गुलाल दंतेवाड़ा में कलेक्टर कार्यालय के सामने, बचेली के मेन चौक के पास तथा कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में उपलब्ध है। इसके साथ ही रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के लाभांडी स्थित विक्रय उत्पाद केंद्र में भी इसकी बिक्री की जा रही है। इस विस्तार से उत्पाद को स्थानीय स्तर से राज्य स्तरीय बाजार तक पहचान मिली है और महिला समूह को व्यापक विपणन का अवसर प्राप्त हुआ है।हर्बल गुलाल के निर्माण में हरी पत्तियां, गेंदा, पलाश (टेसू), चुकंदर, मेहंदी, अपराजिता, हल्दी और चंदन जैसे प्राकृतिक एवं औषधीय तत्वों का उपयोग किया गया है। इन फूलों और पत्तियों को छाया में सुखाकर उनका प्राकृतिक रंग और गुण सुरक्षित रखा गया। बाद में इन्हें बारीक पीसकर छाना गया, जिससे गुलाल मुलायम और त्वचा के लिए सुरक्षित बने।

हल्दी और चंदन के मिश्रण से इसे सुगंधित और त्वचा-अनुकूल बनाया गया। आकर्षक पैकेजिंग के साथ इसे बिक्री केंद्रों पर उपलब्ध कराया गया है।यह गुलाल रासायनिक रंगों से पूरी तरह मुक्त है, जिससे जल और मिट्टी प्रदूषण की आशंका नहीं रहती। प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग से तैयार यह उत्पाद बच्चों और बुजुर्गों के लिए भी सुरक्षित बताया गया है।

डिजिटल सेवाओं को ग्रामीणों तक पहुंचाने दिया गया प्रशिक्षण

बीजापुर/नवप्रदेश। जिला पंचायत सभा कक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती नम्रता चौबे की उपस्थिति में एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सीईओ ने सभी वीएलई को निर्देशित किया कि क्षेत्र के ग्राम पंचायत स्तर पर बैंकिंग सेवाएं अनिवार्य रूप से प्रदान करें। इससे अधिक से अधिक हितग्राहियों को मनरेगा, महतारी वंदन योजना एवं पेंशन योजना आदि का भुगतान सीएससी केंद्रों के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से हितग्राहियों को भुगतान प्राप्त करने के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। नियमित रूप से बैंकिंग सेवाएं संचालित करते हुए अधिकतम हितग्राहियों को लाभान्वित करें।

बैठक का उद्देश्य सीएससी सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, विभागीय समन्वय को सुदृढ़ करने तथा ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल सेवाओं के विस्तार को सुनिश्चित करना था। राज्य कार्यालय से उपस्थित प्रशिक्षक श्री प्रदीप कुमार, मैनेजर बीमा सेवा कहा कि वीएलई के पास वैध सीएससी आईडी है, वे ई-डिस्ट्रिक्ट सेवाओं के आवेदन के समय भुगतान अनिवार्य रूप से सीएससी वॉलेट के माध्यम से ही करें। साथ ही दूरस्थ ग्राम पंचायतों में कार्यरत वीएलई को अपने-अपने पंचायत स्तर पर ई-डिस्ट्रिक्ट सेवाएं प्रारंभ करने हेतु आवश्यक दस्तावेजी प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए गए ताकि ग्रामीणों को प्रमाण पत्र संबंधी कार्यों के लिए ब्लॉक कार्यालय न जाना पड़े।

अपर मुख्य सचिव ने हथकरघा- हस्तशिल्प विकास परिषद के प्रशिक्षण और सह-उत्पादन केंद्र का किया निरीक्षण

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। अपर मुख्य सचिव गृह श्री मनोज कुमार पिंगुआ ने सोमवार को दंतेवाड़ा प्रवास पर राष्ट्रीय हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद द्वारा संचालित प्रशिक्षण-सह-उत्पादन केंद्र का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में संचालित फैशन डिजाइन, हैंडलूम एवं पावरलूम से संबंधित प्रशिक्षण गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की तथा अधिकारियों से चर्चा कर प्रशिक्षण की वर्तमान संरचना, कौशल विकास की प्रक्रिया और प्रशिक्षण उपरांत रोजगार एवं स्वरोजगार की संभावनाओं की जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान अपर मुख्य सचिव ने केंद्र की दीर्घकालीन स्थिरता एवं भविष्य की कार्ययोजना पर विशेष जोर दिया। उन्होंने उत्पादन इकाई का अवलोकन करते हुए प्रशिक्षुओं द्वारा निर्मित वस्त्र एवं अन्य उत्पादों को देखा और उनकी गुणवत्ता की सराहना की। अधिकारियों ने बताया कि ÷माई जी वेलफेयर सोसाइटी÷ का गठन किया जा चुका है, जिसके माध्यम से उत्पादन इकाई को सुदृढ़ एवं स्थायी रूप से स्थापित किया जाएगा तथा उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री पिंगुआ ने लाइवलीहुड कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित विभिन्न ट्रेडों का निरीक्षण किया और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पुनर्वासितों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा केवल प्रशिक्षण प्रदान करना नहीं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात वे स्वयं का उद्यम स्थापित कर सम्मानजनक आजीविका अर्जित कर सकते हैं।

सौहार्द बनाए रखने का आह्वान: जिला एवं पुलिस प्रशासन ने ली समाज प्रमुखों की एसपी दफ्तर में बैठक

होली-ईद से पहले प्रशासन सतर्क, बीजापुर में शांति समिति की बैठक

बीजापुर/नवप्रदेश। आगामी होलिका दहन, होली एवं ईद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के उद्देश्य से जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, मीडिया प्रतिनिधियों तथा व्यापारिक संगठनों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर कलेक्टर श्री भूपेन्द्र अग्रवाल ने सभी समुदायों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और सामाजिक एवं धार्मिक सौहार्द को मजबूत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहार खुशियों और एकता का संदेश देते हैं। अतः सभी नागरिक शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें तथा किसी भी असामाजिक गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को दें। बैठक के दौरान विभिन्न समाजों एवं संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए जिन्हें प्रशासन ने गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।

प्रशासन द्वारा जारी प्रमुख निर्देश- होलिका दहन के लिए लकड़ी आदि की व्यवस्था करते समय किसी की निजी संपत्ति को नुकसान न पहुंचाया जाए। सभी धर्मों का सम्मान करते हुए धार्मिक एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखा जाए। रात्रि 10 बजे तक ही होलिका दहन सम्पन्न किया जाए। उच्च ध्वनि में साउंड सिस्टम का उपयोग न किया जाए। तेज रफ्तार एवं नशे में वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने पर उनके अभिभावकों पर भी कार्रवाई की जाएगी। होली पर्व को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। नगरपालिका क्षेत्र में पानी की समुचित आपूर्ति, साफ-सफाई तथा आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए नगर सेना की टीम तैनात रहेगी ताकि किसी भी स्थिति पर त्वरित नियंत्रण पाया जा सके। पुलिस विभाग द्वारा भी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने हेतु एडवाइजरी जारी की गई है। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता सोम पुजारी, उपाध्यक्ष श्री भुवन सिंह चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री चंद्रकांत गवर्ना, एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल सहित वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि, पार्षद, मीडिया प्रतिनिधि एवं व्यापारी संगठन के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य आपसी सहयोग एवं समन्वय के माध्यम से त्योहारों को शांति, सुरक्षा और भाईचारे के साथ मनाना रहा। सभी उपस्थितजनों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाते हुए सौहार्दपूर्ण होली मनाने का आश्वासन दिया।

रिक्त पदों को भरने 18 मार्च कर आवेदन आमंत्रित

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग से जारी विज्ञप्ति अनुसार महिला एवं बाल विकास विभाग के अधीन संचालित घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 नवा-बिहान योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय पदों पर कर्मचारियों की संविदा भर्ती के प्रावधानों के अनुसार जिला स्तरीय कार्यालय के लिए संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया था जिसकी भर्ती पूर्व में हो चुकी है शेष (1. कम्प्यूटर ऑपरेटर सह सहायक ग्रेड 03, 2. भृत्य) 02 रिक्त पदों की पूर्ति जिला स्तर पर किये जाने हेतु 2 मार्च से 18 मार्च 2026 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है।

न्यूज गैलरी

शहीद स्मारक पर होली खेलने की मनाही

महासमुंद/नवप्रदेश। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चन्द्राकर ने कहा ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक के आसपास जगह पर होली पर्व पर स्मारक की गरिमा और पवित्रता बनाए रखने के लिए होली के अवसर पर वहां रंग-गुलाल न खेलने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि यह स्मारक शहीदों के सर्वोच्च बलिदान के प्रति सम्मान व्यक्त करता है। शहीद स्मारक भारत देश के सपूतों की याद दिलाते हैं। सुरक्षा व स्वच्छता: रंग-गुलाल से स्मारक गंदे हो सकते हैं और वहां सुरक्षा के लिहाज से भी रंग खेलना उचित नहीं है। लोगों ने इन जगहों पर शहीदों को श्रद्धांजलि स्थल हैं।

रंगमंच सौंदर्यीकरण कार्य का नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू

ने आज सुभाष नगर वार्ड क्रमांक 25 में संचालित रंगमंच सौंदर्यीकरण कार्य का स्थल निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण हो तथा गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। अध्यक्ष श्री साहू ने सख्त लहजे में कहा कि निर्माण कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाए और सामग्री की गुणवत्ता सर्वोत्तम हो। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि अध्यक्ष के विशेष प्रयासों से नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में सड़क एवं नाली निर्माण, सार्वजनिक स्थलों का सौंदर्यीकरण तथा आधारभूत सुविधाओं के विस्तार का कार्य निरंतर जारी है। श्री साहू समय-समय पर स्वयं निरीक्षण कर कार्यों की गति और गुणवत्ता सुनिश्चित कर रहे हैं।

एकता लंगेह पहुंची अस्पताल, मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य डॉक्टरों से की चर्चा

महासमुंद/नवप्रदेश। डॉ. एकता लंगेह ने सोहम हॉस्पिटल लभराखुर्द में उपचार करा रहे मरीजों से भेंट कर उनका कुशलक्षेम

जाना। इस दौरान उन्होंने मरीजों को फल, जूस और बिस्किट का वितरण किया। डॉ. लंगेह ने मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए कहा कि जीवन अनमोल है और स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने मरीजों को समय पर उपचार कराने और डॉक्टरों की सलाह का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी मरीजों के दीर्घायु और बेहतर स्वास्थ्य की कामना करते हुए आगे भी अपना ध्यान रखने की अपील की। इस दौरान डॉ. लंगेह के साथ डा. युगल और डा. सोमी चंद्राकर ने अस्पताल का अवलोकन करते हुए हॉस्पिटल प्रबंधन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हास्पिटल में महिलाएं, बच्चों व सभी वर्गों के स्वास्थ्य से सम्बधित सभी मरीजों को उनकी सुविधा के मुताबिक दवाईयों की पर्ची बनाकर उपचार किया जाता है।

वित्तीय वर्ष 26 में संचित उत्पादन में 18% और बिक्री में 10% की वृद्धि

एनएमडीसी का सर्वोत्तम फरवरी प्रदर्शन

हैदराबाद/नवप्रदेश। देश के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी ने फरवरी 2026 में, माह और अप्रैल-फरवरी अवधि दोनों में, पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में उत्पादन निष्पादन में उत्कृष्ट वृद्धि दर्ज की है ।

फरवरी 2026को समाप्त माह में, एनएमडीसी ने फरवरी माह का अबतक का सर्वोत्तम मासिक प्रदर्शन दर्ज किया है, जिसमें उत्पादन बढ़कर 5.35 मिलियन टन दर्ज हुआ, जो कि फरवरी 2025में 4.62 मिलियन टन पर 16त्न की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्शाता है । बिक्री में माह-दर-माह 15.6% की वृद्धि दर्ज हुई, जो 3.98 मिलियन टन से बढ़कर 4.60 मिलियन टन हो गई । उत्पादन लक्ष्य से अधिक हुआ, जो कि खनन क्षमताओं के प्रभावी उपयोग और कंपनी की

परिसंपत्तियों के परिचालन-लय में सुधार को दर्शाता है ।

वित्तवर्ष 26 में एनएमडीसी ने मजबूत प्रदर्शन को बनाए रखा, जिसमें अप्रैल-फ़रवरी आउटपुट में रिकार्ड स्थापित करते हुए उत्पादन बढ़कर 47.79 मिलियन टन हुआ, जो कि पिछले वर्ष की इसी अवधि में 40.49 मिलियन टन पर 18% की वृद्धि है, जबकि बिक्री 44.34 मिलियन टन हुई, जो कि वित्तवर्ष 25की इसी अवधि में40.20 मिलियन टनसे 10% अधिक है ।

इस प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी, एनएमडीसी ने कहा, यह प्रदर्शन हमारे सभी खनन परिसरों की हमारे टीमों के अनुशासन, समर्पण और समन्वय को दर्शाता है । हमारे द्वारा उत्पादित प्रत्येक टन भारत की इस्पात मूल्य-श्रृंखला को मजबूत बनाता है और राष्ट्र के आधारभूत संरचना की वृद्धि में योगदान करता है । वित्तवर्ष 27 की ओर अग्रसर होते हुए हमारा फोकस सुस्पष्ट है : उत्तरदायित्व के साथ क्षमता में वृद्धि, परिचालन दक्षता में सुधार और देश के लिए कच्चे माल की विश्वसनीय सुरक्षा सुनिश्चित करना है । यह श्रेय निश्चित रूप से हमारे कर्मचारियों को जाता है जिनकी प्रतिबद्धता प्रतिदिन एनएमडीसी की प्रगति की चालक शक्ति है ।

होली के कारण सब्जी बाजार किया गया बंद

सब्जी बाजार बंद, बढ़ी आम लोगों की परेशानी

महासमुंद/नवप्रदेश। होली पर्व को देखते हुए सब्जी व्यापारी, कर्मचारी एवं परिवहन से जुड़े लोगों के अवकाश पर रहने के कारण इस बार शहर का मुख्य सब्जी बाजार लगातार सोमवार से ही बंद है। जो अब शनिवार को खुलेगा। जिसके चलते त्योहार से पहले बाजार बंद होने के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आज केवल वही चिल्लर दुकाने खुली जिनके पास स्टाक में पहले से सब्जियों थी।

बता दें कि सब्जी व्यवसाय संघ ने निर्णय लिया है कि होली पर्व के मद्देनज़र सोमवार 2 मार्च से शुक्रवार 6 मार्च तक पूर्णत: बंद रहेगा और शनिवार से पुन: नियमित रूप से खुलेगा। संघ के अध्यक्ष संतोष चंद्राकर ने बताया कि होली के दौरान व्यापारी, कर्मचारी एवं परिवहन से जुड़े लोग अवकाश पर रहते हैं। साथ ही सब्जियों की आवक के लिए उपयोग होने वाले ट्रांसपोर्ट साधन भी बंद रहते हैं। इस वर्ष होलिका दहन और रंगोत्सव के बीच एक दिन का अंतर होने के कारण अवकाश अवधि बढ़ाई गई है। प्रशासन एवं संघ द्वारा बाजार परिसर में सूचना चस्पा कर दी गई थी, ताकि नागरिक समय रहते आवश्यक खरीदारी कर सकें। बाजार बंद रहने की सूचना मिलते ही लोग पहले से ही सब्जियों का स्टॉक करने में जुटे रहे। लेकिन जिन्हें सूचना नहीं मिल पाई वे आज सुबह जब सब्जी बाजार पहुंचे तो उन्हें बाजार बंद मिला। कुछ सब्जी के चिल्हर व्यवसायी जिनके स्टाक में बची सब्जी थी उन्होंने दुकान लगाई। उनके पास से कम चलाने के लिए सब्जी की खरीदी की।

परिवहन सेवा भी होगी प्रभावित

होली के अवसर पर यात्री बसों का परिचालन भी प्रभावित रहेगा। त्योहार के दिन ड्राइवरों और कंडक्टरों के अवकाश पर रहने से बसों के पहिए पूरी तरह थमे रहेंगे। सोमवार शाम से ही बसों की संख्या में कमी आनी शुरू हो गी। आज भी सडकों पर बसों की संख्या कम रही। होली के अगले दिन भी केवल आधी बसों के चलने की संभावना जताई जा रही है। परिवहन सेवा बाधित होने और ट्रेनों में संभावित भीड़ के कारण यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है।

गली- मुहल्ले की भी दुकानें बंद

मालूम हो कि हर सोमवार को सब्जी बाजार बंद रहता है। जिसके चलते सब्जियों की आवक नहीं होती। मुख्य सब्जी बाजार से गली - मुहल्ले में सब्ज़ी का व्यवसाय करने वाले सब्जी खरीदते है और यहाँ बेचते है। इन छोटे सब्जी व्यवसायियों ने रविवार को बाजार से सब्जी खरीदी और सोमवार तक उसे बचे । लेकिन अब उनके पास सब्जी नहीं है जिसके चलते दुकाने बंद रही और लोगों को परेशानी हुई ।

जन-गारंटियों को तेजी और पारदर्शिता के साथ धरातल पर उतार रहीं सरकार: रमेश

महासमुंद/नवप्रदेश। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पिटियाझर सोसायटी अध्यक्ष रमेश साहू ने कहा कि विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार जन-गारंटियों को तेजी और पारदर्शिता के साथ धरातल पर उतार रही है। उन्होंने बताया कि गरीब परिवारों को पक्का मकान देने के संकल्प के तहत आवास प्लस 2.0 योजना में 32 लाख परिवारों को लाभान्वित करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया है। मंजूरी मिलते ही पात्र हितग्राहियों को शीघ्र राशि जारी होने की उम्मीद है।

रमेश साहू ने कहा कि यह सरकार की प्रतिबद्धता और ईमानदार प्रयासों का परिणाम है कि जनता का भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है। बीते वर्ष छत्तीसगढ़ ने अपना रजत जयंती वर्ष मनाया और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी भी गरिमामय ढंग से मनाई गई। उन्होंने कहा कि

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं और अब छत्तीसगढ़ की तस्वीर और तकदीर दोनों बदलती नजर आ रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश शत-प्रतिशत बिजली से संचालित रेल नेटवर्क वाले राज्यों की श्रेणी में शामिल हो गया है, जो आधारभूत संरचना के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि है। माताओं-बहनों से किए गए वादे को निभाते हुए महतारी वंदन योजना के माध्यम से उन्हें आर्थिक संबल प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया गया है। रमेश साहू ने कहा कि 28 फरवरी को जिले के लगभग डेढ़ लाख किसानों को 765 करोड़ रुपये से अधिक की अंतर राशि प्रदान कर सरकार ने उनके त्योहार की खुशियों को दोगुना कर दिया।

कलेक्टर ने सड़क निर्माण का गुणवत्ता परखते हुए समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए

महासमुंद/नवप्रदेश। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सोमवार को एनएच-06 से बेलटुकरी तक जाने वाले मार्ग एवं महासमुंद-तुमगांव रोड का निरीक्षण किया तथा संबंधित निर्माण एजेंसी को आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री लंगेह ने एनएच-06 से बेलटुकरी मार्ग के निरीक्षण के दौरान सड़क की स्थिति, और भारी वाहनों के कारण हो रही क्षति का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर श्री लंगेह ने जिला खनिज अधिकारी फागुलाल नागेश एवं पीएमजेएसवाई के कार्यपालन अभियंता आशीष कुलदीप एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र में संचालित फर्शी पत्थर एवं अन्य खनन उद्योगों की सहायता से सड़क मरम्मत का कार्य शीघ्र कराया जाए। उन्होंने कहा कि खनिज परिवहन में लगे भारी वाहनों के कारण सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं, जिससे आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि खनन कंपनियां अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए सड़क की मरम्मत, गड्ढों की भराई तथा आवश्यक सुधार कार्य जल्द पूरा करें। साथ ही, निर्धारित मानकों के अनुसार सड़क को सुरक्षित और सुगम बनाया जाए, ताकि ग्रामीणों, स्कूली बच्चों एवं राहगीरों को सुविधा मिल सके। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को समय-सीमा तय कर कार्य पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए गए।

नहर लाइनिंग के लिए लाए गए मजदूर पाई पाई को मोहताज, कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार

महासमुंद/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश से मजदूरी और बेहतर रोज़गार के वादे पर नहर लाइनिंग कार्य के लिए लाए गए दर्जनों मजदूर पिछले तीन महीनों से अपनी मेहनत की कमाई के लिए दर-दर भटक रहे हैं। अब हालात यह है कि घर वापसी के लिए भी उनके पास पैसे नहीं है। भुगतान न मिलने से तंग आकर वे अपने परिवारों महिलाओं और छोटे बच्चों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर न्याय की गुहार लगा रहे हैं। कलेक्टोरेट कार्यालय पहुचें मजदूर कृष्ण कुमार करचाम ने बताया कि उन्हें समय पर वेतन और बेहतर सुविधाओं का

भरोसा देकर काम पर लगाया गया था। शुरुआती दिनों में भुगतान का आश्वासन मिलता रहा, लेकिन धीरे-धीरे रकम अटकती चली गई। आरोप है कि ठेकेदार दैनिक खर्च के नाम पर महज़ 400-500 रुपये देता रहा, जो पूरे परिवार के भरण-पोषण के लिए नाकाफी थे। अब तक करीब 4.50 लाख रुपये का भुगतान बकाया बताया जा रहा है। मजदूरों का कहना है कि जब उन्होंने बकाया मांगा तो ठेकेदार ने टालमटोल शुरू कर दी। पिछले कुछ समय से फोन उठाना भी बंद कर दिया गया है। इससे मजदूर खुद को ठगा हुआ और असहाय महसूस कर रहे हैं।

विज्ञान दिवस पर पीएम श्री में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

महासमुंद/नवप्रदेश। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिंदी माध्यम स्कूल, तुमगांव में विज्ञान का अद्भुत उत्सव देखने को मिला। पूरे परिसर में जिज्ञासा, नवाचार और वैज्ञानिक सोच की ऊर्जा स्पंदित होती नजर आई। विद्यार्थियों ने अपने कौशल और रचनात्मकता का ऐसा प्रदर्शन किया, जिसने उपस्थित जनों को अभिभूत कर दिया।

प्रधानाचार्य देवेंद्र अगलावे के मार्गदर्शन में विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने 60 से अधिक आकर्षक एवं कार्यात्मक विज्ञान मॉडल तैयार किए। इन मॉडलों में मानव हृदय की संरचना, भूकंप डिटेक्टर, मिनी रोबोट, सूर्य एवं चंद्र ग्रहण की प्रक्रिया, चंद्रमा-पृथ्वी की कलाएं, कार्बन डिटेक्टर, इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप, वाटर कूलर सहित अनेक उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक प्रकल्प शामिल थे।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 8)
मोहबा बाजार, रायपुर
Email ID - rmczone8@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 29208 दिनांक 03.03.2026
वार्ड का नाम- 19 - डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 19 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR802A0441A जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती SMT AISHWARAYA SHARMA पिता / पति श्री/ श्रीमती SHASHANK SHARMA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती ANJALI CHOUHAN पिता /पति श्री/श्रीमती SHRI MANOJ CHOUHAN ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
श्रीमति राजेश्वरी पटेल
(जोन कमिश्नर)
जोन (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

7 को विराट मंडावी गौंटिया बेड़ा सम्मेलन

भाटापारा/नवप्रदेश। ग्राम टोपा में मंडावी परिवार की महत्वपूर्ण गौटिया बेड़ा बैठक उत्साह और आत्मीयता के वातावरण में संपन्न हुई। ग्राम टोपा एक बार फिर सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना का केंद्र बना, जहां विभिन्न गांवों से पहुंचे सियान और वरिष्ठजनों ने परिवार की मजबूती, परंपराओं के संरक्षण और नई पीढ़ी के मार्गदर्शन पर गंभीर चर्चा की। बैठक के दौरान वक्ताओं ने स्पष्ट कहा कि समय के साथ परिवार का विस्तार तो हुआ है, लेकिन रिश्तों की मजबूती बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक है।

डीबीटी के जरिए 3,106 श्रमिकों एवं 1.51 से अधिक राशि अंतरन

महासमुंद/नवप्रदेश। विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप श्रम विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 में सशक्त श्रमिक, समृद्ध छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। महासमुंद जिले में इस अवधि के दौरान 3,106 श्रमिकों एवं उनके परिवारों को कुल 1 करोड़ 51 लाख 57 हजार 630 रुपए की राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (ष्ठक्चञ्ज) के माध्यम से सीधे बैंक खातों में अंतरित की गई। समयबद्ध सहायता और पारदर्शी प्रक्रिया के कारण श्रमिकों में उत्साह का वातावरण है। विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक संबल मिला है, जिससे उनके जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आया है।? दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना के तहत एक महिला हितग्राही को 1 लाख रुपए की सब्सिडी पर ई-रिक्शा प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया गया।

छ.ग.गृह निर्माण मण्डल, वृत्त-दुर्ग

प्रथम निविदा आमंत्रण विज्ञापन क्र. 06

अटल विहार योजनांतर्गत सेलूद पाटन, जिला-दुर्ग में 70 नग एल.आई.जी भवनों का निर्माण कार्य (फेस-II) हेतु प्रपत्र-'एफ' में राशि रू. 652.79 लाख की ऑनलाईन निविदा ('प्री-क्वालीफिकेशन' के आधार पर) एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत 'ब' वर्ग एवं ऊपर श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण मण्डल वेबसाईट www.cghb.gov.in एवं http://eproc.cgstate.gov.in में उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु मो.नं. 94242-84256 पर सम्पर्क करें।

उपायुक्त

"सबके घर की आस, सबके लिए आवास, छ.ग.गृह निर्माण मण्डल पर सबका विश्वास"

S-47080/3

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक 10667 / लो.क.वि./न.पा.नि./2026 रायगढ़, दिनांक 02/03/26

।। निविदा आमंत्रण सूचना ।।

नगर पालिक निगम, रायगढ़ क्षेत्रांतर्गत अधोसंरचना मद से निम्नलिखित कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र "अ" में पी.डब्लू.डी. एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015 प्रचलित से दिनाँक 25-03-26 तक अपरान्ह 04:00 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 25-03-26 को अपरान्ह 04:30 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी। विस्तृत जानकारी नगर पालिक निगम, रायगढ़ कार्यालय एवं वेबसाईट www.nagarnigamraigarh.com/uad.cg.gov.in से अवलोकन व डाउनलोड कर सकते हैं।

क्र.	कार्य का नाम	कार्य की लागत / अमानत राशि
1	नगर पालिक निगम, रायगढ़ क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थानों पर जेब्रा क्रॉसिंग निर्माण कार्य।	08.00/6000.00

कार्यपालन अभियंता
न.पा.नि. रायगढ़

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER PUBLIC WORKS DEPARTMENT, E/M CIRCLE, RAIPUR (C.G)
e-Procurement Tender Notice

Online tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh from contractors, C.G. P.W.D in new Registration system (unified Registration system) for the following work :-

NIT No.	Name of work	Probable amount of contract
98/SE E/M/2025 (ICall) System Tender No.186688 Registered contractor class in "D" & above For Form B (ITEM Rate Basis)	Shifting of 11 KV line, LT Line, 11 KV Line D P & X'mer DP due to road widening work Route from Village Koma To Piperchhedi (Rajim) District Gariyaband under P.W.D. (E/M) Sub-Division Gariyaband	Rs 30.90 Lacs

Date of bid submission will be 23-03-2026
The tender documents can be downloaded from the web-portal http://eproc.cgstate.gov.in. Only those contractors/bidders, interested in bidding shall pay the tender document cost online.

G - 252607019/1

Superintending Engineer
P.W.D., E/M Circle Raipur (C.G)

कार्यालय आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास इन्द्रावती भवन, भूतल, ब्लॉक 4डी, नवा रायपुर नगर (छ.ग.)
फोन : 2263708 फैक्स - 2262558
Website-tribal.cg.gov.in Email -ctd.cg@nic.in
क्रमांक/रा.यु.उ.यो./133/2025-26/14268 नवा रायपुर दिनांक 2/3/2026

-: संक्षिप्त विज्ञप्ति :-

राजीव युवा उत्थान योजना वर्ष 2019 अंतर्गत छ.ग. राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की कोचिंग जिला-बिलासपुर में प्रदान करने हेतु निजी प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थाओं से ऑनलाइन
'रुचि की अभिव्यक्ति' का आमंत्रण (वर्ष 2025-26)

वर्ष 2025-26 में राजीव युवा उत्थान योजना वर्ष 2019 अंतर्गत राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र अभ्यर्थियों को छ.ग. राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की कोचिंग जिला-बिलासपुर में प्रदान करने हेतु परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण उपलब्ध कराने एवं प्रतिस्पर्धात्मक बनाकर परिणाममूलक सफलता सुनिश्चित करने हेतु विभाग द्वारा इस क्षेत्र में कार्यरत निजी प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थाओं से 'रूचि की अभिव्यक्ति ' (Expression of Interest) का ऑनलाईन प्रस्ताव आमंत्रित है।

1.	रूचि की अभिव्यक्ति का ऑनलाईन प्रदर्शन की तिथि	26.02.2026 दोपहर 02:00 बजे से
2.	रूचि की अभिव्यक्ति के संबंध में PreBid Meeting	09.03.2026 दोपहर 02.00 बजे
3.	निर्धारित प्रपत्र में प्रस्ताव ऑनलाईन प्रेषित करने की अंतिम तिथि	27.03.2026 सायं 5:00 बजे तक
4.	प्राप्त प्रस्ताव को समिति के समक्ष खोला जाना	30.03.2026 दोपहर 12:00 बजे
5.	तकनीकी मुल्यांकन एवं अन्य कार्यवाही/जानकारी की सूचना	पृथक से दी जावेगी

अन्य कार्यवाही एवं तिथियों में परिवर्तन की सूचना संबंधित प्राधिकारी/चयन समिति द्वारा पृथक से विभागीय वेबसाईट पर दी जायेगी। विस्तृत जानकारी एवं नियमावली हेतु विभागीय वेबसाईट www.tribal.cg.gov.in से अवलोकन किया सकता है तथा ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in के **निविदा क्रमांक-186540 दिनांक 27.02.2026** से वांछित जानकारी/प्रपत्र का अवलोकन/डाउनलोड कर सकते हैं।

जी-252607001/4

उपायुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)

ग्रामोद्योग संचालनालय हाथकरघा प्रभाग
चतुर्थतल, ब्लॉक-ए , इंद्रावती भवन, नया रायपुर 492002 (छ.ग.)
फोन नं.-0771-2221766 एवं नं. -0771-2511549
email-handloomraipur@gmail.com

क्र./हा./पुरस्कार/2025-26/306 नया रायपुर दिनांक 02.03.2026

राजराजेश्वरी करूणामाता हाथकरघा प्रोत्साहन पुरस्कार योजनांतर्गत वर्ष 2025-26 के प्रविष्टियां के आमंत्रण हेतु तिथि बढ़ाने हेतु संक्षिप्त विज्ञापन सूचना

छत्तीसढ़ शासन, ग्रामोद्योग विभाग द्वारा प्रदेश के हाथकरघा सूती वस्त्र उद्योग को संरक्षण प्रदान करने तथा सूती वस्त्र बुनकरों की कल्पनाशीलता, योग्यता, तथा कारीगरी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से **राजराजेश्वरी करूणामाता हाथकरघा प्रोत्साहन पुरस्कार योजना** की स्थापना की गई है। इस पुरस्कार योजना के तहत निर्णायक मंडल द्वारा चयनित सर्वश्रेष्ठ 02 बुनकरों को राशि एक-एक लाख रूपये के मान से कुल राशि रू. 2.00 लाख (अक्षरी राशि रू. दो लाख रूपये मात्र) नगद पुरस्कार तथा प्रतीक चिन्ह शॉल एवं श्रीफल दिया जावेगा।

राजराजेश्वरी करूणामाता हाथकरघा प्रोत्साहन पुरस्कार योजना वर्ष 2025-26 के लिए प्रदेश के सूती वस्त्र बुनाई करने वाले बुनकरों से दिनांक **13.04.2026 शाम 4.00 बजे** तक प्रविष्टियां आमंत्रित की जाती है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त प्रविष्टियों पर विचार नहीं किया जावेगा। इस विज्ञापन की विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र का प्रारूप www.ruralindus-tries.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

(संचालक , ग्रामोद्योग द्वारा अनुमोदित)

जी- 252607010/3

संयुक्त संचालक
ग्रामोद्योग संचालनालय हाथकरघा प्रभाग छत्तीसगढ़, रायपुर

होलिका दहन के बाद दिखा होली का उत्साह, चंद्रग्रहण के कारण आज मनाई जाएगी होली

मुंगेली/नवप्रदेश। होलिका दहन के पश्चात् नगर में होली का माहौल नजर आने लगा, फाग की टोलियां होलिका दहन के पास देर रात तक गुंजती रही लोग एक-दूसरे के गुलाल लगा कर रंगों के पर्व की शुरूआत की सोमवार को होलिका दहन के पश्चात् अग्रास चंद्र ग्रहण की वजह से लोग दूसरे दिन मंगलवार को होली का त्योहार नहीं मनाए, सुबह से ही सुतक लग जाने के कारण देर रात तक ग्रहण की स्थिति में लोग अपने घरो से नहीं निकले ग्रहण समाप्ति के पश्चात् दूसरे दिन 4 तारिख बुधवार को रंगो का त्यौहार होली मनाया जाएगा। होली मे बच्चे, युवाओं एवं स्कूली विद्यार्थियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। रंगों के त्यौहार में बच्चे एवं युवा वर्ग एक-दूसरे पर रंग गुलाल डालकर होली त्यौहार की शुरूआत कर दिए है।

इस बार होली के सामान की दुकानों में भीड़ लगी हुई है। शक्कर से बनाई जाने वाली माला हरवा, किराना दुकान एवं रेडीमेड कपड़ो की दुकानो में भीड़ नजर आ रही है। होलिका दहन के पश्चात् लोग होली के डांग के पास ही एक दूसरे गुलाल लगा कर बधाई देते नजर आए, यह पहली बार हुआ है की होलिका दहन के पश्चात् दूसरे दिन होली नही मनाई जा रही है ग्रहण के कारण होलिका दहन के एक दिन बाद बुधवार को होली खेली जाएगी नगर के लगभग 10-11 जगहों पर होलिका दहन किया गया नगर में मुख्य रूप से बड़ा बाजार, पुराना बस स्टैण्ड, पुलपारा मलाई घाट, दाऊपारा, रावणभाठा, कुम्हार पारा, विनोबा नगर, नया बस स्टैण्ड, तिलक वार्ड, पड़ाव चौक, खर्रीपारा आदि स्थानों सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम

रामगढ़, खैरवार, नवांगांव, घुठेरा, संगवा, सुरदा, देवगांव, करही आदि ग्रामों में होलिका दहन किया गया।

नगर के मेन रोड गोल बाजार एवं दाऊपारा तथा पड़ाव चौक में सहित मुख्य मार्गो पर सड़क के किनारे रंग गुलाल एवं पिचकारियों दुकाने लगी हुई है। इस बार मोटू-पतलू जैसे कार्टून कैरेक्टर की पिचकारियां के साथ-साथ शाहरूख, सलमान और हनी सिंग के बाल ब्रिक्री के लिए आए हुए है। रंग गुलाल में हर्बल गुलाल एवं तोता ब्राण्ड पसंद किये जा रहे है। रंग गुलाल पिचकारी से होली बाजार में रौनक छाई हुई है। पिचकारियों में गन, टैंक पिचकारी के अलावा डाइनोसार टेडी बियर पिचकारी बच्चों को लुभा रही है। तरह-तरह की आवाज निकालने वाले भोपु भी बच्चो को लुभा रहे है। होली में अजब-गजब रंग भरने के लिये तरह-तरह की टोपियॉ बाजार में ब्रिक्री होते रही।

होली बाजार में रौनक, पिचकारियों की बढ़ी मांग

मेन रोड, गोल बाजार, दाऊपारा और पड़ाव चौक सहित प्रमुख मार्गों पर रंग-गुलाल और पिचकारियों की दुकानें सजी हुई हैं। इस बार गन, टैंक, डायनासोर और टेडी बियर पिचकारियां बच्चों को आकर्षित कर रही हैं। मोटू-पतलू जैसे कार्टून कैरेक्टर वाली पिचकारियां भी बाजार में उपलब्ध हैं। हर्बल गुलाल और तोता ब्रांड की मांग अधिक देखी जा रही है।

न्यूज गैलरी

जल जीवन मिशन की बैठक 6 मार्च को

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला जल स्वच्छता मिशन के अध्यक्ष राजेन्द्र कटारा की अध्यक्षता में 06 मार्च 2026 को प्रातः 11 बजे से संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत जल जीवन मिशन के कार्यों की अद्यतन प्रगतिएवं विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी साथ ही जल उत्सव पखवाड़ा कार्यक्रम 8 मार्च से 22 मार्च 2026 तक आयोजित किये जाने हेतु कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार करने के साथ ही चर्चा एवं अनुमोदन हेतु बैठक आयोजित किया गया है। उक्त बैठक में समिति के सदस्यों से निर्धारित तिथि व समय में उपस्थित होने को कहा गया है।

30 रुपए की जगह 20 रुपए प्रति छात्र शुल्क की मांग

मुंगेली/नवप्रदेश। गवर्नमेंट एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन संगठन के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सोनकर ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार नवरंग के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देकर जिला स्तरीय एकीकृत स्थानीय परीक्षा कक्षा 9वी एवं 11 वी के लिए प्रत्येक विद्यालय प्रत्येक विद्यार्थी की दर से 30 रुपये जमा करने का निर्देश देकर तत्काल चेक में जमा करने का आदेश दिया है। इस आदेश पर गवर्नमेंट एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन ने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर 20 रुपये प्रति छात्र करने की मांग की है। संगठन के प्रदेश महामंत्री बसंत बंजारे, सनत बंजारे, जिला संयोजक मनीराम ध्रुव ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय डीपी आई ने सत्र 2025-26 साल भर के लिए 150 रुपये फीस लेने का प्रावधान किया और उस फीस से तिमाही छमाही और वार्षिक परीक्षा का आयोजन किया जाता हैं। परंतु वर्तमान सत्र में तिमाही छमाही जिला स्तर पर प्रश्न पत्र देकर फोटो कापी में ज्यादा खर्च हुआ। वहीं 90 प्लस अभियान के कारण प्रति माह मूल्याकंन व प्रीबोर्ड परीक्षा, अंकसूची में ज्यादा खर्च हो गया। जिसके कारण विद्यालय में ज्यादा बोझ वहन करना पड़ता है। ऐसी स्थिति से जिला शिक्षा अधिकारी से मिलकर 30 रुपये के जगह 20 रुपये प्रति छात्र करने की मांग संगठनने की हैं। उक्त जानकारी संगठन सचिव रोहित डिंडोरे, प्रवक्ता विजय मरखंडे ने दी हैं।

भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न मोर्चों की नियुक्ति घोषित

मुंगेली/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से किसान मोर्चा, युवा मोर्चा एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों की नियुक्ति की घोषणा की गई है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष की अनुमति से जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी द्वारा किया गया है। जारी सूची के अनुसार किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष के रूप रितेश यादव, महामंत्री शंकर सिंह ठाकुर, विश्वनाथ साहू को जिम्मेदारी सौंपी गई है। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष पद पर राकेश साहू, महामंत्री घनेन्द्र राजपूत, राजेंद्र साहू को नियुक्त किया गया है। वहीं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष के रूप में महाजन जायसवाल, महामंत्री रामकुमार साहू, टीकाराम वर्मा को दायित्व प्रदान किया गया है। इसके अतिरिक्त विभिन्न मोर्चों में उपाध्यक्ष, महामंत्री, मंत्री, कोषाध्यक्ष, सह कोषाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी, आईटी सेल संयोजक सहित कार्यसमिति सदस्यों की भी नियुक्ति की गई है। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन विस्तार, बूथ स्तर तक मजबूती तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने भी नई टीम का स्वागत करते हुए संगठन को और सशक्त बनाने का संकल्प व्यक्त किया है। जानकारी जिला मीडिया प्रभारी रामशरण यादव ने दिया।

मुंगेली में स्कूली वाहनों के खिलाफ सघन जांच अभियान

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला परिवहन विभाग द्वारा स्कूली वाहनों के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच में मोटरयान अधिनियम के तहत कुल 23 वाहनों पर कार्रवाई की गई। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 12 हजार 800 रुपये शमन शुल्क के रूप में वसूले गए, जबकि 10 हजार 800 रुपये की ई-चालान कार्रवाई की गई। इस प्रकार दो दिनों में कुल 23 हजार 600 रुपये की राजस्व वसूली की गई। जिला परिवहन अधिकारी असीम माथुर ने बताया कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह अभियान चलाया गया। जांच के दौरान वाहनों के दस्तावेज, फिटनेस, परमिट, ओवरलोडिंग, सुरक्षा मानकों एवं अन्य आवश्यक प्रावधानों की जांच की गई। जिन वाहनों में खामियां पाई गईं, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर आगे भी इस तरह की नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

होली से पहले अवैध शराब के खिलाफ सघन अभियान

मुंगेली/नवप्रदेश। होली पर्व के मद्देनजर आबकारी विभाग द्वारा जिले भर में अवैध मदिरा के निर्माण, भंडारण एवं विक्रय के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 01 मार्च को टीम द्वारा अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई कर 10.6 लीटर देशी एवं विदेशी मदिरा जब्त किया गया। अभियान के तहत दाऊपारा एंड्रूज वार्ड में धर्मेंद्र निर्मलकर एवं जैनेंद्र साहू के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(ख) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। इसी प्रकार मल्हापारा, मुंगेली में अश्मिन गुप्ता (22) के विरुद्ध धारा 34(1)(क), 34(2) एवं 59(क) के तहत मामला कायम कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।जिला आबकारी अधिकारी रविशंकर साय ने बताया कि होली जैसे प्रमुख त्यौहारों के दौरान अवैध शराब की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष निगरानी रखी जा रही है।

स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों में आधार पंजीयन पर जोर

मुंगेली/नवप्रदेश। समय-सीमा की बैठक में अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी ने स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में आधार पंजीयन और आधार अद्यतन की स्थिति की जानकारी लेते हुए शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि आधार से संबंधित कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होने विभिन्न विभागों की योजनाओं और गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की। अधिकारियों को लक्ष्य अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने तथा जनहित से जुड़े मामलों में गंभीरता और जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में कृषि, खाद्य, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सहित अन्य विभागों की प्रगति की विभागवार समीक्षा की गई।

एडीएम तिवारी ने पीएम सूर्य घर योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक हितग्राहियों को योजना से जोड़ने के निर्देश दिए। एडीएम ने अधिकारियों से प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने को कहा, ताकि आमजन को योजना का अधिकतम लाभ मिल सके। आगामी होली पर्व के मद्देनजर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश देते हुए उन्होंने नगरीय निकायों को पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने, स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता बनाए रखने तथा आपात स्थितियों से निपटने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण रखने को कहा। उन्होंने सभी विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में होली मनाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दिया। एडीएम श्रीमती तिवारी ने न्यायालयीन प्रकरणों में पारित आदेशों का समय-सीमा में पालन सुनिश्चित करने तथा सीएम जनदर्शन के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का त्वरित एवं प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि दूर-दराज से आने वाले नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनहित के मामलों में संवेदनशीलता और सक्रियता के साथ कार्य कर आमजन को राहत पहुंचाना ही प्रशासन का मूल उद्देश्य होना चाहिए।

कानून-व्यवस्था और जनसमस्याओं पर फोकस

होली पर्व के मद्देनजर कानून-व्यवस्था बनाए रखने, नगरीय निकायों में पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने, स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता बनाए रखने तथा आपात स्थितियों से निपटने की तैयारियां पूर्ण रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही न्यायालयीन प्रकरणों के आदेशों का समय-सीमा में पालन तथा सीएम जनदर्शन के आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

लूट और हत्या के प्रयास के तीन आरोपी गिरफ्तार

मुंगेली/नवप्रदेश। हत्या का प्रयास कर सोने का लॉकेट लूट करने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया। आरोपियों से सोने का लॉकेट एवं घटनाक्रम से संबंधित मोबाइल जप्त किया गया।

आरोपियों के विरूद्ध थाना मुंगेली में धारा 109(1), 309(4), 126 (2), 324(4), 296, 351(3), 3(5) बी.एन.एस.पंजीबद्ध किया गया। प्रार्थी ताम्रज सिंह निवासी झाफल थाना लोरमी का थाना उपस्थित आकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि 2 मार्च के रात्रि करीबन 3.30 बजे रायपुर जाने के लिये घर से अपने मोटरसायकल क्रमांक सीजी 28 यू 7390 से निकला था सुबह करीबन 4.15 बजे मुंगेली लोरमी तिराहा से पहले पंहुचा था कि तीन व्यक्ति रास्ते मे रोकवाये तो रूकने पर एक व्यक्ति प्रार्थी ताम्रज सिंह के कालर को पकड़कर गले में पहने हुये काली रस्सी से पहने सोने के लाकेट ''ऊं'' लिखा हुआ को लूट लिया और पत्थर से मोटरसायकल के हेड लाईट को मारकर तोडफोड किया। मना किया तो गंदी-गंदी मां बहन गाली गलौज देते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये चप्पल को निकालकर मारने लगा और प्रार्थी ताम्रज के गले को पकड़कर जमीन में गिरा दिया।

जैसे-तैसे अपने गले को छुडाया अगर थोडा समय और मेरे गले को दबाये रहता तो निश्चित ही मेरा जान जा सकता था पास में ही उसके एक साथी द्वारा प्रार्थी के साथ हो रहे घटना का विडियो बना रहा था और इसको वायरल करेंगे कहकर धमकी दे रहा था। रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली मे धारा सदर का अपराध पाये जाने से बी.एन.एस. कायम कर विवेचना में लिया गया।

रसोइयों की हड़ताल होली तक स्थगित

अंबिकापुर/नवप्रदेश। स्कूलों में मध्याह्न भोजन बनाने वाले रसोइयों का आंदोलन फिलहाल होली तक स्थगित कर दिया गया है। प्रदेश रसोईया विकास महासंघ अंबिकापुर इकाई 22 फरवरी से वेतन वृद्धि, नियमितीकरण, सेवा मुक्ति से पहले कलेक्टर की सहमति और निष्कासन पर रोक जैसी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रही थी। अब संघ ने त्योहार को देखते हुए आंदोलन अस्थायी रूप से रोकने का निर्णय लिया है। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि वर्तमान में उन्हें मात्र 2 हजार रुपए मासिक मानदेय दिया जा रहा है, जो प्रतिदिन लगभग 66 रुपए के बराबर है। इतनी कम राशि में परिवार का भरण-पोषण संभव नहीं है। रसोइयों ने मानदेय में पर्याप्त वृद्धि और नौकरी की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग दोहराई है। संघ के संरक्षक मुकेश गोस्वामी ने कहा कि यह लड़ाई रसोइयों के सम्मान और अधिकारों की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि होली के बाद पुनः अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया जाएगा। सोमवार को रसोइया संघ ने शहर में रैली निकालकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

हेपेटाइटिस रोकथाम के लिए प्रशिक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिले में हेपेटाइटिस बी एवं सी की रोकथाम, समय पर पहचान और प्रभावी उपचार सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर के निर्देशानुसार एक दिवसीय बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य कर्मियों को हेपेटाइटिस की रोकथाम, स्क्रीनिंग, रिपोर्टिंग एवं उपचार संबंधी अद्यतन दिशानिर्देशों की विस्तृत जानकारी प्रदान करना था, ताकि जिले में वायरल हेपेटाइटिस उन्मूलन की दिशा में ठोस प्रगति सुनिश्चित की जा सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने बताया कि समय पर जांच और उपचार से संक्रमण को प्रभावी रूप से रोका जा सकता है। विशेष रूप से उच्च जोखिम समूहों में नियमित स्क्रीनिंग और जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी स्वास्थ्य संस्थानों को उच्च जोखिम समूहों एवं गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला नोडल अधिकारी डॉ. शिव पाल सिंह सिदार ने कहा कि हेपेटाइटिस एक गंभीर लेकिन नियंत्रित की जा सकने वाली बीमारी है। संक्रमित रक्त, असुरक्षित सुई या ब्लेड का उपयोग, असुरक्षित टैटू बनवाना तथा असुरक्षित यौन व्यवहार हेपेटाइटिस संक्रमण के प्रमुख कारण हैं।

धोंधा में कृषि महाविद्यालय भवन का किया भूमिपूजन

अंबिकापुर/नवप्रदेश। ग्राम धोन्धा में बहुप्रतीक्षित कृषि महाविद्यालय भवन का विधिवत भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि मंत्री रामविचार नेताम व विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते मंच साझा करते नजर आए। कृषि महाविद्यालय भवन का निर्माण 889.53 लाख रुपए और बालक व कन्या छात्रावास भवन का निर्माण 602.10 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। मंत्रोच्चार व विधि-विधान के साथ संपन्न भूमिपूजन समारोह में महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े और सरगुजा सांसद चिंतामणी महाराज अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रमणी पैकरा, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुखमनिया आयम, ग्राम पंचायत धौन्धा की सरपंच सुसन्ना देवी सहित बड़ी संख्या में किसान व ग्रामीण मौजूद रहे। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि यह केवल भवन निर्माण नहीं, बल्कि क्षेत्र के कृषि भविष्य की मजबूत नींव है।

हुड़दंग और अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

मुंगेली/नवप्रदेश। आगामी होली पर्व को लेकर शांति और सौहार्द्र पूर्ण वातावरण पर संपन्न कराने 1 मार्च को पुलिस थाना फास्टरपुर सेतगंगा परिसर में शांति समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी शत्रुहन खूंटे ने की।

बैठक को संबोधित करते हुये खूंटे ने कहा कि होली पर्व के दौरान किसी अव्यवस्था या कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालो की किसी भी सूरत में बक्शा नही जायेगा। उन्होने स्पष्ट कहा है कि विशेष रूप से हुडदंगियो की नशे की हालात में हंगामा करने वालो की और जबरन रंग लगाने जैसे कृत्यों पर कड़ी निगरानी रखी जायेगी। सोशल मिडिया या अन्य किसी अफ्वाह फैलाने वाले या फिर संप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने वालो की कडी कानूनी कार्यवाही की जायेगी। उन्होने अपील की है कि किसी भी प्रकार के संदिग्ध गतिविधियो की सूचना तत्काल पुलिस को दे ताकि समय पर कार्यवाही की जा सकें। उन्होने आगे कहा कि अतिसंवेदनशील क्षेत्र में पुलिस पदाधिकारी, जवानो की ड्यूटी लगातार तैनाती रहेगी। पर्व पर भाई चारा और सदभाव के साथ सभी मिल जूलकर पर्व को मनायें। यह प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है पर्व पर एक-दूसरे का भावना का सम्मान करें और शांति व सद्भाव बनाये रखें। बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियो ने भी पुलिस प्रशासन को हर संभव सहयोग दिलाने की भरोसा दिलाया किसी प्रकार की विवाद और संदिग्ध गतिविधियो की तत्काल सूचना पुलिस प्रशासन को देने की बात भी कही गई। इस अवसर पर पुलिस परिवार फास्टरपुर सेतगंगा, जनप्रतिधि और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।

प्रथम पेज का शेष...

ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट...

गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के कमांडर-इन-चीफ के एक सीनियर सलाहकार इब्राहिम जबारी ने सरकारी मीडिया में छपी खबरों में कहा, 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद है। अगर कोई गुजरने की कोशिश करता है, तो रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के हीरो और रेगुलर नेवी उन जहाजों को आग लगा देंगे।' ईरान और ओमान के बीच मौजूद यह स्ट्रेट ग्लोबल ट्रेड में सबसे जरूरी रुकावटों में से एक है। यह फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी और उसके आगे अरब सागर से जोड़ता है। हालांकि यह ईरान और ओमान से घिरा है, लेकिन इसे एक इंटरनेशनल शिपिंग लेन माना जाता है।

ईरान-इजराइल में फंसे...

एयरपोर्ट के अंदर ग्रुप में बाहर जाने से मना किया जा रहा है। सिंगल व्यक्ति बाहर जाकर केवल जरूरी सामान खरीदकर ला सकता है।

उमरा में सउदी अरब जाने वालों का जत्था भी रुका

रमजान में रायपुर शहर से उमरा करने सउदी अरब जाने वाले लोगों का जत्था भी रुक गया है। 60-60 लोगों के दो ग्रुप ने सउदी अरब की टिकट कैंसिल कराई है। अब ये जत्थे के ईद के कुछ दिन पहले रवाना होने की संभावना है।

राज्यसभा के लिए लक्ष्मी वर्मा...

चुनाव में उनकी बलौदाबाजार क्षेत्र से उनको प्रत्याशी बनाए जाने की चर्चा हुई थी। इसके बाद लोकसभा चुनाव के दौरान भी उनके नाम की पार्टी के भीतर चर्चा रही, लेकिन अब जाकर पार्टी ने उन पर भरोसा जताते हुए राज्यसभा सीट के लिए उम्मीदवार बनाया है, जिसमें उनके जीतने की पूरी संभावना है।

31 मार्च से पहले नक्सलियों...

है। केंद्रीय बलों और जिला पुलिस के बीच रियल-टाइम कोऑर्डिनेशन को और मजबूत करने के निर्देश दिए गए हैं।

डीजीपी ने स्पष्ट किया कि समीक्षा बैठक को बस्तर में रखने का उद्देश्य ग्राउंड रियलिटी को समझना और उसी अनुसार रणनीति तय करना है। साथ ही नक्सलियों के लिए आत्मसमर्पण का विकल्प खुला बताते हुए कहा गया कि समय सीमित है। सरेंडर करने वालों को पुनर्वास नीति के तहत सुरक्षित भविष्य मिलेगा। संकेत साफ हैं आने वाले दिनों में बस्तर में नक्सल विरोधी अभियान अधिक केंद्रित, तेज और निर्णायक रूप से आगे बढ़ेगा।

एआई से बने फर्जी फैसलों का...

काउंसिल ऑफ इंडिया को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा है। अदालत ने साफ कर दिया है कि न्यायपालिका की सत्यनिष्ठा से खिलवाड़ करने वालों को इसके कानूनी परिणाम भुगतने होंगे और हर हाल में निर्णय केवल प्रामाणिक कानूनी नजीरों के आधार पर ही लिए जाने चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट में यह पूरा विवाद तब पहुंचा जब आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के एक आदेश को चुनौती दी गई। दरअसल, आंध्र प्रदेश की एक निचली अदालत ने एक संपत्ति विवाद के मामले में एडवोकेट-कमिश्नर की रिपोर्ट पर आपत्तियों को खारिज कर दिया था। ट्रायल कोर्ट ने पिछले साल अगस्त में दिए गए अपने आदेश में कुछ ऐसे पुराने फैसलों का हवाला दिया, जो असल में कभी अस्तित्व में ही नहीं थे।

जब याचिकाकर्ताओं ने इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी, तो यह चौंकाने वाला सच सामने आया कि वे सभी फैसले एआई द्वारा तैयार किए गए पूरी तरह से फर्जी और मनगढ़ंत दस्तावेज थे। हाईकोर्ट ने हालांकि ट्रायल कोर्ट को चेतावनी दी, लेकिन मामले को मेरिट पर तय कर दिया था। अब सुप्रीम कोर्ट ने इस पूरी न्यायिक प्रक्रिया की ईमानदारी और पवित्रता की जांच के लिए मोर्चा संभाल लिया है और ट्रायल कोर्ट को उस विवादित रिपोर्ट के आधार पर आगे बढ़ने से फिलहाल रोक दिया है।

आवास निर्माण में लक्ष्यात्मक प्रगति लाना करें सुनिश्चित: जिला पंचायत सीईओ

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास, पीएम जनमन, स्वास्थ्य, राजस्व प्रकरण सहित शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

जिला पंचायत सीईओ तोमर ने बैठक में राजस्व विभाग के अंतर्गत अनुविभाग एवं तहसीलवार लंबित प्रकरणों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने लोक सेवा केंद्र में लंबित प्रकरणों, अविवादित-विवादित नामांतरण, खाता विभाजन, अभिलेख सुधार, सीमांकन, आधार प्रविष्टि एवं भू-अर्जन से संबंधित मामलों की बिंदुवार जानकारी ली। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सभी लंबित प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने पीजी पोर्टल, जनशिकायत, समय-सीमा प्रकरण एवं हाई कोर्ट में लंबित प्रकरणों का भी त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि राज्य शासन द्वारा आवास निर्माण की निरंतर समीक्षा की जा रही है। इसलिए जिले में स्वीकृत सभी आवासों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने तथा पूर्ण आवासों में अनिवार्य रूप से सीसी प्रविष्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम जनमन आवास एवं

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की प्रगति की जानकारी लेते हुए स्वीकृत कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने को कहा। साथ ही मनरेगा अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों को में भी तेजी लाने के निर्देश दिये। सीईओ तोमर ने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत एएनसी रजिस्ट्रेशन, संस्थागत प्रसव, मोबाइल मेडिकल यूनिट के अंतर्गत लाभान्वित जनसंख्या, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत जांच एवं उपचार, मौसमी बीमारियों की जांच की जानकारी ली। उन्होंने गर्भवती माताओं के समय पर पंजीयन एवं नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने को कहा।

अवैध खनन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी

बैठक में अवैध खनन एवं परिवहन को लेकर जिला पंचायत सीईओ ने संबंधित अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग कर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण रखा जा सके। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाने तथा लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने को कहा।

न्यूज गैलरी

जिले में नई गाइडलाइन दरें प्रभावशील

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में संपत्ति के पंजीयन एवं मूल्यांकन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी एवं व्यवहारिक बनाने की दिशा में राज्य शासन द्वारा लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में दिनांक 20 नवम्बर 2025 से लागू नवीन गाइडलाइन दरों के संबंध में आवश्यकता अनुसार पुनरीक्षण हेतु जिला मूल्यांकन समितियों को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए थे। शासन के निर्देशों के अनुरूप सरगुजा जिले की जिला मूल्यांकन समितियों द्वारा संशोधित प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। इन प्रस्तावों पर विचार-विमर्श के लिए महानिरीक्षक पंजीयन की अध्यक्षता में 'छत्तीसगढ़ गाइडलाइन दरों का निर्धारण नियम,2000' के प्रावधानों के तहत केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड की बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्राप्त प्रस्तावित गाइडलाइन दरों का परीक्षण किया गया। समग्र समीक्षा एवं चर्चा के उपरांत केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड ने सरगुजा जिले से प्राप्त गाइडलाइन दरों के प्रस्तावों को अनुमोदित कर दिया है। केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा अनुमोदित नवीन गाइडलाइन दरें सरगुजा जिले में 2 मार्च 2026 से प्रभावशील हो गई है। आम नागरिक एवं संबंधित हितधारक नवीन दरों की विस्तृत जानकारी जिला पंजीयन कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य के सभी 33 जिलों के लिए नवीन पुनरीक्षित गाइडलाइन दरें जारी कर दी गई हैं, जिससे पंजीयन प्रक्रिया अधिक सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं यथार्थपरक बनने की दिशा में मदद मिलेगी।

बकरी इकाई वितरण के लिए खुला बाजार 13 मार्च को

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। पशु चिकित्सा सेवाएं के उप संचालक ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन की 'धरती आबा जनजाति उत्कर्ष अभियान' योजना के तहत चयनित 11 हितग्राहियों को बकरी इकाई वितरण हेतु आगामी 13 मार्च 2026 को अम्बिकापुर में खुले बाजार का आयोजन किया जाएगा। इसमें भाग लेने के लिए राज्य के पंजीकृत पशु व्यापारियों को आमंत्रित किया गया है। इच्छुक व्यापारी अपने आवेदन 09 मार्च 2026 तक जमा कर सकते हैं। इच्छुक व्यापारी आवेदन का प्रारूप और अन्य विस्तृत जानकारी सरगुजा जिले की आधिकारिक वेबसाइट httpÑ//surguja.gov.in से प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त कार्यालयीन समय में कार्यालय उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं में उपस्थित होकर भी जानकारी ली जा सकती है। उन्होंने बताया कि कुल 11 बकरी इकाई का वितरण किया जाना है। प्रत्येक इकाई में 5 मादा बकरी और 1 नर बकरा शामिल हैं। इस प्रकार कुल 55 मादा बकरी और 11 नर बकरों का वितरण होगा। मादा बकरी की आयु न्यूनतम 1 वर्ष और वजन कम से कम 10 किलोग्राम होना अनिवार्य है। इसके लिए प्रति बकरी 6 हजार रुपए का भुगतान किया जाएगा। नर बकरा उन्नत नस्ल का होना चाहिए, जिसकी आयु न्यूनतम 1.5 वर्ष और वजन कम से कम 15 किलोग्राम हो। इसके लिए प्रति बकरा 10 हजार रुपए का भुगतान निर्धारित है। सभी पशु संक्रामक रोगों से मुक्त और टीकाकरण युक्त होने चाहिए। व्यापारियों को छत्तीसगढ़ पशु चिकित्सा परिषद में पंजीकृत पशु चिकित्सक द्वारा जारी स्वास्थ्य एवं टीकाकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

हायर सेकण्डरी परीक्षा उड़नदस्ता दल ने केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित हायर सेकण्डरी सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा का 71 परीक्षा केन्द्रों में गणित, कम्प्यूटर एप्लीकेशन, भारतीय संगीत, चित्रकला, नृत्य कला, स्टेनो टायपिंग, कृषि, गृह विज्ञान, वाणिज्यिक गणित, औद्योगिक संगठन के मूल तत्व विषय की परीक्षा संपन्न हुआ। कलेक्टर श्री अजीत वसंत द्वारा गठित उडनदस्ता टीम द्वारा परीक्षा केन्द्र शा.उ.मा.वि. लहपटरा, लटोरी, उदारी, कुन्दीकला, बालक बतौली, मंगारी, बोदा, प्रभात उ.मा.वि.राई का निरीक्षण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी अम्बिकापुर के गठित उडनदस्ता टीम द्वारा शा.उ.मा.वि. केदरापुर, सरस्वती शिशु मंदिर अम्बिकापुर, विवेकानंद विद्या उ.मा.वि. अम्बिकापुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। सभी केन्द्रों में परीक्षा शांतिपूर्वक संचालित होना पाया। पंजीकृत संख्या 641 में से 633 विद्यार्थी उपस्थित एवं 08 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

केरजू में 1.92 करोड़ से अधिक का फर्जी ऋण आहरण मामला उजागर

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। आ.जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित केरजू में फर्जी ऋण वितरण एवं आहरण का गंभीर मामला सामने आया है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सीतापुर की अध्यक्षता में गठित संयुक्त जांच दल द्वारा की गई जांच में 127 किसानों के नाम पर फर्जी हस्ताक्षर कर कुल 1,92,82,006 रुपये (एक करोड़ बयानवे लाख बयासी हजार छह रुपये) का अवैध आहरण किया जाना पाया गया है। जांच प्रतिवेदन के आधार पर तत्कालीन प्राधिकृत अधिकारी श्री मदन सिंह, श्री जोगी राम, श्री सैनाथ केरकेट्टा (वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक एवं प्राधिकृत अधिकारी), श्री भूपेन्द्र सिंह परिहार (तात्कालिक शाखा प्रबंधक), श्री शिवशंकर सोनी (सहायक लेखापाल), श्रीमती ललिता सिन्हा (कैशियर), श्री सुमित कुमार (सामान्य सहायक) एवं श्री दीपक कुमार चक्रधारी (कम्प्यूटर ऑपरेटर) को उक्त अनियमितता के लिए दोषी पाया गया है। उपरोक्त प्रकरण में कुल 8 संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध एफ.आई.आर. दर्ज कराने की कार्यवाही कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने दी है। साथ ही संबंधित थाना में अपराध पंजीबद्ध कर एफ.आई.आर. की प्रति अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला महिला कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री के खिलाफ शुरू किया हस्ताक्षर अभियान

कांकेर/नवप्रदेश केंद्रीय मंत्री भाजपा नेता हरदीप सिंह पुरी का नाम एपस्टीन फाइल में आया है, जिसमे दावा किया गया है कि उन्होंने 2014 से 2017 के बीच जेफ्री एपस्टीन से 14 बार मुलाकात की और उनके बीच 612 ईमेल का आदान प्रदान हुआ था। जेफ्री एपस्टीन एक दरिंदा था जिसने छोटी छोटी बच्चियों से लेकर कई लड़कियों के साथ दुष्कर्म दुराचार किया यहाँ तक की उन्हें मारकर खा गया ऐसे दरिंदे के साथ संबंध रखने वाले विश्व के कई नेताओ ने अपने पदों से इस्तीफा तक दे दिया कई तो आत्महत्या कर रहे हैं वही हमारे देश के केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी को नैतिकता के आधार पर तत्काल इस्तीफा दे देनी चाहिए। एपस्टीन नामक दरिंदे के चंगुल में भारतीय लड़कियों की मौजूदगी की बातें भी सामने आ रही है।

यहाँ तक की एपस्टीन के तार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुँच रही है देश के बड़े बड़े व्यवसाइयों तक पहुँच रही है।

कांकेर जिला महिला कांग्रेस के नेतृत्व मे घड़ी चौक कांकेर में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम में विधायक भानुप्रतापपुर सावित्री मंडावी, नरेश ठाकुर, नितिन पोटाई, सुनील गोस्वामी, शहर अध्यक्ष यासीन करानी, सरजू सोरी, मनोज जैन, मतीन खान, जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस गोमती सलाम, कार्यकारी जिला अध्यक्ष मिथलेश सोरी, शहर अध्यक्ष भारती सलाम, लीना जैन, माला तिवारी, मुकेश तिवारी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष खोमेन्द्र उइके, दीपक सोरी, चंद्रलोक ठाकुर, बबलू देवांगन, शिवांकित श्रीवास्तव, अजय भासवाणी, विनय ठाकुर, चमन साहू, पंचराम सलाम, किशन साहू, जीशान अली, प्रशांत जैन, हुस्ना खान, गुड्डू यादव, कमलेश साहू आदि उपस्थित थे।

जिला स्तरीय हृदय जांच शिविर में 172 बच्चों की स्क्रीनिंग

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) अंतर्गत सुबह 10.00 बजे से 100 बिस्तरीय मातृ एवं शिशु अस्पताल, जिला चिकित्सालय अम्बिकापुर में जिला स्तरीय विशेष हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल रायपुर के कॉर्डियोलॉजिस्ट विशेषज्ञों एवं चिकित्सकीय दल द्वारा बच्चों की विस्तृत जांच की गई।

हृदय रोग से ग्रसित बच्चों के लिए आयोजित इस नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में जिले के समस्त विकासखण्डों के चिरायु दल द्वारा चिन्हांकित बच्चों को जांच एवं उपचार हेतु मातृत्व शिशु अस्पताल लाया गया। शिविर में एम.एम.आई. नारायणा रायपुर के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत महरिया, प्रबंधक श्री उपेन्द्र शुक्ला, श्री खामेश्वर लहरे, ईको टेक्नीशियन श्री वेदप्रकाश साहू तथा मेडिकल कॉलेज संबद्ध चिकित्सालय अम्बिकापुर से शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जे.के. रेलवानी, डॉ. के.आर. टेकाम, एचओडी डॉ. अविनाशी कुजूर, नोडल आरबीएसके डॉ. के.पी. विश्वकर्मा एवं डीईआईसी के चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुराग गुप्ता उपस्थित रहे। शिविर में 01 वर्ष से 14 वर्ष तक के कुल 172 बच्चों का पंजीयन किया गया। इनमें से 57 बच्चों की सफलतापूर्वक हृदय ईको जांच की गई, जिसमें 30 बच्चों में हृदय रोग के लक्षण पाए गए। चिन्हांकित बच्चों का नि:शुल्क सर्जरी के लिए उपचार एमएमआई नारायणा हॉस्पिटलरायपुर में किया जाएगा।

समूह में जुड़कर पुष्पा बनी लखपति दीदी

बलरामपुर/नवप्रदेश। ग्रामीण अंचलों में महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में संचालित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का असर अब जमीनी स्तर पर स्पष्ट दिखाई देने लगा है। जिले के शंकरगढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत चराई की निवासी पुष्पा पैकरा इसका उदाहरण हैं। जो समूह से जुड़कर लखपति दीदी के रूप में जानी जा रही हैं।

कभी सीमित आय में परिवार का भरण-पोषण करने को मजबूर पुष्पा एक सफल राइस मिल संचालिका बन चुकी हैं। उन्होंने

ओम महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़कर अपने जीवन की दिशा बदली है साथ ही, गांव की अन्य महिलाओं को भी प्रेरित कर रही हैं। वे बताती हैं कि समूह से जुड़ने से पहले परिवार की आय मुख्यतः कृषि एवं मजदूरी पर निर्भर थी। कृषि से लगभग 35 हजार रुपये और मजदूरी से लगभग 25 हजार रुपये वार्षिक आय होती थी। कुल मिलाकर परिवार की सालाना आय करीब 60 हजार रुपये थी, जिससे परिवार की आवश्यकताएं मुश्किल से पूरी हो पाती थीं। जिसके कारण बच्चों की शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं भी सीमित संसाधनों के कारण प्रभावित होती थीं।

हर्बल व जैविक गुलाल से स्वस्थ पर्यावरण का संदेश

बलरामपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत महिलाओं की आजीविका संवर्धन एवं आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ करने की दिशा में जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत बलरामपुर के ग्राम भनौरा में गुलाब स्व-सहायता समूह द्वारा पूर्णतः जैविक एवं हर्बल गुलाल निर्मित किया जा रहा है, जो स्वास्थ्य और पर्यावरण के अनुकूल सुरक्षित है। वर्तमान समय में बाजार में उपलब्ध रासायनिक रंगों एवं गुलाल के उपयोग से त्वचा संबंधी एलर्जी, संक्रमण तथा अन्य दुष्प्रभावों को देखते हुए समूह की महिलाओं ने

प्राकृतिक वस्तुओं से निर्मित हर्बल गुलाल तैयार कर स्वास्थ्य और पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दे रहीं है। समूह द्वारा तैयार गुलाल में जैविक अरारोट पाउडर, पलाश के फूल, पालक साग का पाउडर तथा खाद्य-ग्रेड प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया जा रहा है। जो की त्वचा के लिए सुरक्षित है जिला प्रशासन के सहयोग से कार्यक्रमों तथा विभिन्न शासकीय आयोजनों में समूह को स्टॉल लगाने की सुविधा प्रदान की गई है। इसके माध्यम से हर्बल गुलाल का प्रदर्शन एवं विक्रय किया जा रहा है। साथ ही समूह की महिलाओं द्वारा विभिन्न शासकीय कार्यालयों, संस्थानों एवं स्थानीय बाजारों में व्यक्तिगत संपर्क कर उत्पादों की बिक्री की जा रही है।

जनदर्शन में जिपं सीईओ ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

बलरामपुर/नवप्रदेश। संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक पश्चात् जनदर्शन का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने जनदर्शन में अपनी समस्याओं को जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के समक्ष रखा। उन्होंने आमजनों से प्राप्त शिकायत एवं समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुन जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

एनीमिया रोकथाम एवं नियंत्रण के संबंध में शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। एनीमिया मुक्त भारत अभियान अंतर्गत एनीमिया मुक्त सरगुजा के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों में एनीमिया बीमारी के रोकथाम हेतु 01 वर्ष से 19 वर्ष के किशोर (लड़के और लड़कियों) को जागरूकता एवं बचाव के लिए विकासखण्ड बतौली, लुण्ड्रा, सीतापुर एवं मैनपाट के शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पीएस मार्को एवं जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में बच्चों में एनीमिया के रोकथाम एवं नियंत्रण

के सम्बन्ध में शिक्षण संस्थान के शिक्षकों के लिए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

स्वास्थ्य विभाग से मास्टर ट्रेनर सिकल सेल नोडल डॉ. श्रीकांत सिंह चौहान के द्वारा प्राथमिक,माध्यमिक एवं हाई स्कूल के शिक्षक, व्याख्याता को एनीमिया 01 वर्ष से लेकर 19 वर्ष के किशोर (लड़के और लड़कियों) में रोकथाम एवं जागरूकता संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उन्होंने एनीमिया से रोकथाम संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि आयरन से भरपूर आहार पालक, मेथी, सोयाबीन, अंडे, मांस और मछली का सेवन करें। उन्होंने बताया कि विटामिन सी नींबू, संतरा और आंवला जैसे फल खाएं, क्योंकि विटामिन सी आयरन के अवशोषण में मदद करता है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा चिरायु दल के माध्यम से शिक्षण संस्थानों में शिविर का आयोजन किया जाता है, साप्ताहिक आयरन की गोली स्कूल में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा एनीमिया मुक्त भारत रणनीति के तहत दी जाने वाली नीली (किशोरों के लिए) या गुलाबी (बच्चों के लिए) आयरन की गोलियों के महत्व को बताएं। भ्रांतियों को दूर करें, बच्चों को समझाएं कि ये गोलियां सुरक्षित हैं और इन्हें खाली पेट नहीं, बल्कि खाना खान के बाद लेना चाहिए।

बिहान योजना: हर्बल गुलाल से आत्मनिर्भर बन रहीं दीदियां, होली पर हर्बल गुलाल की बढ़ी मांग

बिहान समूह की दीदियां तैयार कर रहीं प्राकृतिक गुलाल

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। होली पर्व के साथ जहां बाजारों में रंगों की रौनक बढ़ी है, वहीं सरगुजा जिले में स्व-सहायता समूहों की महिलाओं के लिए यह पर्व आय सृजन का सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। राज्य शासन की बिहान योजना के अंतर्गत जिले की महिलाओं द्वारा तैयार हर्बल गुलाल को नागरिकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।अम्बिकापुर विकासखंड के राधे कृष्ण स्वयं सहायता समूह सहित अन्य समूहों की महिलाओं द्वारा प्राकृतिक अवयवों से गुलाल तैयार किया जा रहा है। गेंदे एवं पलाश के फूल, चुकंदर, पालक भाजी, हल्दी, चंदन तथा आरारोट जैसी सामग्रियों से निर्मित यह गुलाल पूरी तरह सुरक्षित एवं पर्यावरण के अनुकूल है। महिलाओं ने बताया कि हर्बल गुलाल निर्माण से उन्हें अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है, जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। स्थानीय स्तर पर तैयार उत्पादों को प्राथमिकता मिलने से महिलाओं में उत्साह एवं आत्मविश्वास भी बढ़ा है।

आम नागरिकों की सुविधा के लिए जिले में विभिन्न स्थानों पर बिक्री केंद्र बनाए गए हैं, जहां से लोग किफायती दरों पर हर्बल गुलाल खरीद सकते हैं: आशा बिहान बाजार (भट्ठी रोड), सी-मार्ट-पंचशील मनपसंद (कलेक्टोरेट ब्रांच के समीप),

संगम स्वीट्स (बनारस रोड), घड़ी चौक के पास स्थित विभिन्न आउटलेट्स है।

बढ़ रही है मांग, घर-घर पहुँच रहा 'बिहान' का गुलाल

सरकारी और निजी आउटलेट्स के माध्यम से अब तक लगभग 215 किलोग्राम हर्बल गुलाल का विक्रय किया जा चुका है। स्थानीय बाजारों में भी इन रंगों के प्रति जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित इन प्राकृतिक रंगों का अधिक से अधिक उपयोग करें, जिससे स्थानीय ग्रामीण महिलाओं की आय में वृद्धि हो सके और एक सुरक्षित व ईको-फ्रेंडली होली मनाई जा सके।

रंगों का महापर्व होली आज, अबीर-गुलाल, पिचकारी, मुखौटे से सजे बाजार

बिलासपुर/नवप्रदेश। बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक और आपसी सौहार्द का त्योहार 'होली' कल पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाएगा। फाल्गुन मास की पूर्णिमा के अवसर पर होने वाले इस उत्सव को लेकर बाजारों में रौनक चरम पर है और लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रंगों के पर्व होली को लेकर उत्साह जोरों पर है। कल मनाए जाने वाले इस पारंपरिक त्योहार की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। बाजार रंग-बिरंगे गुलाल, पिचकारी, आकर्षक मुखौटे, अबीर और मिठाइयों से सजे हैं।

बाजारों में बढ़ी रौनक

राजधानी समेत देश के सभी छोटे-बड़े शहरों के बाजारों में पिछले कई दिनों से खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। इस साल प्राकृतिक रंगों और हर्बल गुलाल की मांग में भारी बढ़ोतरी देखी गई है। पिचकारियों की दुकानों पर बच्चों की भीड़ लगी है, जहाँ 'स्पाइडरमैन' और 'छोटा भीम' जैसी कार्टून आकृतियों वाली पिचकारियां मुख्य आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

परंपरा और आधुनिकता का संगम

कल सुबह से ही लोग एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देंगे। घरों में गुझिया, मठरी और ठंडाई जैसे पारंपरिक पकवान बनाने की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

नगाड़ों की जगह डीजे ने ले ली

एक समय था जब सरसों के फूलते ही गांवों के चौपालों पर फाग गीतों की महफिल सज जाती थी। ढोल, मंजीरा, नगाड़ा और तासे की थाप पर लोकगीत गूंजते थे और पूरा माहौल लोक संस्कृति से सराबोर रहता था, लेकिन बदलते समय के साथ यह परंपरा सिमटती जा रही है। अब डीजे साउंड सिस्टम पर युवा वर्ग थिरकता नजर आता है, जबकि पारंपरिक फाग गीतों की गूंज कम होती जा रही है। गांव के चौक-चौराहे, जहां कभी महीनों फाग गीत गाए जाते थे, अब शांत नजर आते हैं। फिर भी रंगों का यह पर्व आपसी भाईचारे और उल्लास के साथ मनाने की परंपरा आज भी जीवित है।

सुरक्षा के कड़े इंतजाम

त्योहार के मद्देनजर प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। पुलिस विभाग द्वारा हुड़दंगियों पर लगाम कसने के लिए जगह-जगह बैरिकेडिंग की गई है और ड्रोन कैमरों से निगरानी रखी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने भी लोगों से रासायनिक रंगों से बचने और आंखों व त्वचा का ध्यान रखने की अपील की है।

न्यूज गैलरी

गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण, ठेकेदार व एंजेसी पर हो कार्रवाई: अटल

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कोटा क्षेत्र में मंडी से स्वीकृत सी.सी.सड़क का गुणवत्ताहीन निर्माण की जांच एवं कार्यवाही हेतु कार्यपालन अभियंता कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड बिलासपुर को पत्र लिखा। विधायक ने कहा कि कोटा विधानसभा क्षेत्र की जनता के सुगम आवागमन हेतु मंडी निधि से ग्राम सोनपुरी सरईपाली कुरूवार टाटीधार बछालीखुर्द डांडबछाली पंडरापथरा जरगा अमने खरगहनी खुरदूर लालपुर चपोरा साजापाली पोड़ी सिलपहरी उमरमरा कुवारीमुंड़ा रिगवार पुडू में मंडी निधि से सी.सी.सड़क कार्य स्वीकृत हुआ है। अनेक ग्रामों में सी.सी.सड़क का कार्य प्रारंभ हो चुका है। उक्त सड़क के निर्माण में जानकारी प्राप्त हुई है कि संबंधित निर्माणकर्ता ठेकेदार द्वारा सड़क का निर्माण गुणवत्ताहीन तरीके से किया जा रहा है। सड़क का निर्माण होते ही दरारें आ रही है। सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता मानकों का समुचित पालन नही किया जा रहा है तथा कार्य की प्रगति एवं तकनीकी मानकों का पर्याप्त निगरानी नही हो रहा है। क्षेत्र के विकास में सड़क का अहम योगदान होता है,किन्तु ठेकेदारों द्वारा अनिमियतता करते हुये गुणवत्ताहीन सड़क का निर्माण किया जाना अत्यंत खेदजनक है। अटल श्रीवास्तव ने मंडी निधि के समस्त सड़को का सतत निगरानी करने एवं अनिमियतता तथा गुणवत्ताहीन निर्माण पाये जाने पर संबंधित ठेकेदार एवं एंजेसी पर शीघ्र कार्यवाही कर सूचित करने की मांग की है।

आरटीई राशि बढ़ाने और बोर्ड शुल्क में कटौती की मांग

तखतपुर/नवप्रदेश। अशासकीय विद्यालय संचालक संघ की समीक्षा बैठक शनिवार को रायपुर स्थित होटल आदित्य में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के 15 जिलों के संगठन पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता व सरस्वती माता के चित्र पर पूजन-अर्चन और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रदेश अध्यक्ष सुबोध राठी ने विगत एक वर्ष में निजी विद्यालयों की समस्याओं के निराकरण और हित संवर्धन के लिए किए गए कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरटीई के तहत अध्ययनरत विद्यार्थियों की प्रतिपूर्ति राशि पहली बार दीपावली पूर्व दिलाई गई। साथ ही 5वीं व 8वीं बोर्ड परीक्षा लागू होने को संगठन की मांगों की सफलता बताया। बैठक में आरटीई प्रतिपूर्ति राशि बढ़ाने, प्रवेश प्रक्रिया में ई-केवाईसी व आधार अनिवार्यता, बोर्ड परीक्षा शुल्क वृद्धि निरस्त करने, बिना टीसी प्रवेश पर रोक व पाठ्यपुस्तक वितरण में सुधार सहित कई मांगें रखी गईं। संगठन ने प्राथमिक स्तर पर 15 हजार, माध्यमिक में 20 हजार और उच्च माध्यमिक में 25 हजार रुपए प्रतिपूर्ति की मांग की। निर्णय लिया गया कि मांगों को लेकर प्रतिनिधिमंडल जल्द ही शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से मुलाकात करेगा। बैठक में रायपुर सहित 15 जिलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

शोर-शराबा बंद करने बनाया दबाव तो पार्षदों ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

तखतपुर में पार्षदों ने नगर पालिका कार्यालय में जमकर छलकाया जाम

बिलासपुर/तखतपुर/नवप्रदेश। होली का त्योहार है, लोग होलियाना मूड में आ भी गए हैं। इसका नजारा सोमवार को रात में दिखाई दिया। तखतपुर नगर पालिका में अफसरों और पार्षदों की मौजूदगी में होली मिलन के बहाने दारू-मुर्गा पार्टी का आयोजन किया गया था।

आयोजन के दौरान कानफोड़ू आवाज में गाना बज रहा था। रात का समय था, लिहाजा कार्यालय के बाजू में रहने वालों ने इसका विरोध किया और कम आवाज में गाना बजाने कहा। बस फिर क्या था, पार्टी का सुरूर ऐसा कि उसे दौड़ा-दौड़ा कर पिटाई कर दी। वीडियो अब सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल हो रहा है। नगर पालिका कार्यालय में पार्टी करने वाले पार्षदों और पालिका के अधिकारियों की इस हरकत की अब चर्चा होने लगी है। रात के समय कानफोड़ू आवाज में बज रहे गाना की आवाज कम कराने गए पड़ोसी की पार्टी में शामिल लोगों ने बेरहमी से पिटाई कर दी। यह तो सुरुर ही था, परेशान पड़ोसी की परेशानी दूर करने के बजाय उसे दौड़ा-दौड़ा कर पिटाई कर दी।

पीड़ित की पत्नी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता इसलिए पुलिस में नहीं की शिकायत

चर्चा इस बात की भी हो रही है कि पीड़ित ने मार खाने के बाद भी सिर्फ इसलिए पुलिस थाने में पार्षदों के करतूत की शिकायत नहीं की, उनकी पत्नी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता है। पार्षदों ने धमकाया है, थाने गए मतलब तुम्हारी पत्नी की नौकरी गई। बहरहाल इस घटना को लेकर अब तखतपुर में तो चर्चा हो रही है,सोशल मीडिया में भी अब तेजी के साथ कुछ वीडियो तेजी के साथ वायरल हो रहा है।

सीसीटीवी कैमरा बंद कर मनाई पार्टी

नगर पालिका दफ्तर में पार्टी करने वालों ने कार्यालय कैम्पस में हर एक कोने में और अफसरों के ऑफिस में सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ उसे पार्टी से पहले सभी सीसीटीवी कैमरे को बंद करा दिया गया था। मतलब साफ है, बंद कैमरे के बीच जो कुछ होगा, बाहर नहीं जाएगा और ना ही किसी को इस बात की जानकारी ही मिल सकेगी। इसका खुलासा तब हुआ जब मारपीट की घटना जब सार्वजनिक हुई और सीसीटीवी फुटेज मांगी गई तब बताया कि सभी कैमरे कार्यालय बंद होने के साथ ही बंद हो गए थे, या बंद कर दिए गए थे।

शिक्षक को धमकाया और वीडियो डिलीट कर दिया

पार्टी करने वाले पार्षदों ने सारी मर्यादा को लांघ दिया था। गाने की आवाज कम करने की गुजारिश करने आए पड़ोसी को पार्षद दौड़ा-दौड़ा कर पीट रहे थे। इसी दौरान एक शिक्षक पार्षदों की करतूत को अपने मोबाइल पर वीडियो के जरिए कैद कर रहा था। पार्षद उनके घर पहुंचे, शिक्षक को अपने अंदाज में धमकाया ही नहीं, मोबाइल छीन कर वीडियो डिलीट कर दिए। अचरज की बात ये, इस पूरे ड्रामेबाजी के बीच नगर पालिका के अफसर मौन साधे खड़े रहे।

होली पर्व में हुड़दंग करना पड़ेगा महंगा, सीधे जाएंगे जेलः टीआई

■ **शांति समिति की बैठक में शांति, सौहार्द के साथ होली मनाने की अपील**

सीपत/नवप्रदेश। इस बार 3 मार्च को चंद्रग्रहण के कारण होलिका दहन की तिथि को लेकर बने असमंजस ने सीपत क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति को चुनौतीपूर्ण बना दिया है। कुछ गांवों में 2 मार्च की रात होलिका दहन होगा, तो कुछ में 3 मार्च को, जबकि रंगोत्सव 4 मार्च को मनाया जाएगा। ऐसे में लगातार तीन दिन 2, 3 और 4 मार्च तक शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस-प्रशासन के लिए बड़ा चैलेंज बन गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने अभी से कमर कस ली है। रविवार को सीपत थाना परिसर में शांति समिति की अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता तहसीलदार सोनू अग्रवाल ने की तथा थाना प्रभारी राजेश मिश्रा विशेष रूप से मौजूद रहे। तहसीलदार सोनू अग्रवाल ने कहा कि होली और रमजान जैसे महत्वपूर्ण पर्व एक साथ पड़ना आपसी भाईचारे की मिसाल पेश करने का अवसर है। उन्होंने साफ कहा कि त्योहार के नाम पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अपील की कि केमिकलयुक्त रंगों से परहेज करें, जो लोग होली नहीं खेलना चाहते उन्हें जबरदस्ती रंग न लगाया जाए। सड़क रोककर अवैध वसूली पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। मुखौटे पहनने पर भी सख्ती रहेगी क्योंकि कई अपराध मुखौटे की आड़ में होते हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि होली का असली रंग प्रेम और संस्कार है। टीका लगाकर बड़ों का आशीर्वाद लेने की परंपरा को जीवित रखें, समाज को नशे से दूर रखें और मिलजुलकर पर्व मनाएं। थाना प्रभारी राजेश मिश्रा ने स्पष्ट किया कि तीन दिनों तक क्षेत्र में विशेष निगरानी रहेगी। चारों दिशाओं में गश्त और प्वाइंट पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गई है। चार पेट्रोलिंग पार्टी लगातार क्षेत्र का भ्रमण करेगी।

मस्तूरी को 9.28 करोड़ की सौगात

किसानों, युवाओं और आम जनता की सुविधाएं पहली प्राथमिकता: लहरिया

सीपत/नवप्रदेश। मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र को बड़ी विकासात्मक सौगात मिली है। दिलीप लहरिया के सतत प्रयासों से क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों हेतु कुल 9 करोड़ 28 लाख 21 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस राशि से सिंचाई योजनाओं के सुदृढ़ीकरण, पर्यटन संवर्धन एवं धार्मिक स्थल निर्माण के कार्य किए जाएंगे। ग्राम कनई (खोंधरा) कनई बीट कक्ष क्रमांक 42 आरएफ 01 में नग देवगुड़ी निर्माण कार्य के लिए 5.00 लाख की स्वीकृति दी गई है। इससे स्थानीय आस्था केंद्र का विकास होगा और क्षेत्रीय संस्कृति को मजबूती मिलेगी। पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बोईरपड़ाव नेचर कैम्प (खोंधरा) के जीर्णोद्धार व उन्नयन के लिए ?14.90 लाख स्वीकृत किए गए हैं। इस राशि से कैम्प मरम्मत एवं उन्नयन, किचन निर्माण व इक्विपमेंट, स्टाल निर्माण, गार्डन विकास, किड्स प्ले जोन, वॉच टावर एवं ट्री हाउस मेंटेनेंस सहित अन्य कार्य संपन्न होंगे। इससे स्थानीय स्तर पर पर्यटन गतिविधियां बढ़ेंगी और रोजगार के अवसर सृजित होंगे। कृषि क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए दो प्रमुख योजनाओं को स्वीकृति मिली है इसमें भरारी व्यपवर्तन योजना (मस्तूरी) में जलद्वारों व उपकरणों की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार हेतु 1,28,45,000 पोड़ी जलाशय योजना सुदृढ़ीकरण (मस्तूरी) के लिए 7,79,86,000 इन योजनाओं के क्रियान्वयन से क्षेत्र के किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा मिलेगी, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि की संभावना है।

छग विधानसभा के उपसचेतक व मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया ने कहा कि मस्तूरी विधानसभा के सर्वांगीण विकास के लिए मेरा प्रयास निरंतर जारी है। किसानों की सिंचाई, युवाओं के रोजगार और क्षेत्रीय विकास को प्राथमिकता देते हुए आगे भी बड़ी स्वीकृतियां लाने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की स्वीकृति क्षेत्र की प्रगति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है और इन योजनाओं के पूरा होने से जनता को सीधा लाभ मिलेगा। विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों ने इन स्वीकृतियों को मस्तूरी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए विधायक दिलीप लहरिया के प्रति आभार व्यक्त किया है। यह स्वीकृति मस्तूरी क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिखने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है।

कार्रवाई, शांति भंग करने वाले 4 गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार सरकंडा थाना पुलिस ने असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त रुख अख्तियार किया है। पुलिस ने क्षेत्र में अशांति फैलाने और आपराधिक गतिविधियों की संलिप्तता की आशंका के चलते चार आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पकड़े गए आरोपियों में अंकित तिवारी उर्फ विक्की (34 वर्ष), दीपक सूर्यवंशी उर्फ भगवान दास (44 वर्ष), मनोज धीवर उर्फ दद्दू (37 वर्ष) और दिनेश विश्वकर्मा उर्फ जुगनू शामिल हैं। इन सभी के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170, 126 और 135(3) के तहत इस्तगासा क्रमांक 56/226/ 2026 से 59/229/2026 तक दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

जांजगीर-नैला और चांपा स्टेशन में यात्री सुविधाओं के किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्य

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित एवं आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराने तथा माल ढुलाई संरचना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विभिन्न स्टेशनों पर विकास कार्य तीव्र गति से संचालित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में बिलासपुर मंडल के जांजगीर-नैला एवं चांपा स्टेशन में अमृतभारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशन पुनर्विकास के साथ ही साथ इस क्षेत्र में यात्री सुविधाओं एवं आधारभूत संरचना विकास के अनेक कार्य कराये जा रहे हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशन का समग्र विकास किया जा रहा है, जिसमें फसाड ट्रीटमेंट, पार्किंग का विकास, परिसंचरण क्षेत्र का सुधार, लैंडस्केपिंग, बुकिंग कार्यालय एवं प्रतीक्षालय/कॉनकोर्स का नवीनीकरण, प्रीमियम शौचालय आदि शामिल हैं। साथ ही 100 फीट ऊंचे स्मारकीय झंडे का भी प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही साथ माल गोदाम का आधारभूत संरचनात्मक विकास, प्रदूषण नियंत्रण उपायों सहित अनेक कार्य भी प्रगति पर है। इसके अलावा लिफ्ट सहित नए फुट ओवर ब्रिज का निर्माण तथा सभी प्लेटफार्मों का उन्नयन जैसे कार्य भी प्रस्तावित हैं जिसे योजनाबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चांपा स्टेशन में यात्री सुविधा विकास के विभिन्न कार्य तीव्र गति से जारी है, जिसमें फसाड ट्रीटमेंट, पार्किंग एवं परिसंचरण क्षेत्र का सुधार, लैंडस्केपिंग, बुकिंग कार्यालय एवं प्रतीक्षालय/कॉनकोर्स का नवीनीकरण, प्रीमियम शौचालय आदि शामिल हैं। इसके अलावा वर्तमान फुट ओवर ब्रिज का प्रतिस्थापन, लिफ्ट की सुविधा सहित एस्केलेटर की व्यवस्था तथा सभी प्लेटफार्मों का उन्नयन कार्य भी योजनाबद्ध रूप से पूर्ण किया जाएगा।

जांजगीर- नैला क्षेत्र में उपलब्ध कराए गए अन्य यात्री सुविधाएं

कोच इंडिकेटर बोर्ड - अकलतरा, चांपा, जांजगीर-नैला, सक्ती स्टेशन **ट्रेनों एट ए ग्लान्स बोर्ड** - अकलतरा, चांपा, जांजगीर-नैला, सक्ती **पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम** - अकलतरा, चांपा, जांजगीर-नैला, झाराडीह, सक्ती **नए एफओबी** - अकलतरा, बाराद्वार, चांपा , नैला , जेठा (पीएच) , कोटमीसोनार, सक्ती , सारागांव **नए वेटिंग हॉल** - बाराद्वार,चांपा जांजगीर-नैला **प्लेटफॉर्म उन्नयन** - अकलतरा चांपा , बाराद्वार, जांजगीर-नैला, जेठा (पीएच) - कापन - कोटमीसोनार - सक्ती - सारागांव रोड । **अतिरिक्त प्लेटफॉर्म शेल्टर** - जांजगीर-नैला, चांपा **प्लेटफॉर्म लाइटिंग में सुधार** - जांजगीर-नैला, चांपा, अकलतरा, सारागांव। **चौथी लाइन सक्ती**- झाराडीह, चांपा - सारागांव सेक्शन।

संवादः कोल इंडिया लिमिटेड के मुख्य सतर्कता अधिकारी ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने किया दौरा

रिफॉर्म-ट्रांसफॉर्म-परफॉर्म-इन्फॉर्म से कोल इंडिया नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगी: त्रिपाठी

बिलासपुर/नवप्रदेश। ब्रजेश कुमार त्रिपाठी, मुख्य सतर्कता अधिकारी, कोल इंडिया लिमिटेड ने 2 मार्च को एसईसीएल मुख्यालय, बिलासपुर का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होने मुख्यालय स्थित ऑडीटोरियम में मिशन सीआईएलएदरेड 2026 विषय पर एक विशेष व्याख्यान दिया। अपने मुख्य वक्तव्य में श्री त्रिपाठी ने कहा कि पारदर्शिता, जवाबदेही और सूचना साझाकरण की संस्कृति ही किसी भी संगठन को स्थायी सफलता की ओर ले जाती है। उन्होंने कार्यस्थल पर ईमानदारी और इंटेग्रिटी को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान करते हुए सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इंटेग्रिटी प्रतिज्ञा दिलाई। उनके संबोधन का केंद्रीय संदेश था- 'रिफॉर्म, ट्रांसफॉर्म, परफॉर्म और इन्फॉर्म के माध्यम से हम कोल इंडिया को नई ऊँचाइयों तक ले जा सकते हैं। इसके लिए आवश्यक है कि हम निरंतर स्वयं को बेहतर बनाते रहें।'

डीएवी स्कूल के विद्यार्थियों के साथ प्रेरक संवाद

एसईसीएल सभागार में आयोजित विशेष सत्र में निदेशक (तकनीकी संचालन) एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास, सीवीओ एसईसीएल हिमांशु जैन तथा निदेशक (तकनीकी योजना/परियोजना) रमेश चंद्र महापात्र सहित विभागाध्यक्ष एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इससे पूर्व उनके दौरे की शुरुआत डीएवी स्कूल के विद्यार्थियों के साथ एक प्रेरक संवाद से हुई, जहाँ उन्होंने जीवन के प्रारंभिक चरण में ही ईमानदारी और नैतिक मूल्यों को आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर सीवीओ, एसईसीएल हिमांशु जैन भी उपस्थित रहे। बच्चों के साथ संवाद में उन्होंने कहा कि 'सशक्त राष्ट्र की नींव सच्चरित्र नागरिकों से ही बनती है।' दौरे के दौरान श्री त्रिपाठी ने एसईसीएल मुख्यालय स्थित डिजीकोल वॉर रूम का भी अवलोकन किया। वहाँ उन्होंने डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम, रियल-टाइम डाटा विश्लेषण और निर्णय-निर्माण में तकनीकी हस्तक्षेपों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने तकनीक को पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बताते हुए कहा कि डिजिटल सशक्तिकरण से संसाधनों का बेहतर उपयोग और निगरानी संभव हो रही है।

आदिवासी समाज के लिए मंगल भवन की घोषणा



बिल्हा/नवप्रदेश। खेल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में आदिवासी समाज की मांग पर बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक की अनुशंसा से पत्थर खान भाटा बिल्हा में सर्व आदिवासी समाज के लिए 50 लाख रुपए के मंगल भवन निर्माण की घोषणा की गई। इस अवसर पर समाज के मुखियाओं ने विधायक निवास पहुंचकर धरमलाल कौशिक का सम्मान किया। कार्यक्रम में कमल किशोर मरावी, शिवनारायण चीचम, धनुष मरावी, अनिल मरावी, विनोद मरावी, राजाराम पोर्ते, भारत लाल ऊके, भूपेंद्र मरकाम, महा सिंह नेताम, यदुनाथ ऊके, जगत गोंडवाना, शंकर लाल ध्रुव, साधराम नेताम और महेश ध्रुव सहित अनेक पदाधिकारी व समाजजन उपस्थित रहे।

पाक की नई साजिश बेनकाब : सीमा पार से घुसपैठ की फिराक में जैश आतंकवादियों के दो गुट

कठुआ। पाकिस्तान जम्मू संभाग में जैश आतंकियों के दो गुटों की घुसपैठ कराने की फिराक में है। सुरक्षा एजेंसियों के इनपुट के बाद भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर अलर्ट जारी कर दिया गया है। सुरक्षाबल सीमा पर कड़ी नजर रख रहे हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों में गश्त बढ़ा दी गई है।

खुफिया सूत्रों के अनुसार किश्तवाड़ में इस्राइल ग्रुप के खात्मे, कठुआ और उधमपुर में आतंकियों के बड़े पैमाने पर सफाए से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। वह जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को बढ़ाने के लिए हीरानगर सेक्टर से जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों की घुसपैठ कराने की साजिश रच रहा है और माकूल समय की तलाश में है।

सूत्रों का कहना है कि दुश्मन की साजिश को नाकाम करने के लिए बीएसएफ सेना व अन्य अर्धसैनिक बलों ने बहुस्तरीय सुरक्षा घेरा तैयार कर लिया है। मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सीमा से सटे इलाकों में सघन तलाशी अभियान चलाए जा रहे हैं। हीरानगर और सांबा सेक्टर घुसपैठ के लिहाज से हमेशा संवेदनशील रहे हैं। इन क्षेत्रों से पिछले कुछ वर्षों में कई आतंकियों के दल घुसपैठ कर चुके हैं। इसकी तस्दीक सुरक्षा एजेंसियों ने जांच में भी की है। पिछले साल अप्रैल में कठुआ के सनियाल और जखोल के अंबे नाल में आतंकियों के साथ मुठभेड़ें हो चुकी हैं। इससे पहले 2024 में सैडा सोहल में दो आतंकियों को ढेर किया गया था। ऐसे में इस बार चौकसी और भी कड़ी की गई है। जम्मू के सीमावर्ती इलाकों में भी बढ़ाई सतर्कता जम्मू जिले में भी अंतरराष्ट्रीय सीमा से घुसपैठ की आशंका के चलते सीमावर्ती इलाकों में हाई अलर्ट जारी किया गया है।

कठुआ के ऐरवां में दिखे संदिग्ध, पठानकोट सीमा पर भी अलर्ट, वाहनों की जांच बढ़ाई

कठुआ जिले में नगरी के ऐरवां में रविवार को तीन से चार संदिग्ध देखे गए। सुरक्षाबलों ने घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। सूत्रों के अनुसार गांव की एक महिला ने देर रात एक संदिग्ध देखा और पुलिस को सूचना दी। इस बीच गांव के एक और व्यक्ति ने बताया कि गांव के पास खेतों में तीन संदिग्धों को देखा है। इन सूचनाओं के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंच गईं। ऐरवां सहित आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान चलाया गया। सोमवार को भी इलाके को खंगाला गया। लोगों से भी पूछताछ की गई। पुलिस का कहना है कि इलाके में नाकों पर भी चेकिंग बढ़ा दी गई है। वहीं, पठानकोट पुलिस ने बमियाल और नरोट जैमल सिंह क्षेत्र में चौकसी बढ़ा दी है। इंटर स्टेट नाकों पर सख्त पहरा लगाया गया है और कठुआ से सीमांत क्षेत्र में दाखिल होने वाले वाहनों की गहन जांच की जा रही है। सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण पुलिस पहले से ही अलर्ट पर थी लेकिन ताजा इनपुट के बाद निगरानी और तेज कर दी गई है।

न्यूज गैलरी

दरभंगा में नाले में पड़ा नवजात का शव, कुत्तों ने नोचकर खाया

दरभंगा। दरभंगा स्थित छ्रस्ट॥ परिसर में मानवता को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। बीती रात अस्पताल के न्यू सर्जिकल भवन के सामने स्थित नाले में एक नवजात का शव पड़ा मिला, जिसे आवारा कुत्ते नोच रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, देर रात नाले के पास कुत्तों का झुंड मंडराता दिखा। लोगों ने पास जाकर देखा तो नवजात का शव खुले में पड़ा था और कुत्ते उसे नुकसान पहुंचा रहे थे। सूचना मिलते ही अस्पताल प्रशासन और बेंता थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम व अन्य कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अस्पताल परिसर में बायोमेडिकल वेस्ट का उचित निस्तारण नहीं होता। आशंका जताई जा रही है कि मृत नवजात को बायोवेस्ट के साथ फेंका गया होगा, जहां से कुत्ते उसे खींचकर नाले तक ले आए। गौरतलब है कि छ्रस्ट॥ के आसपास कई निजी क्लिनिक और नर्सिंग होम संचालित हैं। पूर्व में भी खुले में मेडिकल वेस्ट फेंके जाने की शिकायतें सामने आती रही हैं। इस संबंध में छ्रस्ट॥ के उपाधीक्षक डॉ. सुरेंद्र कुमार ने कहा कि सूचना मिलते ही शव के निस्तारण की व्यवस्था की गई है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज की जांच कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण के लिए राज्य सरकार की अधिकृत एजेंसी कार्यरत है।

होली-डोल यात्रा पर कोलकाता में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

कोलकाता। कोलकाता पुलिस ने मंगलवार और बुधवार को मनाए जाने वाले होली और डोल यात्रा के त्योहारों के लिए पूरे शहर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। पुलिस का लक्ष्य इन त्योहारों को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराना है। पुलिस के अनुसार, डोल यात्रा के दिन पूरे कोलकाता में 398 पुलिस चौकियां तैनात रहेंगी। इनमें से 86 विशेष चौकियां होंगी। ये विशेष चौकियां खन्ना मोड़, पार्क सर्कस सेवन-पॉइंट क्रॉसिंग और श्यामबाजार जैसे प्रमुख चौराहों और संवेदनशील इलाकों में लगेंगी। हर विशेष चौकी पर छह पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। बाकी बची 312 चौकियों पर तीन-तीन पुलिसकर्मी ड्यूटी करेंगे। सबसे ज्यादा 72 चौकियां कोलकाता बंदरगाह क्षेत्र में बनाई गई हैं। इसके अलावा, दक्षिण-पूर्व और दक्षिण उपनगरीय डिवीजनों में 36-36 चौकियां तैनात रहेंगी।

आईसीसी रैंकिंग में स्मृति मंधाना का धमाका

नई दिल्ली। महिला क्रिकेट की ताजा ICC रैंकिंग में बड़ा उलटफेर

देखने को मिला है. मंगलवार (3 फरवरी) को जारी नई वनडे रैंकिंग में भारत की स्टार ओपनर स्मृति मंधाना दुनिया की नंबर-1 बल्लेबाज बन गई हैं. मंधाना ने 790 रेटिंग पॉइंट्स के साथ साउथ अफ्रीका की कप्तान लॉरा वॉल्वार्ट को पीछे छोड़ा. दोनों के समान 790 अंक हैं, लेकिन हालिया प्रदर्शन के आधार पर मंधाना टॉप पर पहुंचीं. उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफवनडे सीरीज में 58 और 31 रन की पारियां खेलीं, जो उन्हें नंबर-1 तक ले जाने के लिए काफी रहीं. लॉरा को मार्च-अप्रैल में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में फिर से नंबर-1 बनने का मौका मिलेगा.

किंग ने तोड़ा एक्लेस्टोन का 4 साल का दबदबा: गेंदबाजी रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया की लेग स्पिनर अलाना किंगने इतिहास रच दिया. 775 रेटिंग पॉइंट्स के साथ वह पहली बार नंबर-1 बनीं. यह उनका करियर बेस्ट भी है.किंग ने तीन वनडे मैचों में 16.71 की औसत से 7 विकेट झटके. तीसरे वनडे में 10 ओवर में 4/33 का प्रदर्शन करते हुए उन्होंने मेजबान टीम को 185 रन की बड़ी जीत दिलाई. इस प्रदर्शन के साथ उन्होंने इंग्लैंड की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन का लगभग चार साल पुराना नंबर-1 का राज खत्म कर दिया.

ऑस्ट्रेलिया की सीरीज जीत और हीली की विदाई: ऑस्ट्रेलिया ने घरेलू मैदान पर पहले तीन टी20 में से दो गंवाए, लेकिन वनडे सीरीज 3-0 से अपने नाम की. टीम को बेथ मूनी, ऐश गार्डनर और कप्तान एलिसा हीली से खेल में शानदार सपोर्ट मिला. हीली ने अपने आखिरी वनडे में शतक जमाया और 744 रेटिंग पॉइंट्स के साथ चौथे स्थान पर रहते हुए वनडे करियर को अलविदा कहा.

ईरान के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई होगी, यह अंतहीन युद्ध नहीं: नेतन्याहू

■ **ईरान जंग पर जेडी वेंस का बयान**

यरुशलम। ईरान अपने सुप्रीम नेता खामेनेई की मौत के बाद तिलमिलाया हुआ है। इस्राइल के अलावा खाड़ी देशों में स्थिति अमेरिकी बेस पर ईरान के लगातार हमले जारी है। शुरुआती 30 घंटे में ईरान पर 2 हजार से ज्यादा बम गिराए गए। इसी के साथ एक हजार से ज्यादा ठिकानों को निशाना बनाया गया। वहीं ईरान में मरने वालों का आंकड़ा 742 हो गया। इस बीच इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के खिलाफ युद्ध को लेकर बड़ा एलान किया है।

नेतन्याहू के अनुसार यह कोई अंतहीन युद्ध नहीं है, बल्कि क्षेत्र में स्थायी शांति की दिशा में एक कदम है। नेतन्याहू ने फॉक्स न्यूज को बताया कि मौजूदा संघर्ष इस क्षेत्र के देशों के साथ इस्राइल के संबंधों को सामान्य बनाने वाले और अधिक समझौतों का मार्ग प्रशस्त कर सकता है।

युद्ध को लेकर नेतन्याहू का बड़ा ऐलान

इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई त्वरित और निर्णायक होगी और इसे वर्षों तक चलने वाले युद्ध में बदलने का इरादा नहीं है। उन्होंने यह बयान फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में दिया। नेतन्याहू ने कहा कि मौजूदा सैन्य टकराव को इस्राइल अंतहीन संघर्ष में बदलना नहीं चाहता। उनका कहना था कि यह अभियान क्षेत्रीय स्थिरता और शांति की दिशा में एक रास्ता खोल सकता है।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने उन आरोपों को खारिज किया है, जिनमें कहा जा रहा था कि ट्रंप अपने 'अंतहीन युद्धों से बचने' के वादे से पीछे हट रहे हैं। फॉक्स न्यूज से बातचीत में वेंस ने कहा कि ईरान पर कार्रवाई इराक और अफगानिस्तान के युद्धों से अलग है, क्योंकि इसका उद्देश्य स्पष्ट रूप से तय किया गया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिका को बिना किसी लक्ष्य के वर्षों तक चलने वाले संघर्ष में नहीं झोंकेंगे। इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ईरान परमाणु हथियार हासिल न कर सके।

ईरान पर इस्राइल का कड़ा रुख

इस्राइल प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि इस्राइल ईरान के साथ लंबे युद्ध में उलझना नहीं चाहता। उन्होंने दोहराया कि सत्ता परिवर्तन की अंतिम जिम्मेदारी ईरान की जनता की है, लेकिन अमेरिका और इस्राइल मिलकर ऐसी परिस्थितियां बना रहे हैं, जिससे वहां के लोग अपने भविष्य को लेकर निर्णय ले सकें। इस्राइल का दावा है कि मौजूदा सैन्य अभियान सीमित समय तक चलेगा और इसे लंबी अवधि की प्रक्रिया में बदलने की योजना नहीं है।

यूट्यूब पर पीएम मोदी ने छुआ 30 मिलियन सब्सक्राइबर का आंकड़ा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को एक और उपलब्धि हासिल की। उन्होंने यूट्यूब पर 30 मिलियन सब्सक्राइबर का आंकड़ा पार कर लिया है। ऐसा करने वाले वे विश्व के पहले नेता बन गए हैं। विश्व नेताओं में, प्रधानमंत्री मोदी के यूट्यूब पर सबसे अधिक सब्सक्राइबर हैं। रैंकिंग के अनुसार, वे इस श्रेणी में अन्य सभी से काफी आगे हैं। दूसरे स्थान पर ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो हैं, जिनके सब्सक्राइबर प्रधानमंत्री मोदी के सब्सक्राइबर का लगभग एक-चौथाई ही हैं। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी के पास अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तुलना में सात गुना से अधिक सब्सक्राइबर हैं। भारत में, प्रधानमंत्री मोदी का दबदबा और लोकप्रियता स्पष्ट है। सब्सक्राइबर के मामले में, प्रधानमंत्री मोदी के पास राहुल गांधी से लगभग तीन गुना और आम आदमी पार्टी और कांग्रेस से चार गुना से भी अधिक सब्सक्राइबर हैं।

इंस्टाग्राम पर 100 मिलियन फोलोअर्स

यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंस्टाग्राम पर 100 मिलियन फोलोअर्स का आंकड़ा पार करने के बाद हासिल की गई है। उन्होंने हाल ही में इस प्लेटफॉर्म पर यह उपलब्धि हासिल की है। ऐसा करने वाले वे पहले विश्व नेता और राजनेता बन गए हैं।

हाई कोर्ट का सरकार को सुझाव, 5 लोगों को 15 मिनट की सांकेतिक पूजा करने दें

मदुरै। तमिलनाडु के तिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी पर कार्तिगई दीपम जलाने को लेकर विवाद जारी है। इस मामले में मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै बेंच ने अवमानना याचिका पर सुनवाई की। हाई कोर्ट ने कहा कि पांच लोगों को पहाड़ी पर खंभे के पास 15 मिनट की सांकेतिक पूजा करने की अनुमति दी जा सकती है। इन पांच लोगों के नाम अदालत द्वारा तय किए जाएंगे हाईकोर्ट में एक अवमानना याचिका पर सुनवाई चल रही थी। यह याचिका दीपथून पर कार्तिगई

दीपम जलाने के पुराने निर्देश का पालन नहीं करने पर दायर की गई थी। जस्टिस जी आर स्वामीनाथन की बेंच ने कहा कि अगर सरकार पुराने आदेशों का सम्मान करना चाहती है तो बिना दीप जलाए केवल सांकेतिक पूजा की अनुमति दी जा सकती है। कोर्ट ने साफ किया कि यह सिर्फ एक सुझाव है, कोई निर्देश नहीं। इस दौरान दीपक जलाने की बात नहीं कही गई है, सिर्फसांकेतिक प्रार्थना की अनुमति देने का सुझाव है।

जस्टिस जीआर स्वामीनाथन की पीठ ने राज्य के खनिज और खदान मंत्री एस रघुपति के बयान पर भी टिप्पणी की। मंत्री ने कहा था कि सरकार दीपथून पर कार्तिगई दीपम जलाने की अनुमति नहीं देगी। अदालत ने कहा कि मंत्री ने इस मुद्दे को शरारती राजनीतिक रंग देने की कोशिश की है।

डीएमके संग 32 सीटों की मांग पर फंसा पेंच, कांग्रेस की समयसीमा हो रही खत्म

चेन्नई (तमिलनाडु)। तमिलनाडु में चुनावी तैयारियों के बीच कांग्रेस और डीएमके के गठबंधन के बीच सीट शेयरिंग को लेकर पेंच फंसा हुआ है। इस बीच सत्तारूढ़ दल डीएमके और कांग्रेस पार्टी के बीच सीट बंटवारे की समय सीमा भी मंगलवार यानी आज समाप्त हो रही है, लेकिन अब तक किसी तरह की सहमति नहीं बन पाई है। ऐसे हालात में डीएमके और कांग्रेस गठबंधन के भविष्य को लेकर अटकलें भी तेज हो गई हैं। पार्टी सूत्रों के

अनुसार डीएमके नेतृत्व ने कांग्रेस से एक निश्चित समय-सीमा के भीतर अपनी अंतिम स्थिति स्पष्ट करने को कहा था। डीएमके आगामी चुनावों के लिए सीट-बंटवारे की व्यवस्था को जल्द से जल्द अंतिम रूप देकर प्रचार अभियानों की तैयारी में जुटना चाहती है। हालांकि समय बीतने के साथ यह अनिश्चितता बनी हुई है कि क्या दोनों सहयोगी दल अपने मतभेदों को दूर कर पाएंगे। पिछले 2021 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को डीएमके के नेतृत्व वाले गठबंधन के तहत 25 सीटें आवंटित की गई थीं। वर्तमान रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि डीएमके आगामी चुनावों के लिए भी इसी फॉर्मूले को बनाए रखने पर विचार कर रही है, यानी कांग्रेस को फिर से 25 विधानसभा सीटें देने की पेशकश।

अफगानिस्तान का पाकिस्तान पर बड़ा हमला, 25 से ज्यादा चौकियों पर कब्जा

■ **100 से अधिक सैनिक ढेर करने का दावा**

काबुल। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच डूरंड लाइन पर पिछले पांच दिनों से जंग जारी है। इस बीच अफगान सेना ने पाकिस्तानी वायुसेना के हवाई हमलों का कड़ा जवाब देते हुए पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों पर जवाबी हमले किए हैं। अफगान रक्षा मंत्रालय ने जानकारी दी है कि उनकी सेना ने 2,600 किलोमीटर लंबी सीमा के पास कई जरूरी पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों को

निशाना बनाया है। इन हमलों में काबुल से जुड़े इलाके, खोस्त का अली-शेर जिला, जलालाबाद और कंधार के सीमावर्ती क्षेत्र शामिल हैं। दोनों देशों के बीच यह तनाव तब और बढ़ गया जब पाकिस्तान ने 21-22 फरवरी को अफगानिस्तान के अंदर कथित आतंकी कैंपों पर हमले किए थे। इसके जवाब में अफगान सेना ने आक्रामक रुख अपनाया है। अफगान अधिकारियों के मुताबिक, उनकी सेना ने कंधार प्रांत के स्पिन बोल्डक और शोराबक जिलों में कई पाकिस्तानी सैन्य चौकियों को अपने नियंत्रण में ले लिया है। स्पिन बोल्डक में तीन चौकियों पर कब्जा करने के दौरान तीन पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और एक सैनिक को अफगान सेना ने पकड़ लिया। इसके अलावा, अफगानिस्तान के टोलो न्यूज ने बताया कि अली-शेर जिले में भी दो पाकिस्तानी पोस्ट अब अफगान सेना के कब्जे में हैं। पिछले चार दिनों से दोनों तरफकी सेनाएं एक-दूसरे के ठिकानों पर भारी गोलाबारी कर रही हैं। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि टकराव के शुरुआती दौर के मुकाबले अब लड़ाई की तेजी थोड़ी कम हुई है, लेकिन खतरा टला नहीं है।

बख्तरबंद टैंक किए नष्ट

सोमवार को अफगान रक्षा मंत्रालय ने एक और बड़ी घोषणा की। उन्होंने बताया कि पक्तिका प्रांत में अफगान सैनिकों ने पाकिस्तान का एक बख्तरबंद टैंक नष्ट कर दिया है। यह टैंक अफगान इलाके की तरफ अंधाधुंध गोले बरसा रहा था। मंत्रालय के प्रवक्ता इनायतुल्लाह खोवाराजमी ने दावा किया कि अफगान सैनिकों ने अब तक 100 से ज्यादा पाकिस्तानी लोगों को मार गिराया है और 25 से ज्यादा सैन्य चौकियों पर अपना झंडा फहरा दिया है।

प्रवीण मसालेवाले ने सुहाना नूर रेंज को लॉन्च किया

पुणे। भारत की मसालों और फूड सॉल्यूशंस कंपनियों में से सबसे तेज़ी से बढ़ती एक कंपनी, प्रविण मसालेवाले ने सुहाना नूर को लॉन्च करके अपने पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। यह मिश्रित मसालों की एक नई रेंज है जिसे घर पर खाना बनाते समय पारंपरिक मुगलई खाने के असली स्वाद को फिर से बनाने के लिए विकसित किया गया है। भारतीय खाना 8000 से ज़्यादा सालों के इतिहास में कई तरह के प्रभावों से बना एक मिला-जुला रूप है। देश की रसोई की विरासत पुरानी सभ्यताओं से आती है, जिस पर बाद के सालों में पश्चिमी एशियाई और फ़ारसी संस्कृति का असर हुआ है, जिसके बाद मुग़ल और

ब्रिटिश प्रभाव पड़े। सालों से, मुग़लई खाना भारतीय खाने का एक ज़रूरी हिस्सा बन गया है ङ्क चाहे वह कोरमा और करी, टिक्का और कबाब के रूप में हो, या बहुत पसंद की जाने वाली बिरयानी के अलग-अलग रूपों में हो। मुग़लई खाने का असली मज़ा धीमी आंच पर खाना पकाने की प्रक्रिया और परतदार ग्रेवी में है, जिससे खाने में मजा आता है।

सैमसंग इंडिया ने सबसे एडवांस्ड गैलेक्सी बड्स-4 प्रो लॉन्च किया

गुरुग्राम। भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने घोषणा की है कि उसके गैलेक्सी बड्स4 प्रो और गैलेक्सी बड्स4 आज से प्री-ऑर्डर के लिए उपलब्ध हैं। ये नए ईयरबड्स बेहतरीन हाई-फाई ऑडियो और रोज़मर्रा के इस्तेमाल के अनुभव को फिर से परिभाषित करते हैं। गैलेक्सी बड्स4 सीरीज़ शानदार साउंड क्वालिटी और कम्प्यूटेशनल तरीके से तैयार की गई फिटिंग का एक बेजोड़ मेल है। पहली बार, बड्स4 प्रो में ज़्यादा चौड़ा वूफर, बेहतर ऐक्टिव नॉइस कैंसिलेशन और बेहतर एडेप्टिव इक्वलाइज़र दिया गया है, जिससे आवाज़ मूल रिकॉर्डिंग जैसी शुद्ध सुनाई देती है। इसमें AI का गहरा इस्तेमाल सैमसंग की उस प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है, जिसके तहत ईयरबड्स को इस तरह डिज़ाइन किया गया है कि लोग दिन भर कैसे सुनते हैं, कैसे चलते-फिरते हैं और कैसे रहते हैं।

बड्स4 सीरीज़ के साथ, सैमसंग ने नए 'ब्लेड डिज़ाइन' को पेश किया है। यह एक बड़ी कम्प्यूटेशनल उपलब्धि है, जो दुनिया भर के लाखों लोगों के कानों के डेटा पॉइंट्स और 10,000 से अधिक सिमुलेशन पर आधारित है। बड्स4 सीरीज़ में एक अल्ट्रा-स्लीक और एर्गोनॉमिक फिट दिया गया है।

अमेज़न का सैलर्स के लिए तोहफा

■ **12.5 करोड़+ प्रोडक्ट्स पर जीरो रफरल फीस, 70% तक की बचत**

रायपुर/नवप्रदेश। आज अमेज़न इंडिया ने फीस में कटौती की घोषणा की, जिससे देश में लाखों सैलर्स तेजी से वृद्धि करने में समर्थ बनेंगे। पिछले साल फीस रिवीज़न के बाद कंपनी ने जीरो रेफरल फीस के कवरेज में 10 गुना से ज्यादा वृद्धि करते हुए इसे साल 2025 में 1.2 करोड़ प्रोडक्ट्स से साल 2026 में 12.5 करोड प्रोडक्ट्स तक बढ़ा दिया। जीरो रेफरल फीस 1800 से अधिक कैटेगरीज़ के उन प्रोडक्ट्स परलागू होगी, जिनके मूल्य 1,000 रुपये से कम हैं। इसके अलावा, एमेज़ॉन ने 300 रुपये से कम मूल्य के 20 प्रतिशत से अधिक उत्पादों पर इज़ी शिप फीस को भी कम कर दिया है।

इज़ी शिप के अंतर्गत सैलर्स प्रोडक्ट्स को अपनी दुकान में स्टोर कर सकते हैं तथा इनका पिकअप और डिलीवरी एमेज़ॉन द्वारा संभाले जाते हैं। इज़ी शिप के अंतर्गत प्रोडक्ट्स की अपफ्रंट लॉजिस्टिक्स लागत कम होने के कारण ई-कॉमर्स शुरू करने वाले या अपना ई-कॉमर्स व्यवसाय बढ़ाने वाले सैलर्स का यह पसंदीदा ऑप्शन है। एक ही बॉक्स में कई यूनिट शिप करने वाले सैलर्स दूसरी यूनिट पर सैलिंग फीस में 90 प्रतिशत से अधिक बचत कर सकते हैं, जिससे उनकी कुल बचत और अधिक बढ़ जाती है।

नई फिल्म 'डालिंब' का फर्स्ट लुक देखकर उड़े फैंस के होश

मुंबई। जी5 ने हाल ही में नई फिल्म का पोस्टर रिलीज किया। पोस्टर को देखकर 'कांतारा' वाली फील आ रही है। लेकिन पोस्टर में बस यही खास नहीं है। पोस्टर में जो एक्टर है, उसे आप अच्छी तरह से जानते हैं, लेकिन पोस्टर देख पहचान नहीं पाएंगे। यहां जानिए फिल्म से जुड़ी सारी जानकारी। वेब सीरीज की दुनिया के पॉपुलर एक्टर जितेंद्र कुमार को हम सभी लोग 'पंचायत' से जानते हैं, लेकिन अब वे एक बिल्कुल नए अंदाज में नजर आने वाले हैं। उनके नए प्रोजेक्ट 'डालिंब' का फर्स्ट लुक हाल ही में जी5 ने जारी किया है, और इसमें वह एक पूरी तरह से अलग, गहरा और रहस्यमयी किरदार निभाते दिखाई दे रहे हैं, जो उनके पहले

के साधारण और प्यारे रोल्स से बहुत अलग है। 'डालिंब' एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर-ड्रामा है, जिसमें कहानी यादों, सच्चाई और भ्रम के बीच की धुंधली लाइन को एक्सप्लोर करती है। पोस्टर में जिस तरह का गहरा और इंटेंस लुक दिखाया गया है, उससे साफ लगता है कि यह फिल्म भावनाओं और दिमागी उलझनों से भरी होगी। इस रोल के साथ 'जीतू भैया' (जितेंद्र कुमार) ने अपनी छवि को पूरी तरह बदलकर एक डायनामिक और चुनौतीपूर्ण किरदार अपनाया है।

बोनस का पैसा निकालने बैंक में किसानों की भीड़, आधे लोगों को मिल पाया, कई खाली हाथ लौटे

गरियाबंद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा कृषक उन्नति योजना की अंतर राशि का अंतरण 28 फरवरी को जिले के 83 हजार किसानों के खाते में किया। उसके बाद होली त्योहार के पहले सोमवार को राशि निकालने बैंक में लगभग एक हजार किसान उमड़े पड़े। सुबह से लेकर देर शाम तक राशि निकासी की लिमिट होने के कारण आधे ही किसानों को पैसा मिल पाया। बैंक प्रबंधन का कहना है कि मंगलवार को उपभोक्ताओं को राशि दी जाएगी।

जिला मुख्यालय स्थित सहकारी बैंक में राशि वितरण के पहले दिन 1082 किसानों ने विड्रॉल फॉर्म जमा किया। देर शाम तक 482 किसानों को 2 करोड़ 20 लाख रुपए का भुगतान किया गया, जबकि 600 किसानों को बिना राशि मिले वापस लौटना पड़ा। बैंक प्रबंधन के अनुसार शेष किसानों को 3 मार्च को भुगतान किया जाएगा।

डिमांड दो लाख की भुगतान 40 हजार: किसानों का कहना है कि दो लाख रुपए तक का डिमांड फॉर्म भरने के बावजूद 40 हजार रुपए ही दिए जा रहे हैं। एटीएम मशीनों से भी एक बार में केवल 1000 से 1500 रुपए की

निकासी हो पा रही है। कई एटीएम कैश खत्म होने से बंद पड़े हैं। लालसिंग चिंगर, नुमेश निषाद, लखन लाल साहू, भोजराम ध्रुव, रामचरण साहू, लुकेश्वर सिन्हा, तुलसीराम कोचवाय, रविराम नेताम, लीलाराम यादव और नंदलाल ध्रुव सहित कई किसानों ने बताया कि वे सुबह 9 बजे से बैंक में डटे रहे, लेकिन शाम तक राशि नहीं मिल सकी।

83,106 किसानों के खातों में 370 करोड़ से अधिक राशि: राज्य सरकार ने होली से तीन दिन पहले समर्थन मूल्य 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से अंतर राशि का एकमुश्त भुगतान किया। जिले के 83 हजार 106 किसानों के खातों में 370 करोड़ 19 लाख 51 हजार रुपए अंतरित किए गए। यह राशि 28 फरवरी को बिलासपुर जिले के बिल्हा विकासखंड के ग्राम रहंगी में आयोजित प्रदेश स्तरीय कृषक उन्नति योजना आदान सहायता राशि वितरण समारोह में ट्रांसफर की गई। मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से प्रदेशभर के किसानों के खातों में राशि भेजी। जिले के सभी विकासखंड मुख्यालयों में भी किसान सम्मेलन आयोजित किए गए।

बैंक विशेष काउंटर खोले: खातों में राशि पहुंचने से किसानों में शुरुआती उत्साह जरूर दिखा, लेकिन निकासी की समस्या ने त्योहार का रंग फीका कर दिया है। किसानों ने मांग की है कि बैंक प्रबंधन विशेष काउंटर खोले। नकदी की पर्याप्त व्यवस्था करे और निकासी सीमा में अस्थायी राहत दे, ताकि होली का पर्व सच मायनों में खुशियों और रंगों से भर सके।

किसानों को 2.20 करोड़ वितरित किए गए: जिला सहकारी बैंक के प्रबंधक हरिराम ध्रुव ने बताया कि पहले ही दिन बड़ी संख्या में किसान पहुंच गए, जिससे निर्धारित दैनिक लिमिट प्रभावित हुई। बावजूद इसके लिमिट से अधिक भुगतान करते हुए 482 किसानों को 2.20 करोड़ रुपए वितरित किए गए। शेष किसानों को 3 मार्च को राशि दी जाएगी।

न्यूज गैलरी

खाद्य विभाग का एक्शन: 23 लाख की मिलावटी मिठाई जब्त, 87 सैंपल भेजे

रायपुर/नवप्रदेश। होली त्योहार को देखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने शहर में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए मिलावटी मिठाई, पनीर, खोवा और अन्य खाद्य पदार्थों के खिलाफ सघन अभियान चलाया। इस दौरान अलग-अलग इलाकों से करीब 23 लाख रुपए की मिलावटी और संदिग्ध मिठाइयां जब्त की गईं। टीम ने 87 खाद्य सैंपल भी लिए हैं, जिन्हें जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद दोषी दुकानदारों पर खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। टीम ने 62 पैकेट नमकीन, 53 पैकेट रसगुल्ला, 15 पैकेट पान मसाला और अन्य खाद्य सामग्री को अमानक पाए जाने पर जब्त किया। खाद्य विभाग ने साफ किया है कि होली तक यह अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि आम लोगों को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री मिल सके। इन जगहों पर कार्रवाई अभियान के दौरान भाठागांव, टाटीबंध, गुढ़ियारी, पंडरी, जय स्तंभ चौक, सड्डू, टिकरापारा, गोलबाजार सहित कई इलाकों में मिठाई दुकानों, बेकरी, होटल और डेयरी प्रतिष्ठानों की जांच की गई। मिलावटी खोवा, नकली पनीर मिठाइयां, दूषित मसालेज़ खराब मिठाई सामग्री जब्त किया गया है।

31 आत्मानंद स्कूलों में 151 पदों की सरकारी भर्ती गूगल फॉर्म से

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में इन दिनों तेजी से एक गूगल फॉर्म सोशल मीडिया में जारी हो रहा है। यह फॉर्म किसी सर्वे का नहीं,

बल्कि शिक्षा विभाग में संविदा पदों पर भर्ती के लिए है। दरअसल, रायपुर जिले की स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूलों में 151 संविदा पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। जारी विज्ञापन के मुताबिक अभ्यर्थी गूगल फॉर्म लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। हालांकि पंजीकृत डाक से भेजे गए आवेदन भी मान्य होंगे, लेकिन थर्ड पार्टी प्लेटफॉर्म के उपयोग को लेकर डेटा सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं। दरअसल, रायपुर जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूलों में 151 पदों पर भर्ती की जानी है। जिले के 33 में से 31 स्कूलों में विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए कलेक्टर कार्यालय से विज्ञापन जारी किया गया। भर्ती जिले के 33 में से 31 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में 151 पदों पर भर्ती की जानी है। इसमें व्याख्याता, प्रधानपाठक प्राथमिक शाला, शिक्षक, कम्प्यूटर शिक्षक, व्यायाम शिक्षक, सहायक शिक्षक, सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला, ग्रंथपाल, सहायक ग्रेड-3, भृत्य और चौकीदार जैसे पद शामिल हैं।

4 दिन बढ़ेगी गर्मी, 3 डिग्री बढ़ेगा टेम्प्रेचर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मार्च के शुरुआत में ही लोगों के पसीने छूटने लगे हैं। दिन में चुभने वाली गर्मी पड़ रही है। अगले चार दिनों तक गर्मी के तेवर और तीखे होने वाले हैं। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी दर्ज की जा सकती है। इसके बाद अगले दो दिनों तक तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होगा। वहीं, न्यूनतम तापमान अगले सात दिनों तक लगभग स्थिर बना रहेगा। प्रदेशभर में फिलहाल मौसम शुष्क बना हुआ है। बीते 24 घंटों के दौरान सबसे अधिक तापमान राजनांदगांव में 36.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान अंबिकापुर में 13.5 डिग्री सेल्सियस रहा। इस दौरान प्रदेश के किसी भी हिस्से में बारिश नहीं हुई। रायपुर के लिए स्थानीय पूर्वानुमान के अनुसार आज (3 मार्च) को आसमान मुख्य रूप से साफ रहेगा। यहां अधिकतम तापमान करीब 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान लगभग 22 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

रायपुर में जोन आयुक्तों के तबादले

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर में प्रशासनिक व्यवस्था के तहत बड़ा फेरबदल किया गया है। निगम आयुक्त विश्वदीप ने जोन आयुक्तों की नवीन पदस्थापना का आदेश जारी किया है, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। जोन 9 के प्रभारी जोन आयुक्त अंशुल शर्मा को जोन 1 का प्रभारी जोन आयुक्त बनाया गया है। जोन 4 के जोन आयुक्त अरुण ध्रुव को जोन 2 का जोन आयुक्त पदस्थ किया गया है। जोन 1 की प्रभारी जोन आयुक्त दिव्या चंद्रवंशी को जोन 4 का प्रभारी जोन आयुक्त बनाया गया है। जोन 2 के प्रभारी जोन आयुक्त संतोष पांडेय को जोन 7 का प्रभारी जोन आयुक्त बनाया गया है। जोन 7 के जोन आयुक्त राकेश शर्मा को जोन 9 का जोन आयुक्त बनाया गया है। मुख्यालय के प्रभारी उपायुक्त मोनेश्वर शर्मा को जोन 10 का जोन आयुक्त पदस्थ किया गया है। जोन 10 के प्रभारी जोन आयुक्त विवेकानंद दुबे को नगर निगम मुख्यालय में सामान्य प्रशासन विभाग में पदस्थ किया गया है।

मितानिन कार्यकर्ताओं ने एनएचएम एमडी का दफ्तर घेरा, वेतन मिलने पर ही घर जाने की बात

अब कैसे चलेगा घर: दिवाली गुजर गई, अब होली में भी नहीं मिला वेतन

रायपुर/नवप्रदेश। दिवाली-दशहरा गुजर गया। होली आ गई। पांच माह से लगातार आपके दफ्तर के चक्कर काट रहे हैं। वेतन नहीं मिला। बस लेटर ही जारी किया जा रहा है। क्या आपका लेटर बच्चों को दिखाकर उनके पेट भरें। अब त्योहार छोड़कर हम यहां बैठे हैं। अब वेतन का आदेश जारी होगा तब घर जाएंगे।

सोमवार को स्वास्थ्य भवन में नेशनल हेल्थ मिशन के एमडी दफ्तर को घेरकर बैठी महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने एमडी रणबीर शर्मा को जब खरी-खरी सुनाई तो वे लाजवाब हो गए। दोपहर को तल्ख लहजे में जब तक चिल्लाना है चिल्लाओ कहकर अपनी दफ्तर में बैठने वाले एमडी के तेवर शाम को ढीले पड़े।

उन्होंने मंगलवार को वेतन जारी करने का नया आदेश जारी किया। हालांकि सुबह 11 बजे एनएचएम एमडी ने एक और आदेश जारी किया लेकिन उसमें टाइम लिमिट नहीं थी। इसी से मितानिन कार्यक्रम का संचालन करने वाली विकासखण्ड समन्वयक, मितानिन हेल्पडेस्क फैसिलिटेटर, स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक, एरिया कोर्डिनेटर एवं मितानिन प्रशिक्षक (शहरी) का गुस्सा भड़क गया। बस्तर, सरगुजा, गरियाबंद, महासमुंद, दंतेवाड़ा और कवर्धा सहित राज्य के सभी जिलों से कार्यक्रम कोर्डिनेटर सुबह ही नवा रायपुर स्थित स्वास्थ्य भवन पहुंच गए थे। एनएचएम के 17 हजार स्वास्थ्य कर्मियों को भी नहीं मिला 3-3 माह से वेतन नहीं मिला है। रायपुर जिले के कार्यालय प्रभारियों का वेतन ऐन त्योहार के समय अटक गया है।

जवाब नहीं दे सके, कहा- मैं एक माह पहले ही यहां आया हूं

सुबह 11 बजे से ही मितानिन कार्यक्रम में शामिल महिलाएं अपना बोरिया-बिस्तर लेकर नवा रायपुर पहुंच गईं। उन्होंने सीधे एमडी दफ्तर के गेट के सामने धरना दिया। दोपहर होते होते स्वास्थ्य भवन का पूरा गलियारा प्रदर्शनकारियों से भर गया। प्रदर्शनकारियों ने एक भी स्टाफको उनके कक्ष में घुसने नहीं दिया। उनकी नारेबाजी सुनकर एमडी ने पुलिस बुलवा ली। एमडी दोपहर करीब 1 से 1.30 बजे के बीच अपने कक्ष से बाहर आए बात नहीं बनी तो उन्होंने ये कह दिया कि जितना चिल्लाना चिल्लाओ, फिर वे अपने कक्ष में चले गए। उसके बाद प्रदर्शनकारी और भड़क गए। उनके तेवर देखकर वे 4.30 बजे फिर आए। इस बार प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ की अध्यक्ष सरोज सेंगर और प्रवक्ता

सपना चौबे ने उन्हें बताया 5 माह से उन्हें नोडल अफसर डा. अजय कन्नौजे बहिनी-दीदी कहकर बस आश्वासन दे रहे हैं, लेकिन वेतन जारी नहीं कर रहे हैं। एमडी ने फिर उन्हें तकनीकी कारण गिनाया तो उन्होंने साफ कह दिया अभी आदेश जारी होगा, तभी जाएंगे नहीं तो यहीं रहेंगे। अंत में एमडी ने कह दिया मैं तो एक माह पहले ही आया हूं, मुझे ज्यादा तकनीकी जानकारी नहीं है। क्यों अटका है वेतन: राज्य में मितानिन कार्यक्रम का संचालन पहले एक सामाजिक संस्था कर रही थी। करीब डेढ़ साल पहले उसका ठेका निरस्त किया गया। उसके बाद एनएचएम ने संचालन अपने हाथ में दिया। अक्टूबर में फिर सामाजिक संस्था को पूरा कार्यक्रम सौंप दिया गया। हैरानी की बात है कि 75 हजार से ज्यादा मितानिनों के वेतन का भुगतान एनएचएम के माध्यम से हर जिले के सीएमओ कर रहे हैं लेकिन करीब 700 मॉनीटरिंग करने वाले स्टाफकी सैलेरी सामाजिक संस्था को सौंप दी गई है।

चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज का आमसभा बैठक संपन्न

महासमुंद/नवप्रदेश। चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज उपक्षेत्र बेमचा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक अधिवेशन (आमसभा) आयोजित किया गया। रविवार को प्रातः 11 बजे प्राथमिक शाला परिसर, कौन्दकेरा में यह बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राहुल चंद्राकर, अध्यक्ष, चन्द्रनाहू शिक्षण समिति महासमुंद उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में श्रीमती हुलसी जितेंद्र चंद्राकर (जनपद उपाध्यक्ष),

डॉ. श्रीमती रश्मि चंद्राकर (पूर्व अध्यक्ष), डॉ. रामस्वरूप चंद्राकर (पूर्व राज अध्यक्ष), सुधा योगेश्वर चंद्राकर (जनपद सदस्य) की गरिमामयी उपस्थिति रही। उपक्षेत्र बेमचा के 10 गांवों के कुर्मी समाज के पदाधिकारी एवं सामाजिक जन बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समाज के बच्चों ने अपने उत्कृष्ट परिणामों से समाज का नाम रोशन किया है।

बैठक में शिक्षा, सामाजिक एकता, संस्कार, विवाह एवं विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेष रूप से संस्कार की कमी को दूर करने पर जोर दिया गया। स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु उपक्षेत्र में टीम गठित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही, विवाह संबंधी शुद्धता प्रमाण पत्र की अनिवार्यता के नियमों को रद्द करने हेतु राज एवं केंद्र से मांग करने का प्रस्ताव पारित किया गया। समाज को संगठित एवं सशक्त बनाने का सामूहिक संकल्प लिया गया। अंत में उपक्षेत्र बेमचा के अध्यक्ष श्री देवदत्त चंद्राकर जी ने आभार प्रदर्शन किया कुर्मी समाज खरोरा के मिडिया प्रभारी मुकेश चंद्राकर तथा सभी से 7ङ्क8 मार्च को पारागांव में आयोजित रायपुर राज अधिवेशन में शामिल होने की अपील की। जानकारी उपक्षेत्र बेमचा के सचिव हेमेंद्र हेमू चंद्राकर द्वारा दी गई।

किराये के मकान से 24 किलो गांजा बरामद

दो पुलिस वाले समेत चार आरोपी गिरफ्तार, पुलिस महकमे में मचा हड़कंप

जशपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विवेकानंद कॉलोनी स्थित एक किराये के मकान से 24 किलो गांजा जब्त किया है। इस मामले में दो युवकों की गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में ऐसा खुलासा हुआ, जिसने पूरे पुलिस महकमे को हिला कर रख दिया। मामले में तपकरा थाने में पदस्थ दो आरक्षकों की संलिप्तता सामने आने पर उन्हें भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

दरअसल कोतवाली थाना जशपुर पुलिस को सूचना मिली थी कि, विवेकानंद कॉलोनी के एक किराये के घर में गांजा डंप कर रखा गया है। पुलिस टीम ने दबिश देकर मौके से 24 किलो गांजा बरामद किया और दो युवक- सुनील भगत और रवि विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर लिया।

तस्करी में दो आरक्षक भी शामिल: पूछताछ के दौरान आरोपी सुनील भगत ने बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि, गांजा तस्करी के इस नेटवर्क में पुलिस विभाग के दो आरक्षक भी शामिल हैं। जांच में तपकरा थाने में पदस्थ आरक्षक धीरेन्द्र मधुकर और अमित त्रिपाठी का नाम सामने आया।

सबूत मिलने के बाद आरक्षकों को किया गया गिरफ्तार: पुख्ता साक्ष्य मिलने के बाद पुलिस ने दोनों आरक्षकों को भी गिरफ्तार कर लिया। चारों आरोपियों के खिलाफ हृड्डक्क एक्ट की धारा 20बी के तहत अपराध दर्ज किया गया है। सुनील भगत और रवि विश्वकर्मा को पहले ही जेल भेजा जा चुका था, जबकि दोनों आरक्षकों को भी न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। वहीं इस कार्रवाई के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है।

नकली शहद का बड़ा कारोबार फूटा

बिहार से 37 कंटेनरों में शहद भरकर रायपुर पहुंची महिला

रायपुर/नवप्रदेश। होली के दौरान खाद्य पदार्थों की जांच के लिए निकली खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने बस स्टैण्ड में नकली होने के संदेह में शहद जब्त किया है। बिहार की महिला 37 कंटेनरों में शहद भरकर रायपुर पहुंची थी, जिसकी कीमत 2.30 लाख रुपए आंकी गई है। शहद की गुणवत्ता की जांच के लिए सैंपल लिए गए हैं। वहीं त्योहार के मद्देनजर बाजार से मिठाई, खोवा,पेड़ा सहित अन्य खाद्य पदार्थों के 20 से ज्यादा लीगल सैंपल लिए गए हैं। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम को सूचना मिली थी कि एक महिला बस से उतरी है, जिसके पास

काफी मात्रा में कंटेनर है। टीम ने जाकर नूरजहां खातून नामक महिला से पूछताछ की, तो उसने बताया कि वह हजारीबाग की रहने वाली है शहद बेचने यहां आई है। 37 कंटेनरों में करीब साढ़े पांच सौ लीटर शहद देखकर संदेह हुआ।

इस आधार पर 2.30 लाख रुपए कीमती शहद जब्त किया गया है और उसकी गुणवत्ता परखने के लिए सैंपल जांच के लिए भेजा है। अभिहित अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि इसके अलावा त्योहार में बिकने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांचने के लिए बाजार में लगातार जांच की जा रही है और संदेह होने पर मिठाई, खोवा सहित अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता परखने के लिए विधिक नमूने उठाए गए हैं। पिछले सप्ताहभर से की जा रही जांच के दौरान सुपर स्वीटस से लूज पेड़ा, बीकानेर मिठाईवाला से लूज खोवा, शारदा डेयरी एंड फूड प्रोडक्ट से पेड़ा, न्यू जनता स्वीट्स एंड बेकर्स से खोवा, जगदम्बा बीकानेर स्वीट्स से काजू कतली, कृष्णा स्वीट्स से बेसन लड्डू मीठा महल से पिस्ता बिस्किट एवं बेसन लड्डू, न्यू जनता होटल से कलाकंद का विधिक नमूना लिया गया। अभिहित अधिकारी विनोद गुप्ता के नेतृत्व में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी कंचन वर्मा खाद्य सुरक्षा अधिकारी

रंगों का त्योहार : बैकुंठपुर में धूमधाम से मनेगी प्राकृतिक रंगों के संग होली

हरी-लाल भाजी से बने हर्बल गुलाल की भारी डिमांड

बैकुंठपुर/नवप्रदेश। प्रकृति के रंगों से सराबोर इस बार की होली खास बनने जा रही है। रासायनिक रंगों से दूरी और सुरक्षित पर्व की चाह ने लोगों का रुझान हर्बल रंगों की ओर बढ़ा दिया है। यही वजह है कि, कोरिया जिले के बैकुंठपुर में इस बार हरी भाजी और लाल भाजी के रस से तैयार प्राकृतिक रंगों की जबरदस्त मांग देखने को मिल रही है।

आपको बता दें कि, होली की पूर्व संध्या पर बैकुंठपुर का बाजार पूरी तरह रंगों में रंगा नजर आ रहा है। मुख्य बाजारों में रंग, अबीर, गुलाल और पिचकारियों की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों

तक सभी में त्योहार को लेकर खासा उत्साह दिखाई दे रहा है।

हरी भाजी और लाल भाजी के रस से बना रंग: इस बार की खास पहल महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं ने की है। उन्होंने हरी भाजी और लाल भाजी के रस से पूरी तरह प्राकृतिक हर्बल रंग तैयार कर बाजार में उतारे हैं। ये रंग त्वचा के लिए सुरक्षित माने जा रहे हैं और पर्यावरण को भी नुकसान नहीं पहुंचाते। स्थानीय स्तर पर तैयार इन रंगों को लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है।

इस वर्ष हर्बल रंगों की मांग अधिक: दुकानदारों के मुताबिक, पिछले वर्ष की तुलना में इस बार हर्बल रंगों की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। लोग केमिकल युक्त रंगों से बचते हुए प्राकृतिक विकल्पों को प्राथमिकता दे रहे हैं। खासकर अभिभावक अपने बच्चों के लिए सुरक्षित हर्बल रंगों की खरीदारी कर रहे हैं, ताकि आंखों और त्वचा को किसी प्रकार का नुकसान न पहुंचे।

4 मार्च को खेली जाएगी होली: बाजार में लाल, गुलाबी, पीले और हरे रंगों की बहार छाई हुई है। पिचकारी, मुखौटे और होली से जुड़ी सजावटी सामग्री भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इस वर्ष 2 मार्च को होलिका दहन किया गया। 3 मार्च को ग्रहण होने के कारण 4 मार्च को रंगों का पर्व होली खेली जाएगी, जिसे लेकर बाजारों में उत्साह और भी बढ़ गया है। प्रशासन ने भी नागरिकों से शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से होली मनाने की अपील की है।

मंत्री के सामने लड़े भाजपाई, मंच पर जगह पाने के लिए आपस में भिड़े

सूरजपुर/नवप्रदेश। सूरजपुर जिले के धोन्धा में आयोजित कृषि महाविद्यालय भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान असहज स्थिति बन गई। दरअसल, भाजपा के दो पदाधिकारी मंच पर ही आपस में उलझ पड़े। धोन्धा में कृषि महाविद्यालय भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम और प्रतापपुर विधायक शकुंतला पोर्ते मुख्य रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान मंच पर बैठने और स्थान को लेकर भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी अनूप गुप्ता और मंडल अध्यक्ष मुकेश तायल के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com